www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, बुधवार, 23 अप्रैल, 2025 | वर्ष-18 | अंक-17 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

'एक फेज में चुनाव तक नहीं करा पाते' 02
■ भाजपा मुख्यालय तक संविधान बचाओ रैली में...
■ तपती गर्मी में दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में ... 03
■ हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल...
■ पीएम मोदी की यात्रा से भारत-सऊदी अरब... 07
51 डीलरों व 28 सहायक संभागीय परिवहन 09

# पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला

## बैसरन में पर्यटकों के समूह पर अंधाधुंध गोलीबारी में 28 लोगों की मौत की आशंका

- आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली हमले की जिम्मेदारी
- मरने वालों में दो विदेशी, नाम पूछकर की गईं हत्याएं
- सुरक्षा के नहीं थे इंतजाम सेना की वर्दी में आए आतंकी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन में पर्यटकों पर हुए घातक आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार सुबह हुए इस हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है, जिसके बाद अधिकारियों ने स्थिति को संभालने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। कुछ दिन पहले जम्मू के बार्डर से इस ओर घुस कर वाया किश्तवाड़ होते हुए कश्मीर में पहुंचे आतंकियों के एक दल ने मंगलवार को जो कहर बरपाया नतीजतन 28 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो विदेशी नागरिक थे तो बाकी देश के विभिन्न कोनों से आने वाले पर्यटक। आतंकियों ने इन लोगों के नाम पूछ कर और धर्म की पहचान कर उन्हें मौत के घाट उतारा है।



अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार दोपहर बाद को पहलगाम के बैसरन मैदान में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें दो विदेशी नागरिक-एक इटली का और दूसरा इजरायल या नेपाल का सहित कम से कम 28 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। दोपहर के इस हमले में घुड़सवारी और वसंत के नजारों का आनंद ले रहे परिवारों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित पर्यटकों के एक मिश्रित समूह को निशाना बनाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने अधिकारियों को बताया कि सैन्य वर्दी पहने हुए लोग इलाके में घुसे और बिना किसी चेतावनी के गोलीबारी शुरू कर दी। मृतकों में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल और उनकी पत्नी हिमांशी, गुजरात के शालिंदर कल्पिया और कर्नाटक के शिवमोगा जिले के व्यवसायी मंजूनाथ राव शामिल हैं। पर्यटक महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक सहित विभिन्न भारतीय राज्यों से आए थे। मृतकों में दो स्थानीय नागरिक भी शामिल हैं। मृतकों में एक महिला और 27 पुरुष हैं। सूत्रों ने बताया कि इस हमले में एक उच्च पदस्थ अधिकारी के भी मारे जाने की आशंका है। एक महिला ने सुरक्षाकर्मियों को बताया कि हमलावरों ने गोली चलाने से पहले नाम पूछे, जिससे पता चलता है कि उन्हें निशाना बनाया गया था। घटनास्थल से मिले वीडियो में अराजकता की स्थिति को कैद किया गया है, जिसमें शव बेसुध पड़े हैं और हताश परिवार के सदस्य चीख-पुकार और गोलियों के बीच प्रियजनों की तलाश कर रहे हैं। हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली है। अगस्त 2019 के बाद बनाया गया द रेजिस्टेंस फ्रंट को सुरक्षा एजेंसियों द्वारा व्यापक रूप से लश्कर-ए-तैयबा का एक नया रूप माना जाता है, जिसे कश्मीर आतंकवाद को एक स्वदेशी प्रतिरोध आंदोलन के रूप में चित्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है। टीआरएफ के संदेश अक्सर एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं और इसका उद्देश्य पाकिस्तान समर्थित आतंकी अभियानों के खिलाफ वैश्विक जांच और एफएटीएफ प्रतिबंधों से बचना है। घटना को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब से गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए इसे निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण हमला बताया।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। निर्दोष नागरिकों, इस मामले में पर्यटकों पर हमला करना बेहद भयावह और अक्षम्य है : द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति



इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है तथा यह और भी मजबूत होगा। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं : नरेन्द्र मोदी



मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला एक घृणित कार्य है। इस हमले के अपराधी जानवर, अमानवीय और घृणा के पात्र हैं। निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है यह हमला हाल के वर्षों में किसी भी हमले से कहीं बड़ा है : उमर अब्दुल्ला



## सार संक्षेप

### मोदी जेद्दा पहुंचे हुआ भव्य स्वागत



**जेद्दा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए जेद्दा पहुंचे, इस दौरान उनका स्वागत 21 तोपों की सलामी के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री एचआरएच प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ देश की अपनी यात्रा के दौरान भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी नेताओं की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे।

### ईडी मुझे बुलाएगी तो मैं भी जानें को तैयार : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेशनल हेराल्ड और पति रॉबर्ट वाड्रा को मिले ईडी के समन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मेरे पति रॉबर्ट वाड्रा ईडी के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। अगर बुलाया गया तो मैं जाने के लिए तैयार हूं। इस दौरान प्रियंका ने कहा कि वह ईडी से आमंत्रण का इंतजार कर रही हैं और आश्चर्य जताया कि उन्हें अभी तक क्यों नहीं बुलाया गया।

### पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की सुरक्षा घटाई




**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को पूर्व मुख्यमंत्री और आप की नेता आतिशी को प्रदान की गई सुरक्षा को 'जेड' श्रेणी से घटाकर 'वाई' श्रेणी करने का निर्देश दिया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पहले आतिशी को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, जिसमें 22 सुरक्षाकर्मी होते थे, जिनमें चार से छह कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते थे।

### सिविल सेवा परीक्षा में शक्ति दुबे रही टॉप



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा 2024 के फाइनल परीणाम में इस बार भी देश की बेटियों ने बाजी मारी है। टॉप पांच में तीन लड़कियों ने अपनी जगह पक्की की है। इस बार भी पिछले सालों की तरह ही बेटियों की मेहनत, संघर्ष और दृढ़ निश्चय की जो मिसाल देखने को मिली है। यूपीएससी 2024 की ऑल इंडिया टॉपर बनीं शक्ति दुबे प्रयागराज की रहने वाली हैं। साइंस बैकग्राउंड से आने वाली शक्ति ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में बीएससी की और फिर बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया।

### पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार 26 अप्रैल को



**वेटिकन सिटी।** दुनिया भर के कैथोलिक ईसाइयों के धर्म गुरु पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार 26 अप्रैल को किया जाएगा। 'होली सी' ने मंगलवार को आधिकारिक घोषणा की। 'होली सी' कैथोलिक चर्च की केंद्रीय शासी निकाय है।

# वक्फ कानून के खिलाफ दिल्ली में मुस्लिम संगठनों ने दिखाई ताकत

## एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी भी प्रदर्शन में हुए शामिल



- ओवैसी ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना
- मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारी भी पहुंचे

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। नए वक्फ कानून को लेकर रस्साकशी अब भी जारी है। इस कानून के खिलाफ मंगलवार को मुस्लिम संगठनों ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में वक्फ बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से लेकर इंडियन नेशनल लीग के मोहम्मद सुलेमान तक कई मुस्लिम नेताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब यात्रा पर निशाना साधा। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री को क्राउन प्रिंस से पूछना चाहिए कि क्या 'मदीना' वक्फ की जमीन पर बना है। उन्होंने आगे कहा कि पीएम सऊदी के दौरे पर हैं, वहां वे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मिलेंगे और गर्मजोशी से 'या-हबीबी, या-हबीबी' जैसे अभिवादन का आदान-प्रदान करेंगे।

### संविधान के हिसाब से चलाएं देश : रहमानी

स्टेडियम में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए इंडियन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि देश को संविधान के हिसाब से चलाना चाहिए। किसी पार्टी के घोषणापत्र के हिसाब से देश नहीं चलेगा।

# संसद ही सुप्रीम, इससे ऊपर कोई नहीं : धनखड़

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट बनाम संसद के बीच शक्तियों को लेकर बयानबाजी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद को बंद कर देना चाहिए। अब इस मुद्दे को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर टिप्पणी की है। उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में कहा कि संसद सर्वोच्च है और चुने हुए प्रतिनिधि ही 'असली मालिक' हैं। संवैधानिक पद पर बैठे हर व्यक्ति का प्रत्येक शब्द देश के हित में होता है। उपराष्ट्रपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संसद सबसे ऊपर है। संविधान की प्रस्तावना में ही इसका सार है। संविधान कहता है हम, भारत के लोग। इसका मतलब है कि सबसे बड़ी शक्ति लोगों के पास है। कोई भी भारत के लोगों से ऊपर नहीं है।

### लोग प्रतिनिधियों को ही ठहराते हैं जवाबदेह

जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि भारत के लोगों ने संविधान के तहत अपने प्रतिनिधियों को चुना है। यह प्रतिनिधि ही लोगों की इच्छा और आकांक्षाओं को व्यक्त करते हैं। लोग चुनावों के दौरान इन प्रतिनिधियों को जवाबदेह ठहराते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि ही संविधान के असली मालिक हैं। वे ही तय करते हैं कि संविधान में क्या लिखा जाएगा।

धनखड़ ने जोर देकर कहा कि संविधान में संसद से ऊपर कोई नहीं है। संसद उतनी ही सर्वोच्च है, जितना कि देश का हर व्यक्ति। हम, भारत के लोग में हर व्यक्ति लोकतंत्र का एक परमाणु है। इस परमाणु में शक्ति है। यह शक्ति चुनावों में दिखती है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक देश हैं। विपक्ष ने उपराष्ट्रपति के इस बयान की आलोचना करते हुए उन्हें एक बार फिर संविधान सभा की बहसों को देखने की सलाह दी है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और राज्यसभा सांसद ने कहा कि उपराष्ट्रपति एक सम्मानित संवैधानिक पद पर हैं। संविधान में न्यायपालिका और विधायिका के बीच संतुलन की बात की गई है। संविधान ही हमारा सबसे बड़ा मार्गदर्शक है।



- निशिकांत दुबे विवाद के बीच उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान
- विपक्ष ने की उपराष्ट्रपति की आलोचना

### कपिल सिब्बल ने जताई असहमति



राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने भी धनखड़ से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ भी कहा है, वह देश के संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है। यह राष्ट्रीय हित में है। सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संसद के पास कानून बनाने की पूरी शक्ति है। सुप्रीम कोर्ट का कर्तव्य है कि वह संविधान की व्याख्या करे और पूरी तरह से न्याय करे।

# महाराष्ट्र में अब हिंदी नहीं होगी अनिवार्य भाषा



- राज्य सरकार ने 6 दिन बाद बदला फैसला
- विद्यार्थी खुद चुन सकेंगे तीसरी भाषा

**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में स्कूली पढ़ाई के लिए अब हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी। राज्य सरकार ने हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने कहा कि मराठी अनिवार्य होगी, अंग्रेजी दूसरी भाषा और तीसरी भाषा ऑप्शनल यानी वैकल्पिक होगी। इससे पहले रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि स्टूडेंट्स तीसरी भाषा अपने मन से चुन सकेंगे। हिंदी अनिवार्य नहीं होगी। बता दें फैसला वापस लेने से 6 दिन पहले यानी बुधवार को ही महाराष्ट्र में 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी अनिवार्य की गई थी। यह फैसला राज्य के सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर लागू किया गया था। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के नए करिकुलम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में इन क्लासेज के लिए तीन भाषा की पॉलिसी लागू की गई थी। राज्य के स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने बुधवार को ये घोषणा की थी। करिकुलम के नए फ्रेमवर्क के अनुसार, महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की टेक्स्ट बुक्स एनसीईआरटी के करिकुलम पर आधारित होंगी। हालांकि, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस की बुक्स में महाराष्ट्र का लोकल कॉन्टैक्स्ट जोड़ा जाएगा।

### महाराष्ट्र में 5+3+3+4 मॉडल लागू करने का प्लान

वहीं, महाराष्ट्र में एनईपी का रिकमेंड किया गया 5+3+3+4 मॉडल फेज-वाइज पहले की गई घोषणा के मुताबिक ही लागू किया जाएगा। इस नए स्ट्रक्चर के पहले फेज को नए एकेडमिक ईयर यानी 2025-26 से पहली क्लास के लिए लागू किया जाएगा। थ्री लैंग्वेज पॉलिसी भी फेज-वाइज ही लागू की जाएगी। आने वाले एकेडमिक ईयर से राज्य के पहली क्लास के स्टूडेंट्स तीन भाषाएं पढ़ेंगे।

# गुजरात के अमरेली में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त

**अहमदाबाद,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के अमरेली में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में कुल दो लोग मौजूद थे। विमान उड़ा रहे पायलट की दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक निजी विमानन अकादमी का प्रशिक्षण विमान मंगलवार दोपहर गुजरात के अमरेली जिले के एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। हादसे में एक प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई। बताया गया कि विमान एक पेड़ से टकराकर जमीन पर जा गिरा।



- हादसे में एक प्रशिक्षु पायलट की मौत
- पेड़ से टकराकर जमीन पर जा गिरा विमान

### विमान ने अमरेली हवाई अड्डे से भरी थी उड़ान

अमरेली के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पायलट अकेले उड़ान भर रहा था। विमान ने अमरेली हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। खराट ने बताया कि शास्त्री नगर इलाके के पास दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमान में आग लग गई और वह लपटों में घिर गया।

बाबा रामदेव को हाईकोर्ट से फिर फटकार, कहा

# अपने विचार अपने तक रखें



- रुह अफजा पर रामदेव के बयान से जुड़ा मामला

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव को फार्मास्युटिकल और खाद्य कंपनी हमदर्द और उसके लोकप्रिय पेय रूह अफजा को निशाना बनाने के लिए सांप्रदायिक अपशब्दों का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई।


हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया ने पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खिलाफ रामदेव के बयान को लेकर याचिका दाखिल की थी। इस मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह बयान अंतरआत्मा को झकझोरने वाला है। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि यह बयान माफी के लायक नहीं है।

**मौसम** *देश में भीषण गर्मी को लेकर मौसम विभाग की चेतावनी*

# दस राज्यों में अगले पांच दिनों तक तेज गर्मी के साथ लू का अलर्ट

**नई दिल्ली,22 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत के ज्यादातर इलाकों को अभी भीषण गर्मी और लू से राहत नहीं मिलने वाली है। पंजाब और हरियाणा से लेकर बंगाल और ओडिशा तक अगले चार से पांच दिन भीषण गर्मी के साथ ही तेज लू चलने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमोत्तर से पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर आंधी-तूफान और भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है।**

कुछ जगहों पर तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक की भी वृद्धि दर्ज की जा सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 25, 26 अप्रैल तक मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में लू चलेगी। 22-25 अप्रैल के दौरान हरियाणा और ओडिशा में और 22-26 के दौरान पंजाब में तीव्र गर्म हवाएं चलने की संभावना है। 23 से 26 अप्रैल के दौरान पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाके और पश्चिमी राजस्थान में लू चल सकती है।



### पश्चिम से पूर्वोत्तर तक तूफान-बारिश के साथ गिरेंगे ओले

वहीं, 25 और 26 अप्रैल को बिहार और झारखंड में गर्मी का तीव्र प्रकोप देखा जा सकता है। आईएमडी के मुताबिक, 25 अप्रैल तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में मौसम गर्म और आर्द्र रह सकता है। 24 अप्रैल तक मराठवाड़ा, बिहार, झारखंड में भी प्रचंड गर्मी पड़ेगी और उमस बनी रहेगी। 22 और 23 अप्रैल को कोंकण और गोवा में भी गर्म और आर्द्र मौसम रहने की संभावना है।

### इन राज्यों में चढ़ेगा पारा

अगले छह दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है। अगले 3 दिनों के दौरान मध्य भारत और गुजरात में अधिकतम तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। वहीं, मध्य भारत अगले 24 घंटे के बाद 6 दिनों के दौरान पारा 2-3 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ सकता है। पूर्वी भारत में भी अधिकतम तापमान 4-6 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है।

# देश

**उवाच** “ यह कानून गरीब और कमजोर मुस्लिमों के हित में है, जो वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग से प्रभावित होते हैं। निरुपम ने बताया कि वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार रोकने के लिए यह कानून लाया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दल वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर मुस्लिम समुदाय को भड़का रहे हैं: **संजय निरुपम, शिवसेना नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.9 | 20.9 |
| मुंबई | 34.9 | 23.5 |
| कोलकाता | 37.4 | 29.0 |
| चेन्नई | 36.1 | 26.8 |

### सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर बोला हमला, कहा

# नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा का ध्यान भटकाने का प्रयास

**रायपुर,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला भारतीय जनता पार्टी की ओर से ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ने का एक प्रयास है।

सुश्री श्रीनेत ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का काम देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना। अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाना। स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और देश की विरासत का अपमान करना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक गुजरात अधिवेशन से बौखलाए मोदी-शाह की जोड़ी ने फिर से कांग्रेस पार्टी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)- अपनी पसंदीदा आपराधिक वसूली मशीन- को छोड़ दिया है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा दायर तथाकथित आरोप पत्र कुछ और नहीं बल्कि विशुद्ध राजनीतिक षड़यंत्र है। गांधी परिवार का हर सदस्य- चाहे वह राजनीति में हो या नहीं-भाजपा द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि विडंबना यह है कि पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे है, जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है। जब पैसा ही नहीं है, तो लॉन्ड्रिंग कहां है? यह एक षड़यंत्रकारी राजनीतिक ठगी है। मोदी सरकार ने ईडी को अपना 'चुनाव विभाग' बना लिया है और बेशर्मी से और बार-बार प्रतिशोध के लिए इसका दुरुपयोग कर रही है। ईडी के मामलों में सजा की दर सिर्फ एक प्रतिशत है। इसके अलावा, ईडी ने जो राजनीतिक मामले दर्ज किए है, उनमें से 98 प्रतिश तमामले सत्ताधारी पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ है।



श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के परिवार के खिलाफ मनगढ़ंत मामलों की जा रही साजिश सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से कम नहीं है। फर्जी और झूठे मामलों के माध्यम से नेतृत्व और उनके परिवारों को निशाना बनाकर, भाजपा सरकार कांग्रेस पार्टी को दबाने की पूरी कोशिश कर रही है - एकमात्र ताकत जो लगातार लोगों के साथ और इस देश की आत्मा के लिए खड़ी रही है। यह बदले की राजनीति का सबसे बुरा रूप है। सुश्री श्रीनेत ने कहा कि 1937 में पुरूषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव और रफी अहमद किदवई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता संग्राम की मुख्य आवाज के रूप में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरुआत की, जिसके हिंदी और उर्दू संस्करण नवजीवन और कौमी आवाज शीर्षक से प्रकाशित हुए।

**पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे है, जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है: सुप्रिया श्रीनेत, राष्ट्रीय नेता कांग्रेस**

### अहमदाबाद में कांग्रेस के अधिवेशन से घबराई सरकार, नेशनल हेराल्ड केस में लगाए जा रहे झूठे आरोप : उदित राज

**देहरादून।** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता उदित राज ने नेशनल हेराल्ड मामले में पार्टी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। हाल में अहमदाबाद में हुए कांग्रेस के अधिवेशन से सरकार घबरा गई है। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा, 'नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोप झूठे हैं। साल 1936 में पंडित नेहरू ने एजीएल कंपनी बनाई, जिसमें पुरुषोत्तम दास टंडन समेत कई नेता जुड़े रहे। यह अखबार अंग्रेजों के खिलाफ निकाला गया था, लेकिन अंग्रेजों ने इसे बंद करा दिया था। आज अंग्रेजों के पिट्ठू (आरएसएस-भाजपा) हम पर गबन का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, 'घाटा होने पर कांग्रेस ने 90 करोड़ रुपये का लोन लिया था, जिसे न चुकाने की स्थिति में शेयर जारी किया, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कई नेताओं के नाम शामिल थे।

# महाराष्ट्र चुनाव पर राहुल गांधी के सवालों का गणित के हिसाब से भी कोई तुक नहीं बनता : आयोग

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां) महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के विदेशी धरती से उठाए गए सवालों के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने खारिज किया और कहा कि सामान्य गणित और स्थापित प्रक्रियाओं के हिसाब से वहां हुए मतदान की रफ्तार और मतदाता-सूची की शुद्धता को लेकर विपक्ष के नेता के सवालों का कोई तुक नहीं बनता। आयोग के एक अधिकारी ने आपना नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि 20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव में सुबह से साम तक प्रति घंटे मतदान की जो औसत रफ्तार देखी गयी उसके हिसाब से दो घंटे में एक करोड़ 16 लाख मतदाताओं ने वोट डाले होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव से पहले मतदाता सूचियों का संशोधित मसौदा कांग्रेस पार्टी सहित सभी दलों को दिया गया था और इतने बड़े राज्य में नौ करोड़ से अधिक नामों की सूची को लेकर उंगली पर गिनने भर की कुछ गिनी चुनी आपत्तियां ही आयी थी जिनका परिमार्जन कर दिया गया था।





■ **राहुल गांधी के विदेशी धरती से उठाए गए सवालों को आयोग के सूत्रों ने खारिज किया**

उल्लेखनीय है कि श्री गांधी ने रविवार को बोस्टन में एक कार्यक्रम में कहा था, 'महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में चुनाव आयोग ने कुछ समझौता कर लिया था' और ' सिस्टम में कुछ गड़बड़ी थी।' उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग ने शाम 5:30 पर मतदान का आंकड़ा दिया था और उसके बाद आयोग के अनुसार 7:30 तक 65 लाख लोगोंने वोट डाले। कांग्रेस नेता ने इसे असंभव बताया था। उनका गणित है कि हर मतदान में तीन मिनट का समय लगता है और इस हिसाब से वहां उस दिन मतदान केंद्रों पर रात दो बजे तक भी मतदान करने वालों की कतार समाप्त नहीं होती।

**20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव में सुबह से शाम तक प्रति घंटे मतदान की जो औसत रफ्तार देखी गई उसके हिसाब से दो घंटे में एक करोड़ 16 लाख मतदाताओं ने वोट डाले होंगे : आयोग सूत्र**

### कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' 28 अप्रैल को ग्वालियर में

भोपाल, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया है कि राज्य में कांग्रेस 28 अप्रैल को ग्वालियर में विशाल रैली का आयोजन करने जा रही है। राजधानी भोपाल में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी एवं राजनीतिक मामलों की बैठक के बाद उमंग सिंघार ने कहा कि देश में संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का हनन किया जा रहा है। किसान, मजदूर, गरीब, युवा परेशान हैं। इनके हक के लिए कांग्रेस लड़ने को तैयार है। इसी क्रम में 28 अप्रैल को ग्वालियर में एक विशाल रैली होने जा रही है। बताया गया है कि मंगलवार को हुई बैठक में कांग्रेस संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने, एवं आगामी आंदोलनों एवं अभियानों को लेकर रणनीतिक चर्चा की गई।

## सार संक्षेप

### ममता बनर्जी मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की कि वह मुर्शिदाबाद की हालात का आकलन करने के लिए मई के पहले सप्ताह में वहां का दौरा करेंगी। मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुए दंगों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा, 'हिंसा दो वार्डों में हुई और कुछ स्थानीय व्यक्तियों के समर्थन से कुछ बाहरी लोगों द्वारा भड़काई गई। हम जिम्मेदार लोगों की पहचान करेंगे और उन्हें बेनकाब करेंगे।' पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गोलतोर में 125 मेगावाट के सौर फोटोवोल्टिक संयंत्र का उद्घाटन करने के लिए आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने हिंसा में जान गंवाने वालों के परिवारों के लिए 10 लाख रुपये मंजूर किए हैं। राज्य सरकार उनके बच्चों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी भी लेगी। मैं मामले को सुलझाने के लिए मई की शुरुआत में व्यक्तिगत रूप से इलाके का दौरा करूंगी।

### कांग्रेस और राजद परिवार की पार्टी : नित्यानंद राय

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और भाजपा के नेता नित्यानंद राय ने परिवारवाद को लेकर राजद और कांग्रेस को घेरा। उन्होंने दोनों दलों को परिवार की पार्टी बताया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां सत्ता के लिए ही काम करती हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सत्ता के लिए भाजपा और जेडीयू के गठबंधन बनाए जाने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद परिवारवाद की पार्टी हैं। इन दोनों पार्टियों का इतिहास ही रहा है कि ये कुर्सी और सत्ता के लिए ही सारा काम करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस का इतिहास उठाकर देखिए। इनका इतिहास ही भ्रष्टाचार करना और अपराधियों को संरक्षण देना है।

### 'वक्फ' कानून पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने की मुसलमानों से चर्चा

**मुंबई।** वक्फ कानून को लेकर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मुंबई में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान उन्हें वक्फ कानून के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे यह कानून देश के गरीब मुसलमानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। मुंबई में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'आज मुंबई में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत आम जन से मुलाकात कर संबोधित किया।

# राजनाथ सिंह, खड़गे समेत तमाम नेताओं ने की पहलगाम हमले की निंदा

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में एक पर्यटक की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में नौ पर्यटक और तीन स्थानीय लोग शामिल हैं।

यह हमला पहलगाम के बैसरन इलाके में हुआ, जहां आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह को निशाना बनाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेताओं ने इस हमले की निंदा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हमले की निंदा करते हुए एक्स पोस्ट पर लिखा, 'जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह हमला कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।'



**'जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह हमला कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं : राजनाथ सिंह**

#### आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट पर लिखा, 'मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। पूरा देश सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। ये कायराना तरीके से किए गए हमले मानवता पर एक धब्बा हैं। समाचार रिपोर्टों से पता चलता है कि कई अनमोल जानें चली गई हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से, पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और हम भारत सरकार से इसे सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह करते हैं।'



#### आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने की घटना दिल दहलाने वाली : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की ख़बर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए, ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं और निर्दोष भारतीय यूं अपनी जान न गंवाएं।'

#### पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला शर्मनाक कृत्य : प्रियंका

वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक कृत्य है। निहत्थे-निर्दोष आम नागरिकों को निशाना बनाना मानवता के खिलाफ अपराध है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और कड़े स्वर में इसकी निंदा करता है। खबरों के मुताबिक, इस हमले में कई पर्यटक हताहत हुए हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।'

#### पहलगाम में हुए कायराना हमले निंदनीय : सज्जाद लोन

जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पहलगाम में हुए कायराना हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं। दशकों से हम एक बेहतरीन मेजबान के रूप में जाने जाते हैं। हमारे यहां मेहमाननवाजी का इतिहास रहा है। कुछ कायर आतंकवादी इसे पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं। पर्यटन उद्योग को नुकसान हुआ है। पर्यटन से जुड़े लोगों ने लंबे समय के बाद अपनी जिंदगी फिर से शुरू की है। उन्होंने सपने देखना शुरू किया था, लेकिन बदसूरत खलनायक सब कुछ चकनाचूर करने के लिए मौजूद हैं। कोई गलती न करें।' उन्होंने एक्स पोस्ट पर आगे लिखा, 'इन आतंकी हमलों का उद्देश्य एक बार फिर हमें आर्थिक रूप से कमजोर करना है। जो लोग ऐसा करते हैं, वे कश्मीरियों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। वे हमारे मेहमाननवाजी के इतिहास को कलंकित करते हैं, हमारे गौरवशाली अतीत को कलंकित करते हैं। वे हमारे वर्तमान पर अभिशाप हैं। वे हमारी युवा पीढ़ी के बच्चों के दुश्मन हैं। हमें एकजुट होकर यह संदेश देना होगा कि आतंक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### धनखड़ के लिए व्यक्ति विशेष सर्वोपरि लेकिन हमारे लिए संविधान : दानिश अली

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुँवर दानिश अली ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की टिप्पणी पर तीखी आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि उनके लिए व्यक्ति विशेष सबसे ऊपर हो सकता है लेकिन हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है। पूर्व संसद ने 'एक्स' पर कहा 'उपराष्ट्रपति धनखड़ जी के लिए व्यक्ति विशेष सबसे ऊपर हो सकता है लेकिन हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है। संसद या कार्यपालिका की आड़ में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर एक व्यक्ति विशेष को सर्वशक्तिमान बनाने की जो मुहिम चलाई जा रही है इसे देश माफ नहीं करेगा।' उन्होंने कहा, 'संविधान जनता का है, न कि सत्ता में बैठे किसी 'चुने हुए राजा' का। जनप्रतिनिधि जनता के सेवक होते हैं, मालिक नहीं। अब जब न्यायपालिका आंख में आंख डालकर सच दिखा रही है, तो इन 'मालिकों' को संविधान ही बोझ लगने लगा है। देश जानता है इन हुक्मबरदारों को नियुक्त करने वाला 'मास्टर' कौन है।' उल्लेखनीय है कि उप राष्ट्रपति ने संवैधानिक पदों को अलंकरण बताने की धारणा को गलत करार देते हुए आज कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी संस्थान की परिकल्पना नहीं है।



### अखिलेश यादव का भाजपा पर तंज

# 'एक फेज में चुनाव तक नहीं करा पाते'

**लखनऊ,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' और ईवीएम समेत तमाम मुद्दों को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा, 'पहले भी बहुत सारे राजनीतिक दल, संस्थाएं, बुद्धिजीवी, प्रोफेसर, इंजीनियर, वैज्ञानिक समय-समय पर इस बात को उठा चुके हैं कि उन्हें ईवीएम पर अब भरोसा नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो बात कही, उसके बाद लोगों का ईवीएम से और भी भरोसा उठ गया। हम लोग रोजाना देखते हैं कि एटीएम से पैसा निकाल लिया जाता है, साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं। कोई ऑनलाइन कस्टम, इनकम टैक्स, सीबीआई का फर्जी अफसर बन गया और पैसे लूट लिए। इसके बाद पता नहीं चलता कि पैसा कहां गया। साइबर क्राइम में यूपी नंबर वन है। अगर एक बार पैसा चला जाता है, तो सरकार उसे ढूंढ नहीं पाती है। आए दिन मोबाइल हैक होने की खबर आती है। ऐसे में ईवीएम तो छोटी सी इलेक्ट्रॉनिक मशीन है। अगर ईवीएम पर किसी को भरोसा नहीं है तो बैलेट से वोट करना सबसे अच्छा ऑप्शन है।'



उन्होंने कहा, 'जो 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की बात कर रहे हैं, वो एक फेज में चुनाव नहीं करा पा रहे हैं। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' वाले यूपी का वन फेज में इलेक्शन करके दिखाएं।'

■ **अखिलेश यादव ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' और ईवीएम समेत तमाम मुद्दों को लेकर केंद्र व भाजपा पर निशाना साधा**

#### निशिकांत दुबे भाजपा के सबसे खास सांसद हैं : यादव

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के हालिया बयान पर उन्होंने कहा, 'वो भाजपा के सबसे खास सांसद हैं। जो बात भाजपा नहीं बोल पाती है, वो समय-समय पर अपने सांसदों से बुलवाती है।' पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'मुर्शिदाबाद में बहुत सारे लोगों पर कार्रवाई हुई है। 100 से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं। हिंसा को लेकर जांच चल रही है। भाजपा वहां पर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

# तेजस्वी ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा

**पटना,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को एक बार फिर घेरा है। उन्होंने बिहार में मोदी-नीतीश का महाजंगलराज बताते हुए हाल की घटनाओं का भी जिक्र किया है। इधर, भाजपा और जदयू ने भी पलटवार करने में देरी नहीं की। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर बिहार में आपराधिक घटनाओं की लिस्ट जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यहां हर मिनट में आपराधिक वारदात हो रही है। तेजस्वी यादव ने अपने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'बिहार में मोदी-नीतीश का महाजंगलराज। बेगूसराय में दो युवकों की हत्या, सुपौल में एक व्यक्ति की हत्या, नालंदा में सुखदेव ठाकुर की गोली मारकर हत्या, मुंगेर में 16 वर्षीय युवक को गोली मारी, पटना में जदयू नेत्री सोनी निषाद को गोली मारी, नालंदा में दो महिलाओं की हत्या, पटना में बस ड्राइवर की गोली मारकर हत्या।' उन्होंने आगे लिखा कि कितनी हत्याओं की जानकारी दें, यहां हर मिनट में आपराधिक वारदात हो रही है। बिहार में विधि व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। पुलिस शराबबंदी के नाम पर उगाही में लीन है।



**बिहार में मोदी-नीतीश का महाजंगलराज कायम**


## संदेश

### अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष डूडल जारी किया

# गूगल ने अर्थ डे पर डूडल में जलवायु परिवर्तन का दिखाया संकट

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। गूगल ने 22 अप्रैल 2025 को अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष डूडल जारी किया है, जो जलवायु परिवर्तन के गंभीर संकट पर केंद्रित है। इस डूडल का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश देना है।**

डूडल में स्पष्ट किया गया है कि हमारी पृथ्वी खतरे में है। जलवायु परिवर्तन के कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके कारण भयंकर तूफान, बाढ़ और सूखे जैसी आपदाएं सामने आ रही हैं। अर्थ डे दुनिया को याद दिलाता है कि पृथ्वी की रक्षा करना प्रत्येक इंसान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।



डूडल में पृथ्वी के विभिन्न हिस्सों की सुंदरता और विविधता को दिखाया गया है। गूगल का यह डूडल लोगों को पृथ्वी को बचाने के लिए प्रेरित करता है और दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जैसे कि जहां संभव हो वहां निजी वाहन की बजाय साइकिल या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना, घर और कार्यालय में सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय विकल्पों को तवज्जो देना ,पेड़ लगाने वाली संस्थाओं को सहयोग देना या वृक्षारोपण करना और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी पुस्तकें पढ़ना और लेखों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने समेत कई कदम उठाये जा सकते हैं।

■ **प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनानी चाहिए**

■ **ऊर्जा की बचत करना, पानी का संरक्षण करना, और कूड़ा-कचरा प्रबंधन करना चाहिए**

प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनानी चाहिए, जैसे कि ऊर्जा की बचत करना, पानी का संरक्षण करना, और कूड़ा-कचरा प्रबंधन करना। पृथ्वी को बचाने की दिशा में कारगर कदम उठाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

उल्टा पुल्टा

कल एक पत्नी ने अपने पति को ये कहकर चुप करा दिया... कि ज्यादा होशियार मत बनो...जितना दिमाग तुम्हारे पास है उतना तो मेरा हमेशा खराब रहता है...।



कांग्रेस की 'संगठन सृजन अभियान' के तहत बैठक आयोजित

# भाजपा मुख्यालय तक संविधान बचाओ रैली में पैदल मार्च करेगी कांग्रेस

■ संगठन मजबूती के लिए लोकसभा व जिला ऑब्जर्वरों को प्रथम चरण टास्क की जिम्मेदारी सौंपी




लोकसभा ऑब्जर्वर प्रत्येक विधानसभा के तहत आने वाले सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिलकर जिला एवं ब्लाक के कार्य की समीक्षा करके क्षेत्र में पार्टी की राजनीतिक स्थिति का आंकलन करेंगे : देवेंद्र यादव, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के फ्लैगशिप कार्यक्रम 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदेश कार्यकारिणी और लोकसभा एवं जिला पर्यवेक्षकों की अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में संगठन को जिला, ब्लॉक, बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। साथ ही भविष्य की कार्य योजनाओं को कैसे क्रियान्वित करके उन्हें प्रभावी बनाना है इस पर जोर दिया गया। बैठक में संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिए गए 40 दिन के कार्यक्रम पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जिसके तहत संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत 25 अप्रैल को भाजपा मुख्यालय तक संविधान बचाओ रैली पैदल मार्च भी निकाला जाएगा।

बैठकों में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के साथ दिल्ली कांग्रेस प्रभारी काजी निजामुद्दीन, सह-प्रभारी दानिश अबरार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ, संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ, डॉ. नरेन्द्र नाथ, मंगतराम सिंघल, मनीष चतरथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, एआईसीसी के सचिव मनोज यादव और सुशांत मिश्रा मौजूद थे। बैठकों प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यगण सहित लोकसभा एवं जिला पर्यवेक्षक, जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में देवेंद्र यादव ने संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन मजबूती के लिए लोकसभा और जिला ऑब्जर्वरों को प्रथम चरण टास्क की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि लोकसभा ऑब्जर्वर प्रत्येक विधानसभा के तहत आने वाले सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिलकर जिला एवं ब्लाक के कार्य की समीक्षा करके क्षेत्र में पार्टी की राजनीतिक स्थिति का आंकलन करेंगे। इस दौरान वह महसूस करें कि जिला एवं ब्लाक में बदलाव की जरूरत है तो स्पष्टीकरण के साथ अपनी कार्यवाही की रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय में जमा कराएं। यादव द्वारा जिला आर्ब्जवर जिला में संगठन को बूथ स्तर तक की कमेटी बनाने एवं सुचारू रूप से पार्टी के कार्यक्रमों को लागू कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# तपती गर्मी में दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में लगे घंटों लंबे पावरकट : आतिशी

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली में तपती गर्मी में लग रहे लंबे पावरकट पर नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्लीवालों का मजाक बनाने के बजाय पावरकट की समस्या का समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती से दिल्लीवाले परेशान है। 40 डिग्री की तपती गर्मी में दिल्ली के अलग अलग हिस्सों में रात में घंटों लंबे पावरकट लगे है। उन्होंने कहा कि, सीएम रेखा गुप्ता कहना है-दिल्ली में कहीं पॉवरकट नहीं हुए, लोग खुद अपनी लाइटें बंद करके कैंडल लाइट डिनर कर रहे है।

नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सवाल पूछते हुए कहा कि, रेखा जी क्या सोशल मीडिया पर सभी दिल्लीवाले झूठ बोल रहे है? क्या सभी ने कैंडल लाइट डिनर करने के लिए अपने घरों में लाइट बंद कर मोमबत्ती जला ली है? उन्होंने कहा कि, रेखा गुप्ता जी दिल्लीवालों का मज़ाक न उड़ाएं लोग बहुत परेशान है, उनकी पावरकट की समस्या का समाधान करें।

नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि, कल दिल्ली में 40 डिग्री सेल्सियस तापमान था। बहुत ज़्यादा गर्मी थी। रात के समय भी तापमान बहुत ज़्यादा था। इतनी गर्मी में यदि बिजली चली जाए तो बहुत मुश्किलें होती है बावजूद इसके कल दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों के लंबे-लंबे पावरकट हुए। लेकिन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहती है कि



रेखा गुप्ता जी दिल्लीवालों का मजाक न उड़ाएं लोग बहुत परेशान है, उनकी पावरकट की समस्या का समाधान करें : आतिशी

दिल्ली में कहीं पॉवरकट नहीं हुए। लोग खुद अपनी लाइटें बंद करके कैंडल लाइट डिनर कर रहे है।

नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा कि कल दिल्ली में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया। इस तपती गर्मी में भी रात के समय कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। लेकिन मुख्यमंत्री रेखा जी कहती हैं—दिल्ली में कोई पावरकट नहीं लग रहे, लोग तो खुद मोमबत्ती जलाकर, कैंडल लाइट डिनर कर रहे हैं। रेखा गुप्ता आप दिल्ली की मुख्यमंत्री है। ऐसे दिल्लीवालों का मज़ाक मत उड़ाइये। लोग बहुत परेशान है, उनकी पावरकट की समस्या का समाधान कीजिए। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि सोशल मीडिया पर जाकर देखिए। रोज़ सुबह मेरे व्हाट्सएप पर, इनबॉक्स में पॉवर कट की शिकायत कर रहे लोगों के मेसेज आए होते है।

उन्होंने साझा किया कि कल रात 11:05 बजे पर भजनपुरा के एक व्यक्ति शिकायत कर रहे है कि, आधे घंटे से ज़्यादा पावरकट हुआ। रात 12:44 बजे संगम विहार सी-ब्लॉक के लोग शिकायत कर रहे है कि वहाँ पर भी बिजली नहीं है। 1:51 बजे कमला नगर में रहने वाले कह रहे है कि एक घंटे से ज़्यादा से पॉवरकट है। 1:52 बजे जीवन पार्क, उत्तम नगर वाले बता रहे है कि, उनके यहां भी एक घंटे से ज़्यादा पावरकट हुआ। 1:53 बजे सेक्टर 2 द्वारका के निवासी बता रहे है कि, उनके यहां 2 घंटे से ज़्यादा बिजली गई हुई है। 4:16 बजे सोनिया विहार के निवासी बता रहे है कि कई घंटों से बिजली गई हुई है और लगातार रोज रोज बिजली जा रही है। 4:26 बजे भोगल में रहने वाले कह रहे है कि, 1 घंटे से ज़्यादा से बिजली गई हुई है, रात को 3:30 बजे से बिजली गई हुई है। भोगल में रहने वाले एक और व्यक्ति कह रहे है कि मैं तो भाजपा का कट्टर समर्थक हूं फिर भी बिजली जा रही है। एक और व्यक्ति बता रहे है कि उनके एरिया में 5-5 घंटे बिजली जा रही है। कोटला मुबारकपुर में रहने वाले बता रहे है कि लगातार उनके यहां वोल्टेज फ्लैक्चुएट हो रहा है।

## सार संक्षेप

### मैटर ने एरा मोटरबाइक लांच की

**नई दिल्ली।** भारत की टेक इनोवेशन मैटर कंपनी ने अपनी महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रिक मोटरबाइक एरा को भारत के इनोवेशन कैपिटल बैंगलोर में आधिकारिक रूप से लॉन्च किया है। इसी के साथ मैटर के पहले पश्वास्टार मैन्युफैक्चररंग हब का भी उद्घाटन किया गया। यह सिद्धांत है कि भारत में आने वाले समय की गतिशीलता को बेहतर बनाया जाए और अपने बाजार को विकसित करने के लिए पूरी तरह से तैयार किया जाए। मैटर एरा 1.88 लाख रुपए की कीमत-राजी मंदिर शोरूम की कीमत पर उपलबध है। सीमित समय के लिए ऑफर के तहत कंपनी के पहले 500 राइडर्स को 1.79 लाख रुपए की विशेष शुरुआती कीमत में एरा लेने का मौका मिलेगा। साथ ही उन्हें 15,000 रुपए की लाइफटाइम बैटरी रेजिस्टेंस भी मुफ्त मिलेगी।

### महानगरीय शहरों में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए हुंडई की पहल

**नई दिल्ली।** हुंडई द्वारा इकोग्राम महानगरीय शहरों में अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी चिंताओं के लिए एचएमआईएफ का स्थायी उत्तर है। यह इकाई बायोगैस संयंत्र और मटेरियल रिकवरी सुविधा के रूप में एक पर्यावरण-अनुकूल पहल है, जो काफी मात्रा में कचरे को लैंडफिल में जाने से बचाती है। अक्टूबर 2022 से चालू, यह सुविधा सर्कुलर इकोनॉमी प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कचरे को रीसाइकिल करती है। गुरुग्राम नगर निगम के सहयोग से, आरडब्ल्यूए, कॉर्पोरेट कार्यालयों और वाणिज्यिक परिसरों सहित 20 थोक अपशिष्ट जनरेटर से गीला और सूखा कचरा एकत्र किया जाता है। एकत्र किए गए कचरे को आगे की प्रक्रिया के लिए संबंधित अधिकारियों और एमसीजी सूचीबद्ध एजेंसियों के समन्वय में सुविधा में ले जाया जाता है। सुविधा गीले कचरे को बायोगैस बनाने के लिए संसाधित करती है।

# सड़कों पर सुरक्षा को बनाना होगा सशक्त : पैरासेफ

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पैराकोट की सहायक कंपनी पैरासेफ, यात्रा के सभी साधनों में सुरक्षा को प्राथमिकता देकर मोबिलिटी को पुनः परिभाषित करने के लिए समर्पित है। सड़क सुरक्षा टूल्स में क्रांतिकारी बदलाव लाने और सड़क जागरूकता को एक स्टैंडर्ड प्रैक्टिस के रूप में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध, पैरासेफ ने जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षा में सुधार के लिए कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करने के लिए व्यापक शोध किया है और श्वेत पत्र प्रकाशित किए हैं। भारत की सबसे ज़रूरी सार्वजनिक स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे की चुनौतियों में से एक है- सड़क सुरक्षा। 2022 में, सड़क दुर्घटनाओं ने दुखद रूप से 1.68 लाख लोगों की जान ले ली। वाहन टेक्नोलॉजी और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, मूल कारण अभी भी बने हुए हैं जो हैं-अज्ञानता (65 प्रतिशत) और कानूनों का कमज़ोर अमल (52 प्रतिशत)। पैरासेफ की रिपोर्ट इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालती है, जिसमें टियर 2 और टियर 3 शहरों में सड़क सुरक्षा जागरूकता और अभ्यास की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया है।

■ जागरूकता व अनुपालन के बीच में है चिंताजनक अंतर

पैरासेफ के सीईओ राजेश पोद्दार ने रिपोर्ट के निष्कर्षों पर कहा कि सड़क सुरक्षा का मतलब सिर्फ़ नियमों का पालन करना नहीं है, यह जीवन बचाने के बारे में है। उद्योग जगत के अग्रणी के रूप में, सभी स्टेकहोल्डरों- सरकार, उद्योग और नागरिकों के बीच जवाबदेही को बढ़ावा देना हमारी ज़िम्मेदारी है। निष्कर्षों से पता चलता है कि सड़क सुरक्षा तैयारियों में अंतराल को पाटने की तत्काल आवश्यकता है।

# दिल्ली सरकार समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : रविन्द्र इन्द्राज

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति/ जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में एससी/एसटी विभाग के प्रधान सचिव की उपस्थिति में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह को एक विशेष पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग बस्तियों के समग्र सुधार से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। पॉवर पॉइंट प्रस्तुति में एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग बस्तियों की वर्तमान स्थिति, आधारभूत सुविधाओं की कमी और उनके समग्र सुधार के लिए प्रस्तावित योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया।



प्रस्तुति के दौरान यह जानकारी भी दी गई कि एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्गबस्तियों के सुधारात्मक कार्य स्थानीय विधायकों, निवासियों अथवा उनकी प्रतिनिधि संस्थाओं के अनुरोध पर प्राथमिकता से किए जाएंगे। प्रस्तावित योजनाओं में सार्वजनिक उपयोग के सामुदायिक स्नानगृहों और शौचालयों का निर्माण एवं मरम्मत, कच्ची गलियों में खड़ंजा बिछाने या उनकी मरम्मत, और पहुंच मार्गों की सीमेंट-कंक्रिट फ्लोरिंग शामिल है। साथ ही बस्तियों में सार्वजनिक पार्कों का विकास किया जाएगा, जिनमें बैठने के लिए बेंचों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। युवाओं और बच्चों के लिए खेल परिसरों के निर्माण की योजना बनाई गई है जिससे उन्हें खेल और स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं मिल सकें।

# तनाव व उच्च रक्तचाप को कम करता है योग : एच आर नागेंद्र

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विश्व में योग का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उनके प्रयासों की वजह से इस बार 21 जून को विश्व योग





दी दिवस के अवसर पर 20 करोड़ से ज्यादा लोग योग कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह कहना प्रधानमंत्री मोदी के योग सलाहकार एच आर नागेंद्र का।

एच आर नागेंद्र मंगलवार को कंस्टीट्यूशन क्लब में रोटरी बैंगलोर ग्लोबल योगा की और से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस विश्व योग दिवस का आदर्श वाक्य वन अर्थ वन फैमिली है। उन्होंने कहा कि योग के जरिए मानसिक तनाव को कम करने के साथ ही रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है।

इस मौके पर कनफेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटीज के अध्यक्ष प्रो . प्रिय रंजन त्रिवेदी ने कहा कि हम सभी को पृथ्वी को बचाने के प्रयास करने होंगे और इसके लिए प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लेना होगा। योग को बढ़ावा देने के उपाय कि चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वह सभी विश्वविद्यालयों में योग को कोर्स के रूप में शामिल करवाने का हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2030 भारत अंग्रेजी दवाओं के जाल से मुक्त हो जाएगा।

# धूमधाम से निकली बाबा नगर सैन की शोभा यात्रा

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। हर वर्ष की तरह धोबी समाज चांदनी चौक के गौरी शंकर मंदिर से धूमधाम से बाबा नगर सैन की शोभा यात्रा का आयोजन करता है। मंगलवार को भी विशाल शोभायात्रा निकली गई। इस शोभा यात्रा में दिल्ली के पूर्व महापौर जय प्रकाश भी शामिल हुए। जय प्रकाश ने बताया कि हर्ष हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा नगर सैन जन्मोत्सव कमेटी ने शोभा यात्रा को धूमधाम से निकाला। जिसमें मुझे निमंत्रण दिया जो सह स्वीकार किया और शोभा यात्रा में सहभागिता की जिसमें पूरी दिल्ली से धोबी समाज के लोगों ने शोभा यात्रा में बढ़कर हिस्सा लिया। धोबी समाज वो समाज है जो हर घर में संपर्क रखता है और एक प्रतिशत समाज है और उनके कुल देवता कुलगुरु के रूप नगर सैन महाराज की हर वर्ष पूजा करता है और उनकी शोभा यात्रा निकलता है।



जयप्रकाश ने कहा कि चांदनी चौक हमारा परंपराओं वाला क्षेत्र है या हर वर्ष अनेक शोभा यात्रा निकालकर इस क्षेत्र की शोभा बढ़ाती है। इसमें एक नगर सैन भी जो गौरी शंकर मंदिर से निकल कर के गुरुद्वारा शीशगंज टाउन हॉल और कच्चा बाग होते हुए अपने स्थान पर पहुंचती है। समाज के सभी लोग इकट्ठा होकर के संस्कृत कार्यक्रम करते हैं इसमें समाज के जितने भी पढ़े लिखे बच्चे हैं उनको सम्मानित किया जाता है। जयप्रकाश ने बाबा नगर सैन जन्मोत्सव कमेटी के सभी पदाधिकारी का धन्यवाद किया। कहा कि आपकी जो मांग डिमांड है दिल्ली में जितने भी घाट है उन घाटों को सजना संवारना हमारी दिल्ली सरकार का संकल्प है और उनकी सभी मांगों को सुनकर के माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तक पहुंचाने का वादा किया।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 107 / 2024—2025 दिनांक 25.03.2025
ii) निविदा संख्या 15255043 12.05.2025 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में विशेष शर्त को संशोधित किया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। एसएमएम / जी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1187/2025

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / आरएसपी / एनआर,901 बी, टॉवर—I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टॉवर, डीएमआरसी भवन, अजमेरी गेट, नई दिल्ली – 110002. भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके नाम पर निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई—निविदा आमंत्रित की जाती है

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का पूरा नाम | तीन (03) रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) सहित उनके संपर्क मार्गों का पुनर्निर्माण— आरओबी सं. 1 (पुल डफरिन), आरओबी सं. 5 (पुल मिठाई) जो दिल्ली जंक्शन स्टेशन यार्ड में स्थित हैं, तथा आरओबी सं. 6 (पुल बंगश) जो सब्ज़ी मंडी – सदर बाज़ार रेलवे स्टेशन के बीच किलोमीटर 1 / 48—52 पर स्थित है – और दिल्ली मंडल के दिल्ली—रेवाड़ी खंड में किलोमीटर 18 / 1—3 पर स्थित समपार संख्या 15C के स्थान पर एक रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, जो उत्तरी रेलवे के रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट यूनिट (RSPU), नई दिल्ली के अंतर्गत किया जा रहा है। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 122,46,70,667.41 मात्र (रुपये एक सौ बाईस करोड़ छियालीस लाख सत्तर हजार छह सौ सड़सठ रुपये और इकतालीस पैसे मात्र) |
| 3 | कार्य की पूर्णता अवधि | 18 (अठारह) महीने। |
| 4 | जमा की जाने वाली अर्नेस्ट मनी (ईएमडी) | Rs. 62,73,400/- (रुपये बासठ लाख तिहत्तर हजार चार सौ मात्र) |
| 5 | रेलवे वेबसाइट पर निविदा दस्तावेजों की बिक्री / उपलब्धता | निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in वेबसाइट पर 21.04.2025 से 19.05.2025 तक प्रातः 11:30 बजे तक तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 19.05.2025, प्रातः 11:30 बजे तक IREPS वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 19.05.2025, प्रातः 11:30 बजे के बाद किसी भी समय। |

पत्रांक 10-W-9-2025-WA-DyCE-C-RSP दिनांक: 21.04.2025 1178/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली विधानसभा की समृद्ध विरासत लोगों तक पहुंचेगी : गुप्ता

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा की समृद्ध विरासत को लोगों तक पहुंचाने के लिए उसकी विरासत को संरक्षित कर प्रदर्शित किया जाएगा। इस पहल के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र आईजीएनसीए तीन सप्ताह के भीतर एक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। परियोजना की प्रगति की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें आईजीएनसीए, राष्ट्रीय अभिलेखागार, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विधानसभा सचिवालय और विभिन्न विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बता दें कि मंगलवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें विशेषज्ञों और अधिकारियों के साथ विधानसभा भवन के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक समग्र विकास योजना तैयार करने की दिशा में चर्चा की गई। बैठक के बाद विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह भवन केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश की लोकतांत्रिक विरासत का प्रतीक है। दिल्ली विधान सभा स्वतंत्र भारत की पहली संसद थी। उन्होंने बताया कि विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने के लिए विधानसभा परिसर में एक भव्य लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा, जो इसकी ऐतिहासिकता और लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करेगा। साथ ही, विधानसभा के इतिहास पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री का भी निर्माण किया जाएगा।

■ आईजीएनसीए तीन सप्ताह में प्रस्तुत करेगा अध्ययन रिपोर्ट



विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने के लिए विधानसभा परिसर में एक भव्य लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा, जो इसकी ऐतिहासिकता और लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करेगा : विजेंद्र गुप्ता

इस बैठक में आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के डीन (प्रशासन) डॉ रमेश सी गौर, राष्ट्रीय संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. बी आर मणि, आईजीएनसीए प्रमुख, संरक्षण एवं कलादर्शन विभाग डॉ. अचल पांडा, विरासत प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त जितेन्द्र यादव, केंद्रीय एवं नई दिल्ली रख-रखाव मंडल के अधीक्षण अभियंता कृष्ण कुमार सिंह और एमसीडी विरासत प्रकोष्ठ के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार शामिल थे।

# निराश्रित महिलाओं को नहीं मिल रही पेंशन : भारद्वाज

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद से विधवा व तलाकशुदा समेत अन्य निराश्रित महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। दो महीने से निराश्रित महिलाएं अपनी पेंशन मिलने का इंतजार कर रही हैं और इसके लिए वह लगातार दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी की संचालन अवधि में वृद्धि

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 02393/02394 राजेन्द्र नगर-नई दिल्ली-राजेन्द्र नगर सुपरफास्ट स्पेशल रेलगाड़ी की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02393 | राजेन्द्र नगर | नई दिल्ली | 6 दिन (वीरवार छोड़कर) | 30.04.25 | 02.05.25 से 30.06.25 | 52 |
| 02394 | नई दिल्ली | राजेन्द्र नगर | 6 दिन (शुक्रवार छोड़कर) | 01.05.25 | 03.05.25 से 01.07.25 | 52 |

नोट :– शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1193/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पहले से घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

रेलगाड़ी सं. 07077/07078 चर्लपल्ली-देहरादून-चर्लपल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07077 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07077 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07078 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07078 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | ---- |
| 19:20 | ---- | देहरादून | ---- | 07:00 |

चलने के दिन : 07077 चर्लपल्ली से दिनांक 29.04.2025 से 27.05.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार) को और 07078 देहरादून से दिनांक 01.05.2025 से 29.05.2025 (प्रत्येक वीरवार) को।

ठहराव: काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जं., इटारसी जं., रानी कमलापति, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, आगरा कैंट जं., मथुरा जं., हजरत निजामुद्दीन, मेरठ सिटी, रुड़की एवं हरिद्वार जं. स्टेशन।

स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान

रेलगाड़ी सं. 05577/05578 सहरसा जं.-आनंद विहार ट.-सहरसा जं. गरीबरथ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 66 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05577 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05577 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05578 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05578 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:00 | सहरसा जं. | 10:30 | ---- |
| 00:30 | ---- | आनंद विहार ट. | ---- | 05:15 |

चलने के दिन : 05577 सहरसा जं. से दिनांक 16.05.2025 से 30.06.2025 तक (प्रत्येक सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि) को और 05578 आनंद विहार ट. से दिनांक 18.05.2025 से 02.07.2025 (प्रत्येक मंगल, बुध, वीर, शुक्र, रवि) को।

ठहराव: गढ़ बरुआरी, सुपौल, सरायगढ़ जं., निर्मली, घोगरडिहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., दरभंगा जं., जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं, नरकटियागंज जं, बगहा, कप्तानगंज, गोरखपुर जं, बस्ती, घोण्डा जं., सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन।

स्थान: 3 टियर वाता.

रेलयात्रियो से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1194/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमे सभी की भूमिका अहम है, शहर के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपना शहर साफ रखें, गंदगी न होने दे। जिस प्रकार शहर को साफ स्वच्छ रखने का कार्य किया जा रहा है जिसमें जनता के सहयोग की भी आवश्यक रहेगी और नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए पूर्व में भी कार्य किया गया है और लगातार आगे भी किया जाएगा: **सुनीता दयाल, महापौर।**

## छात्रावास में सुरक्षा उपायों, साफ-सफाई व प्रबंधन की गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाए : जौहरी

■ **प्रमुख सचिव महिला कल्याण ने किया महिला छात्रावास भवन व भूखंड का निरीक्षण**



**गाजियाबाद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रमुख सचिव, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग लीना जौहरी ने मंगलवार को सूर्यनगर स्थित कामकाजी महिला छात्रावास के निर्माण लिए जीडीए द्वारा दी दिए महिला छात्रावास भवन व भूखंड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर सचिव, महिला कल्याण विभाग; गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता (जोन-7) एवं अन्य तकनीकी अधिकारी, सीएनडीएस जल निगम की निर्माण इकाई के प्रतिनिधिगण; तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी, गाजियाबाद उपस्थित रहे।ĸ गाजियाबाद जनपद में कामकाजी महिलाओं हेतु सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 167वीं बोर्ड बैठक में 'कामकाजी महिला छात्रावास' के निर्माण हेतु भूमि आवंटन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसे अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।इस प्रस्ताव के तहत सूर्यनगर क्षेत्र में लगभग 3150 वर्ग मीटर भूमि पर यह छात्रावास पहले से ही निर्मित है। यह क्षेत्र दिल्ली सीमा से सटा हुआ है और एक सुविकसित, सुरक्षित एवं स्वच्छ आवासीय कॉलोनी के मध्य स्थित है। यहां यातायात की समुचित सुविधा उपलब्ध है, जिससे दिल्ली-एनसीआर में कार्यरत महिलाओं को विशेष सुविधा प्राप्त होगी। प्रमुख सचिव ने निरीक्षण के उपरांत छात्रावास भवन की अवस्थिति, संरचना, उपलब्ध सुविधाएं एवं परिवेश को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यरत महिलाओं को एक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं सम्मानजनक निवास उपलब्ध कराने हेतु यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि छात्रावास की कार्यात्मकता, सुरक्षा उपायों, साफ-सफाई और प्रबंधन की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि यह मॉडल संस्थान के रूप में स्थापित हो सके।

## महापौर ने अधिकारियों के साथ शहर में कई स्थानों का किया निरीक्षण

■ **एन एच 9 से तिगरी गोल चक्कर तक का होगा सौन्दर्यीकरण**

**गाजियाबाद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने मंगलवार को मुख्य अभियंता एन के चौधरी की टीम के साथ विजय नगर स्थित तिगरी गोल चक्कर, पुराने शहर में और पटेल मार्ग रोहन मोटर्स के सामने निगम की भूमि का निरीक्षण किया।

विजय नगर एन एच 9 से तिगरी गोल चक्कर तक के रोड के दोनों तरफ में सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। जिसमें सड़क, ग्रीन बेल्ट और साज सज्जा हेतु कार्य किया जाना है जिससे शहर में प्रवेश करते समय सुंदर शहर दिखाई पड़े, जिससे गाजियाबाद शहर के प्रति अच्छा संदेश भी मिलेगा। उपरोक्त कार्य की रूप रेखा नक्शे पर तैयार करली गई है और जल्द ही कार्य योजना के साथ कार्य भी किया जाएगा।

पटेल मार्ग स्थित रोहन मोटर्स के सामने नगर निगम की रिक्त भूमि है जिसपर नगर



निगम कामर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारियां कर रहा है। निरीक्षण में आज कॉम्प्लेक्स बनाने की भूमिका भी तैयार की जाएगी, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि होगी और शहरवासियों को व्यापार करने के लिए स्थान मिलेगा।

विजय नगर में तिगरी गोल चक्कर पर महापौर ने देखा कि कुछ समय पहले जो अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त की गई थी वह फिर कब्जा हो गया है जिसको लेकर सम्पत्ति के अधिकारियों को वही से फ़ोन वार्ता की और उनको बताया कि अगर यहां

**रोहन मोटर पटेल मार्ग पर नगर निगम की भूमि में बनेगा कामर्शियल मार्केट : महापौर**

दोबारा कब्जा हो गया है तो आप क्या कर रहे थे, आपकी जिम्मेदारी है कब्जा हटवाने की, आप जल्द कब्जा हटवाए और अपनी भूमि की देख रेख भी रोजाना करें।

महापौर ने बताया कि शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमे सभी की भूमिका अहम है, शहर के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपना शहर साफ रखें, गंदगी न होने दे। जिस प्रकार शहर को साफ स्वच्छ रखने का कार्य किया जा रहा है जिसमें जनता के सहयोग की भी आवश्यक रहेगी और नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए पूर्व में भी कार्य किया गया है और लगातार आगे भी किया जाएगा जिसके क्रम में आज उपरोक्त स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना तैयार की जा रहा है जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि की जा सके।

**सार संक्षेप**

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने नवागत एसएसपी से की मुलाकात

**बुलंदशहर।** बुलन्दशहर के नावगत एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के कार्य भार संभालने पर मंगलवार को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र भाटी के नेतृत्व में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने फूलों का बुका देकर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह का स्वागत किया व राधा नाम की चुनरी देकर उनके अच्छे कार्यकाल के लिए व उज्जवल भविष्य की कामना की संगठन के जिला महामंत्री संजय गोयल ने बताया कि आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन समाज हित में कार्य करता चला आ रहा है और अन्याय के खिलाफ व सभी के साथ न्याय हो इसकी कामना करता है। एसएसपी ने संगठन को आश्वासन दिया कि सभी के साथ न्याय होगा अन्यायी के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि मैं अश्वत करता हूं कि पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार का शोषण होने नहीं दूंगा। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बुलंदशहर के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र भाटी, जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिला वरिष्ठ महामंत्री संजय गोयल ,जिला महामंत्री योगेंद्र पंडित, जिला उपाध्यक्ष विक्रम राणा, जिला उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना, जिला मंत्री हितेश कुमार शर्मा, जिला संगठन मंत्री सचिन कुमार लोधी आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### कंपनी कर्मियों पर 5.40 लाख का गबन करने का आरोप

**नोएडा।** बैंकों के एटीएम में नकदी की आपूर्ति करने वाली कंपनी के प्रतिनिधि ने दो कर्मियों पर 5.40 लाख रुपए गबन करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर थाना फेज-वन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिताची कैश मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा अधिकारी महक गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में कंपनी की गुरुग्राम शाखा में कार्यरत हैं। उनकी कंपनी एटीएम में नकदी की आपूर्ति प्रबंधन का काम करती है। कंपनी में प्रदीप कुमार बतौर एटीएम ऑपरेटर के रूप में काम करते हैं। प्रदीप कुमार ने विभिन्न एटीएम से 5.40 लाख रुपए का गबन किया है। जांच में पता चला कि कंपनी में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत नवीन सिंह नेगी ने जून 2024 से नवम्बर 2024 विभिन्न तिथियों पर प्रदीप कुमार से कुल एक लाख 13 हजार रुपए प्राप्त किए।

### भैंस चोरी करने वाले गिरोह का सरगना साथी के साथ गिरफ्तार

**नोएडा।** रेकी कर शहर के अलग-अलग हिस्से से भैंस चोरी करने वाले गिरोह के सरगना और उसके साथी को सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के तीन अन्य साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। वारदात में इस्तेमाल होने वाली पिकअप, चोरी की भैंस और 11 हजार रुपए की नकदी आरोपियों के पास से बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि बीते दिनों थानाक्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके घेर से रात में कुछ लोगों ने तीन भैंस की चोरी कर ली है।

## विश्व भूमि दिवस पर स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर जागरूकता फैलाई

**गाजियाबाद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार को एसएस के पब्लिक स्कूल चुंगी नंबर 3 मुरादनगर के छात्र व छात्राओं द्वारा विश्व भूमि दिवस पर रैली के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई गई। बच्चों ने संकल्प लिया को प्रदूषण भरे वातावरण में हमें अपनी भूमि को किस प्रकार बचाना है पेड़ पौधे और जल को भी किस तरह बचाना है।



इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक गुलशन भंवरी ने बच्चों एवं समाज के सभी वर्गों के लोगों को पृथ्वी का संतुलन बिगड़ देखते हुए जो की सभी के लिए एक बड़ी समस्या है इससे सभी को ज्ञात करवाया। हर किसी को पर्यावरण संरक्षण में अपना पूर्ण योगदान देना चाहिए एवं विश्व पृथ्वी दिवस के दिन सभी को पर्यावरण को बेहतर बनाने की बात कही और सभी बच्चों को एक साथ संकल्प भी दिलाया गया।

## इंदिरापुरम में अवैध निर्माण पर चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अवैध निर्माण/अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को 2 प्रभारी प्रवर्तन जोन-6 के नेतृत्व में भवन संख्या-955, नीतिखण्ड-1, इन्दिरापुरम के अग्रभाग में किए गए अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। भवन को अवैध रूप से दैनिक वस्तुओं के गोदाम के रूप में प्रयोग किया जा रहा था, जिसे एक सप्ताह का समय प्रदान किया गया। इसके पश्चात् विपिन कुमार द्वारा भवन संख्या-54, इण्डिया मून सिटी, अहिंसाखण्ड-2 में अपने भवन में सार्वजनिक पार्क की ओर अवैध रूप से दरवाजे व खिड़कियों का निर्माण किया गया था, जिनको सील करा दिया गया है। इसके पश्चात् भवन 565सी, न्यायखण्ड-2 की छत पर किए गए अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण कराया गया। प्रश्नगत कार्रवाई के दौरान सहायक अभियन्ता व प्रवर्तन जोन-6 का



समस्त स्टाफ तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा। आज की कार्रवाई के दौरान एक-दो स्थानों पर स्थानीय पब्लिक द्वारा विरोध किया गया, लेकिन अधिकारियों की कार्य कुशलता से कार्य को सम्पादित किया गया। एसीपी वेव सिटी प्रिय श्रीपाल ने बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएमई पर मेरठ से दिल्ली जाने वाली लेन पर एबीईएस कॉलेज के सामने अमरोहा से आनंद विहार जा रही इको कार में चालक समेत 11 सवारी थीं। टायर पंचर होने पर चालक स्टेपनी बदल रहा था। हादसे में एक युवक टक्कर लगने से कार के नीचे आ गया जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर बेहोश हो गया।

## प्रतिबंध के बावजूद संचालित हो रहीं अवैध डेयरियां

**खोड़ा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिबंध के बावजूद अवैध डेयरी का संचालन धड़ल्ले से जारी है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों द्वारा बार बार नोटिस देने और कई खानापूर्ति कार्रवाई के बावजूद लगभग सैकड़ों अवैध डेयरी संचालित हो रही है। कॉलोनी में अवैध डेयरियों की वजह से गंदगी का अंबार लग जाता है। खुले और खाली भूखंडों में गोबर बहाए जाने से लोगो को बदबू का सामना करना पड़ता है। गोबर की निकासी का समुचित इंजाम न होने से कई डेयरी संचालकों द्वारा नाली में पानी के साथ गोबर बहाया जाता है। नाली में पानी के साथ गोबर फेंकने से आमजन को बदबू का सामना करना पड़ता है। नालियों में गोबर के अट जाने से मच्छर के पनपने की संभावना बनी रहती है। कई बार अधिक गोबर बहाए जाने की वजह से नालिया चोक हो जाती है। नाली चोक होने से पानी निकासी की समस्या बनी रहती है। जिससे मच्छर पनपने और बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासी सुनील सिंह का आरोप है कि नगर पालिका परिषद के अधिकारी अवैध डेयरियों के खिलाफ कोई कारगर कदम नहीं उठा रहे है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी का कहना है कि शीघ्र ही अवैध डेयरियों को चिन्हित करके अन्यत्र शिफ्ट कराने की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नालियों की नियमित सफाई न होने से मच्छर पनपने की संभावना

**खोड़ा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु) । नालियों की नियमित सफाई न होने से कई क्षेत्रों में नालियां बजबजा रही है। नालियों में दूषित पानी भरे रहने से मच्छर पनप रहे है। प्रत्येक वर्ष बरसात से पहले नगर पालिका परिषद द्वारा नाले और नालियों की सफाई का कार्य कराया जाता है। बीमारियों से बचाव के लिए एंटीलार्वा दवाईयो का छिड़काव किया जाता है। मच्छरों से बचाव के लिए नियमित कीटनाशकों का छिड़काव किया जाता है। लोगो का आरोप है कि नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी आते है और सफाई की औपचारिकता पूरी करके वापस लौट जाते है। क्षेत्रों में अभी कई जगहों पर नालियों की सफाई का कार्य अधूरा पड़ा है। नालियों की अच्छी तरह सफाई न होने से मच्छरों की भरमार हो गई है। बरसात होने के उपरांत नालियों का पानी सड़कों पर उफनाकर बहने की संभावना रहती है। स्थानीय निवासी एव पूर्व नामित सभासद बी बी तिवारी ने बताया कि इन्दिरा गार्डन शिव पार्क जर्दा कॉलोनी आदि क्षेत्रों में नालियों की सफाई का बढ़िया इंतजाम नहीं है। नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी मनमानी ढंग से इधर उधर कार्य करके निकल जाते है। मामले की शिकायत अधिकारियों से करने के बावजूद भी कोई सुधार नहीं हुआ है।नालियों में मच्छर पनपने और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव न होने से बीमारी फैलने का खतरा बना है।

## ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवक ने की थी आत्महत्या

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना फेज-दो क्षेत्र में तीन सप्ताह पूर्व युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। युवक के पिता ने एक युवती समेत पांच लोगों पर बेटे को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। आरोप है कि आरोपी उससे अवैध रूप से पांच लाख रुपए की मांग कर रहे थे। जिला मैनपुरी के गांव दौलतपुर निवासी रामसेवक ने पुलिस को बताया कि पुत्र शिवम उर्फ शिवनाथ सिंह नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में काझम कर रहा था। जिला मैनपुरी के गांव अमरपुर की रहने वाली मोहिनी कुमारी ने किसी तरह से शिवनाथ से नजदीकी बढ़ाना शुरू किया। इसके बाद शिवनाथ ने नौकरी छोड़ दी और वह नयागांव में किराए के घर में रहने लगा। इसके बाद शिवनाथ ने अपना काम शुरू कर दिया। इसके बाद मोहिनी भी गुरुग्राम में माता-पिता के साथ रहने लगी। आरोप है कि इसके बाद मोहिनी ने फोन के जरिये शिवनाथ को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर कई बार शिवनाथ से रुपये ऐंठ लिए।

## खड़ी कार में कार से टक्कर दोनों कारों में लगी आग, दो की मौत

**गाजियाबाद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने मंगलवार की दोपहर सड़क किनारे खड़ी इको कार में पीछे से आई सेलेरियो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों कारों में भीषण आग लग गई और दो लोग जिंदा जलकर मर गए, कई घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब इको कार चालक पंचर होने के बाद स्टेपनी बदल रहा था। इस दौरान स्टेपनी बदल रहे इको कार चालक की टक्कर लगने से मौत हो गई। जबकि उसका साथी दोनों कारों के बीच में फंस गया और दोनों कारों के बीच फंसा युवक जिंदा जलकर मर गया। सेलेरियो में सवार तीन सवारी घायल हुई हैं। इस घटना में में सेलेरियो में सवार एक कुत्ते की भी मौत हुई है। इको कार में रखे सवारी के एक लाख रुपए भी जल गए।

## नोएडा में 18 लाख की लूट में पुलिस का सिपाही शामिल

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में यूपी पुलिस के एक कांस्टेबल ने अपने साथी के साथ मिलकर 18 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित को कार में बंधक बनाकर 15 घंटे तक घुमाते रहे। इसके बाद उसे जेवर टाल प्लाजा से 30 किमी आगे छोड़कर फरार हो गए। आरोपियों ने 15 घंटे में पीड़ित से 7.5 लाख कैश और 11 लाख 20 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराए थे।

डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि आरोपी कांस्टेबल कोमल सिंह प्रयागराज पुलिस लाइन में तैनात है। एक साल से आरोपी गैर हाजिर भी है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट को सिपाही पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखेगी। घटना में इस्तेमाल 2 कार , 6 लाख रुपए कैश, 2 लैपटॉप, 2 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। मामले में चार और आरोपियों अभी फरार है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। कांस्टेबल के साथी आरोपी आरुष त्रिपाठी है। पीड़ित नोएडा के सिलिकॉन सिटी का रहने वाला है।

**पहले जानते है कैसे की घटना**

नोएडा पुलिस की गिरफ्त में आए कोमल सिंह और आरुष त्रिपाठी ने बताया कि हमारे दो और साथी दीपांशु और शोभित ने बताया कि पीड़ित अश्विन और रजत के नास नोएडा के सिलिकॉन सिटी वाले फ्लैट पर काफी पैसा कैश




■ **सिपाही समेत दो गिरफ्तार**
■ **6 लाख कैश किया गया बरामद**

में है। पुलिस का डर दिखाकर ये पैसा लिया जा सकता है। इसके बाद दीपांशु और शोभित ने दो और साथी गौरव व उत्कर्ष को भी अपने साथ मिला लिया। ऐसे में कुल छह लोगों ने वारदात को अंजाम दिया।

**तीन अलग-अलग कार से थे आरोपी**

योजना के तहत 18/19 की रात दिपांशु और शोभित महेंद्रा एसयूवी 700 रजि नंबर P|8JA8232 से पहले अश्विन व रजत के फ्लैट 1201UK सिलिकॉन टावर सेक्टर-76 नोएडा गए। वहां शराब पीने के बहाने दोनों को नीचे लेकर आ गए। दोनों को गाड़ी में बैठा लिया। जैसे ही थोड़ा आगे बढ़े। कोमल और आरुष ने स्कार्पियों कार रजि नंबर UK07DW7889 के अलावा गौरव और उत्कर्ष क्रेटा कार से थे।

## सीवेज बहाने पर सोसाइटी एओए का नामांकन होगा रद्द

■ **8 सोसाइटी के लिए चिट फंड कार्यालय भेजा जा रहा पत्र**
■ **एफआईआर के साथ लग चुका 1.17 करोड़ जुर्माना**

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में जिस भी सोसाइटी का सीवेज पानी बिना ट्रीट किए नाले में गिराया गया उसकी एओए (अपार्टमेंट आर्नर एसोसिएशन) का रजिस्ट्रेशन कैंसिल कराया जाएगा। साथ ही सोसाइटी पर भरी भरकम जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण मेरठ स्थित चिट फंड कार्यालय में पत्र जारी कर रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने का आग्रह करेगा। अब तक दो सोसाइटी के खिलाफ प्राधिकरण चिट फंड कार्यालय पत्र लिखा है। इस लिस्ट में सात और सोसाइटी शामिल है। इन सोसाइटी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है। नोएडा में ड्रेन की साफ-सफाई पर लाखों रुपए खर्च होते है। बावजूद इसके ड्रेन में पानी काला और बदबूदार ही रहता है। निरीक्षण में पाया गया कि सोसाइटी बिना ट्रीटेड किए सीवेज पानी को ड्रेन में बहा रहे है। जिन सोसाइटी में ऐसा किया गया वहां सीवर कनेक्शन तक काटा जा रहा है। इसके अलावा सोसाइटी पर एफआईआर भी कराई गई। पहले फेज में सात सोसाइटी पर करीब 1.17 करोड़ का जुर्माना तक लगाया गया। लेकिन सोसाइटी की एओए और बिल्डर मैनेजमेंट कोई एक्शन नहीं ले रहा। ऐसे में अब इनका रजिस्ट्रेशन निरस्त कराया जाएगा।

**इन सोसायटी पर एफआईआर और रजिस्ट्रेशन होगा निरस्त**

**सेक्टर-100 स्थित लोटस पनाश**

- ❖ आरजी रेजीडेंसी सेक्टर-120 पर 11,90000 लाख का जुर्माना और थाना सेक्टर-113 में एफआईआर दर्ज कराई गई।
- ❖ सिक्का कार्मिक सेक्टर-78 पर 20,30000 लाख का जुर्माना और थाना सेक्टर-113 में एफआईआर दर्ज की गई।
- ❖ ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टी प्राइवेट लिमिटेड लोटेस बुलेवर्ड सेक्टर-100 के खिलाफ सेक्टर-49 में एफआईआर दर्ज की गई।
- ❖ पूर्वांचल रॉयल पार्क सेक्टर-137 पर 17,90000 लाख का जुर्माना और सेक्टर-142 में एफआईआर दर्ज की गई।
- ❖ एम्स मैक्स गार्डेनिया सेक्टर-75 पर 29,45000 लाख का जुर्माना और थाना सेक्टर-113 में एफआईआर दर्ज की गई।
- ❖ प्रतीक बिल्डटेक सेक्टर-45 पर 18,30000 लाख का जुर्माना और थाना सेक्टर-49 में एफआईआर कराई गई।
- ❖ आम्रपाली सिलिकॉन सिटी सेक्टर-76 पर 19,20000 लाख का जुर्माना और थाना सेक्टर-113 में एफआईआर दर्ज की गई।

**यूपीपीसीबी को लिखा पत्र ले एक्शन**

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि ड्रेन में छोड़े जा रहे गंदे पानी को लेकर यूपीपीसीबी को भी पत्र लिखा गया था। बावजूद इसके यूपीपीसीबी ने अब तक कोई सख्त एक्शन नहीं लिया है। अब भी शहर में कई ऐसी सोसाइटी है जो चोरी छिपे सीवेज पानी ड्रेन में बहा रही है। बता दे नोएडा में करीब 100 सोसाइटी है। इन सोसाइटी में लाखों लोग रहते है।

## डिंडन डूब क्षेत्र से हटाया गया 115 करोड़ की जमीन से अवैध निर्माण

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में अवैध निर्माण को लेकर सख्त एक्शन लिया जा रहा है। मंगलवार को जिला प्रशासन, नोएडा प्राधिकरण और पुलिस फोर्स ने मिलकर करीब 110 बीघा जमीन को अवैध निर्माण मुक्त कराया। ये जमीन सोरखा गांव में डूब क्षेत्र में है। जिस पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर निर्माण कराया जा रहा था। साथ ही यहां कई मकान और दूकान भी बने हुए थे। इनको बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया गया। इस जमीन की कीमत करीब 115 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण किया जा रहा है। जानकारी मिलने पर पहले निरीक्षण किया गया। इसके बाद मंगलवार को 50 से ज्यादा कर्मचारी, भारी पुलिस बल और तीन से चार जेसीबी के मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। यहां पक्के मकान तक बने थे। जिनको ध्वस्त करने के दौरान कुछ लोगों ने हल्का विरोध किया। लेकिन भारी पुलिस की बल की मौजूदगी में



■ **110 बीघा जमीन पर बने मकान, दुकान और प्लाट तोड़े, 115 करोड़ आंकी गई जमीन की कीमत**

वे कुछ नहीं कर सके।

सोरखा में जिन खसरा नंबर से अवैध निर्माण हटाया गया। उसमें खसरा नंबर 481,420,467,463,469 है। ये सभी हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में आते है। यहां और भी अवैध निर्माण किया गया है। जिसको भी जल्द ध्वस्त किया जाएगा। बता दे इसी अवैध निर्माण के चलते दो साल पहले यहां आई बाढ़ में सैकड़ों लोगों का रेस्क्यू करना पड़ा था। ऐसे में अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है।

उवाच "

शिक्षा को हाईटेक बनाने के लिए टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है। दुनिया को मुट्ठी में करने का सपना संजोने वाले छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन से शिक्षा में लाभ मिलेगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं के उत्थान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। युवाओं को हाईटेक करने के लिए ही टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है : **धीरेन्द्र सिंह, जेवर विधायक।**

# कैपिटल ज़ोन

## यमुना प्राधिकरण की नई पहल : यीडा वन मैप

# जीआइएस पोर्टल से मिलेगी भूखंड की पूरी जानकारी

■ **आवेदक बिना किसी मध्यस्थ के भूखंड की वास्तविक और उपलब्धता की ले सकते है जानकारी**



**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने औद्योगिक, वाणिज्यिक और संस्थागत भूखंड योजनाओं के तहत आवेदकों के लिए एक नई सुविधा शुरू की है। अब आवेदक यीडा वन मैप जीआईएस पोर्टल के माध्यम से भूखंडों की विस्तृत जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। यह पोर्टल भूखंडों के आकार, स्थान, स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण विवरणों को पारदर्शी और उपयोगकर्ता-अनुकूल तरीके से उपलब्ध कराता है, जिससे आवेदन प्रक्रिया और निर्णय लेना आसान हो जाता है। फिलहाल प्राधिकरण ने अभी योजना आठ सेक्टरों में लागू किया है। आने वाले समय में सभी सेक्टरों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने सोमवार को सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें निर्णय लिया गया कि संस्थागत, औद्योगिक, ग्रुप हाउसिंग और वाणिज्यिक भूखंड़ों की योजना इस सप्ताह लांच करेगी। इन भूखंड़ों की पूरी जानकारी यीडा वन मैप पर पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगी। इन योजनाओं में आवेदन करने वाले प्राधिकरण के पोर्टल पर जिस भूखंड के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसके बारे में पूरी जानकारी देख सकते हैं। पोर्टल से सड़क, जल आपूर्ति, सीवेज और विद्युतीकरण जैसे बुनियादी ढांचे के साथ अतिक्रमण आदि जानकारी मिल जाएगी।

बता दें कि यमुना प्राधिकरण ने अपने अधिसूचित क्षेत्र के सभी गांवों का सैटेलाइट सर्वे डीआरडीओ के माध्यम से कराया है। डीआरडीओ प्राधिकरण के साल दो बार पूरा डाटा प्राधिकरण को उपलब्ध कराता है। डाटा के आधार पर प्राधिकरण अपने पोर्टल को अपडेट करता है। यीडा वन मैन जीआईएस पोर्टल तैयार करने के लिए प्राधिकरण ने एक साल पहले आरएफपी के माध्यम से एक एजेंसी को एक जिम्मा दिया है। एजेंसी 11 माह से इस पर काम कर रही है। जिसमें एजेंसी ने आठ सेक्टरों का पूरा डॉटा तैयार कर लिया है। जून तक एजेंसी प्राधिकरण के सभी सेक्टरों का डॉटा तैयार कर लेगा।

एजेंसी ने अभी तक प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टर 32, 33, 19, 16, 21, 24, 28, 29, 17ए समेत आठ सेक्टरों का डाटा तैयार किया है।

आधारित पोर्टल आवेदकों को निम्नलिखित जानकारी पोर्टल पर इन भूखंडों का आकार, स्थान और आवंटन प्रक्रिया की जानकारी दी गई है। आवंटन प्रक्रिया और दरें, प्रत्येक योजना के लिए आवंटन प्रक्रिया और दरें पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिए, औद्योगिक भूखंडों के लिए निवेश मित्र वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करना होगा, जबकि संस्थागत भूखंडों के लिए ऑनलाइन आवेदन और प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन के आधार पर आवंटन किया जाता है।

**यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सभी सेक्टरों के भूखंड और इंफ्रास्ट्रक्चर की पूरी जानकारी जून तक यीडा वन मैप जीआईएस पोर्टल के माध्यम से मिल जाएगी। किसी भी योजना में भूखंड के लिए आवेदन करने पर आवेदक यीडा वन मैप के माध्यम से भूखंड का लोकेशन, सीवर, ड्रेनेज, सड़क, बिजली पोल आदि जानकारी मिल जाएगी। जल्द ही प्राधिकरण मिट्टी की जांच और किस सेक्टर में कितनी सतह पर पानी की उपलब्धता है उसकी भी जानकारी यीडा वन मैप पर उपलब्ध कराई जाएगी।**

**डॉक्टर अरूणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

### अवैध निर्माण का पूरा डॉटा प्राधिकरण के पास उपलब्ध

नोएडा एयरपोर्ट के आसपास हो रहे अवैध निर्माण का डाटा भी प्राधिकरण के पास उपलब्ध है। यीडा वन मैन से अवैध निर्माण का डाटा भी लिंक किया गया है। जिसके माध्यम से पता चला है कि प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में पिछले पांच साल के दौरान काफी जमीन पर अवैध निर्माण किया गया है, तालाब और वन की जमीन पर भी अवैध निर्माण किया गया है। यीडा वन मैन पर इसका पूरा उपलब्ध है। जमीन अधिग्रहण के दौरान अगर कोई पुरानी आबादी बताकर अवैध निर्माण को वैध साबित करने का दावा नहीं कर सकता है।

## पृथ्वी दिवस पर ग्रेनो में अलग-अलग जगहों पर हुए जागरुकता कार्यक्रम



■ **ग्रेनो प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में सेमिनार का आयोजन**
■ **ब्लू प्लेनेट और एचसीएल फाउंडेशन ने भी किए कार्यक्रम**



**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग जगहों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से ऑडिटोरियम में सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादात में ग्रेटर नोएडा के बल्क वेस्ट जनरेटरों को बुलाकर कूड़े को प्रोसेस करने के बारे में जानकारी दी गई।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रेटर नोएडा की आवासीय सोसाइटियों के प्रतिनिधि, आरडब्ल्यूए, शिक्षण संस्थानों, उद्योगों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों आदि से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव और मैनेजर संध्या सिंह व अन्य विशेषज्ञों ने सेमिनार में कूड़े को घरों से ही सेग्रिगेट कराने और कूड़े को प्रोसेस करने पर जानकारी दी। सूखे कूड़े और गीले कूड़े के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने पर जोर दिया। सूखे व गीले कूड़े को रीसाइकिल कर खाद व ईंधन बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों को तुलसी के पौधे भी प्रदान किए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी ग्रेटर नोएडावासियों से शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि कूड़े को डस्टबिन में डालें। इधर-उधर न फेंके। घरों के कूड़े को सेग्रिगेट जरूर करें। वहीं, पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और ब्लू प्लैनेट ने मिलकर ब्लू नज नाम से साप्ताहिक जागरुकता अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रेटर नोएडा के स्कूलों के साथ मिलकर कूड़े को सेग्रिगेट करने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान के दौरान जलवायु परिवर्तन के विषय पर 3000 से अधिक परिवारों को जागरूक किया गया। स्कूलों ने अपने छात्रों के जरिए इस तरह का आगे भी जारी रखने की बात कही। इसी तरहएचसीएल फाउंडेशन की तरफ से भी अलग-अलग जगहों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## अजनारा होम्स में गंदा पानी से दर्जनों लोग बीमार, लापरवाही पर महिलाओं का फूटा गुस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अजनारा होम्स सोसाइटी के टावर एम में रहने वाले सैकड़ों परिवार इन दिनों एक संकट से जूझ रहे हैं। साफ-सुथरा और सुरक्षित जीवन देने का वादा करने वाली हाई-



राइज बिल्डिंग अब बीमारी की जड़ बन गई है। 8 अप्रैल को एक भयावह सच्चाई सामने आई, जब सोसाइटी के 600 से अधिक बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं उल्टी-दस्त और पेट दर्द की चपेट में आ गए। कुछ को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, तो कई परिवारों में हाहाकार मच गया। नूतन, निवासी टावर एम ने बताया कि बीमार बेटा यथार्थ में भर्ती था, खुद की तबीयत खराब दृ एक वक्त का खाना जुटाना मुश्किल हो गया था। स्वास्थ्य विभाग ने जांच में पाया कि टंकी का पानी पीने लायक नहीं है। निवासियों द्वारा करवाए परीक्षण में पानी में ई-कोली बैक्टीरिया की अत्यधिक मात्रा पाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने 8 अप्रैल को सात दिन के अंदर टंकी की सफाई का आदेश दिया था, लेकिन मेंटेनेंस एजेंसी ने इस आदेश को ठेंगा दिखा दिया। अब जब दो हफ्ते से ज्यादा बीत चुके हैं और कोई सफाई नहीं हुई, निवासियों ने खुद पानी की लैब टेस्ट कराई, जिसमें रिपोर्ट और भी डरावनी निकली। अनीता ने बताया कि हमारे बच्चे बीमार पड़ गए, डॉक्टर की फीस, दवाइयों का खर्च और ऊपर से ये जहरीला पानी... अब तो बाहर से पानी मंगवाकर पीना पड़ रहा है। दीपिका ने बताया कि बच्चों का स्कूल छूटा, पति बीमार थे, मैं भी बीमार थी, किस तरह ये समय गुजरा मैं ही जानती हूं। जब सोसाइटी में बीमारियां फैलीं, तो मेंटेनेंस मैनेजर ने भंडारे को दोष देकर बचने की कोशिश की। मेंटेनेंस की रिपोर्ट है, न कोई समाधान। महिलाओं ने कहा कि अगर कल तक टंकी की सफाई नहीं हुई, और बाकी बुनियादी सुविधाएं ठीक नहीं की गईं, तो हम आमरण अनशन पर बैठेंगे। ये लड़ाई अब बच्चों की सेहत और परिवार की सुरक्षा की है। प्राधिकरण और स्वास्थ्य विभाग पर भी सवाल उठ रहे हैं, अब तक उनकी पानी की रिपोर्ट कहां है, जनता को अंधेरे में क्यों रखा जा रहा है। सवाल कई हैं, लेकिन जवाब देने वाला कोई नहीं। अजनारा होम्स की इस खामोशी ने अब गुस्से को ज्वालामुखी में बदल दिया है। महिलाएं अब सड़क पर उतर चुकी हैं। अगला कदम बड़ा हो सकता है। प्रदर्शन में कुमकुम बनर्जी, रीता श्रीवास्तव, भावना श्रीवास्तव, शिप्रा, अंजली, रोहिणी, दीपिका, अनीता सहित दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया।

## सेक्टर डेल्टा-एक की समस्या को ठीक करने को लेकर आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण से की मांग





**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर डेल्टा-वन में विभिन्न समस्याओं के संबंध में आरडब्ल्यूए ने मंगलवार को प्राधिकरण दफ्तर पहुंचकर एसीईओ को एक ज्ञापन सौंपा। आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने सेक्टर की सभी समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। आरडब्ल्यूए के महासचिव ऋषिपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर के अंदर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की वजह से साफ सफाई नहीं हो रही है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। यहां नियमित समय से झाडू नहीं लग रही है। पत्तों के ढेर लगे हुए हैं। कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि मुख्य सड़क एवं पार्कों के आसपास कंक्रीट का मालवा पड़ा हुआ है। इसे उठवाने के लिए कहते हैं तो कर्मचारी मालवा चार्ज की रसीद मांगते हैं। सभी पार्कों की घास सूखी पड़ी है। इनमें लगे पेड़ भी पानी की वजह से सूख रहे हैं। पार्कों की बाउंड्री वॉल टूटी पड़ी है। इसकी वजह से आवारा पशु अंदर घुस आते हैं, जिससे यहां गंदगी रहती है। सेक्टर में रहने वाले प्रमोद भाटी ने बताया कि आए दिन सप्लाई के पानी को लेकर परेशानी झेलनी पड़ रही है। पानी का प्रेशर भी कम आता है। सभी सेक्टर वासियों को इन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सोसाइटी में गार्ड व निवासी के साथ हुई जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। बिसरख थाना क्षेत्र की अम्रपाली लेजर वैली सोसाइटी में गार्ड और निवासियों के बीच जमकर मारपीट हुई। यह विवाद सोसाइटी में एंट्री को लेकर हुआ था। बिना स्टीकर वाली गाड़ी को गार्ड ने प्रवेश देने से मना कर दिया था। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। रेजिडेंट्स ने गार्ड्स के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना में सिक्योरिटी गार्डों के सिर फट गए। घटना की जानकारी सोसाइटी में हवा की तरफ फैल गई। मामले की जानकारी होते ही निवासियों और एओए ने थाना बिसरख पुलिस को शिकायत दी। इसके बाद नोएडा पुलिस ने दो युवकों को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। सिक्योरिटी ऑफिसर तेजपाल सिंह ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब हम अपनी ड्यूटी कर रहे थे। मामूली बात पर फरीदाबाद हरियाणा नंबर की लाल रंग की एमजी हेक्टर गाड़ी से आए तीन से चार युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। तेजपाल ने बताया कि उनकी



गाड़ी में स्टीकर नहीं होने के कारण एक गार्ड ने उनकी गाड़ी को सोसाइटी के मुख्य प्रवेश द्वार पर रोक लिया था। इससे ये लोग आग बाबूला होकर गाली-गलौच करने लगे। मामले को बढ़ता देख मेरे साथ अन्य सुरक्षाकर्मी भी मौके पर पहुंच गए।

इस घटना में मुझे हल्की चोट आई है, लेकिन मेरे असिस्टेंट गार्ड का सिर फट गया। उसके सिर में दस टांके लगे है। मुख्य सिक्योरिटी अफसर ने बताया कि इन युवकों ने सोसाइटी में एक विला रेंट पर लिया है। इसमें उन्होंने ऑफिस खोल रखा है। ये लोग कभी-कभी यहां आते है।

## छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन का किया गया वितरण

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद डिजीशक्ति योजना के तहत मंगलवार को रबूपुरा स्थित शांति देवी राजकीय महाविद्यालय में बच्चों को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किया। इस दौरान जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा को हाईटेक बनाने के लिए टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है। दुनिया





को मुट्ठी में करने का सपना संजोने वाले छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन से शिक्षा में लाभ मिलेगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं के उत्थान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। युवाओं को हाईटेक करने के लिए ही टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है।

इससे पहले जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने भाईपुर स्थित प्राचीन नानकेश्वर भोले के मंदिर पर पूजा अर्चना कर सभी देशवासियों के कल्याण की कामना की तथा एक जन संवाद के माध्यम से लोगों की समस्याएं जानी और उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग से उपरोक्त मंदिर में 81 लाख रुपए की धनराशि से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ भी कराया।

## सिरसा गांव में नालियों की सफाई व मरम्मत के कार्य शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सिरसा गांव में नालियों की सफाई और मरम्मत के कार्य शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को जेसीबी मशीन से नालियों में जमा कूड़े और गंदगी की सफाई कराई गई। दरअसल, गांव में नालियों में कूड़ा व गंदगी की वजह से पानी की निकासी न होने और रास्तों पर गंदा पानी आने की शिकायत मिली थी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने



परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह और वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह को मौके पर भेजकर नालियों की तत्काल सफाई व मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया। प्राधिकरण के वर्क सर्किल 8 की टीम ने जेसीबी लगाकर नालियों की सफाई व मरम्मत के कार्य कराए। वहीं सिरसा गांव में मुख्य मार्ग किनारे दुकानदारों ने कई जगहों पर रैंप बनाकर नालियों को ढक दिया है, जिससे सफाई कराने में दिक्कत हो रही है। प्राधिकरण ने कई जगह रैंप को तोड़कर नालियों की सफाई कराई है। साथ ही दुकानदारों को रैंप तोड़ने को कहा है ताकि नालियों की सफाई हो सके और पानी आसानी से निकल सके।

### सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि छत्रपति शिवाजी प्रशिक्षण समिति, कार्यालय शॉप नं0-2, लल्ला बाबू का चौराहा, के०पी० रोड, बुलन्दशहर का पंजीकृत कार्यालय परिवर्तित कर ग्राम रूस्तमपुर, पोस्ट रबूपुरा, जिला- गौतमबुद्धनगर-203209 कर दिया गया है। प्रबधसमिति की सूची वर्ष 2025-2026 के अनुसार सर्वश्री चन्द्रपाल सिंह- अध्यक्ष, धर्मेन्द्र उपाध्यक्ष, संजय सिंह प्रबन्धक सचिव, श्रीमती हेमलता डिप्टी मैनेजर, मनोज कुमार कोषाध्यक्ष, मनोज राणा सहसचिव एवं सत्यपाल सिंह, विनय प्रताप सिंह, अनिल कुमार, श्रीमती राजलता कुमारी, कपिल शर्मा सदस्यगण है। इस सम्बन्ध में किसी पदाधिकारी/सदस्यो को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति क्षेत्रीय कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटी एवं चिट्स, बी-2, सोमदत्त सिटी, गढ रोड, मेरठ में सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर साक्ष्य/प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय अवधि के बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज्ञा से, (संजय सिंह) प्रबन्धक/सचिव
छत्रपति शिवाजी प्रशिक्षण समिति,
कार्यालय शॉप नं0-2, लल्ला बाबू का चौराहा,
के०पी० रोड, बुलन्दशहर।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## ग्लोबल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री व एक्सेस अरेबिया के बीच समाझौता



■ **जीबीयू में अंतरराष्ट्रीय स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव का चल रहा है आयोजन**

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2025 का दूसरे दिन मंगलवार को गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा के सभागार में आयोजित किया गया। कॉन्क्लेव का दूसरा दिन डिप्लोमेसी और डिप्लोमेट के नाम रहा। इस दौरान ग्लोबल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और एक्सेस अरेबिया की बीच एक एएमयू भी साइन किया गया। इसके एजेंडे का मुख्य विषय अंतरराष्ट्रीय स्मार्ट सिटी के मानकों पर एक साथ आगे कार्य करने पर समझौता किया गया। ग्लोबल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सीईओ आशीष गुप्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर एक्वाडोर नई दिल्ली दूतावास के अम्बेसडर फर्नांडो बुचेली और रिपब्लिक ऑफ पलाऊ के काउंसल ऑफ जनरल डॉ. नीरज शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कॉन्क्लेव की शुरूआत की। इस मौके पर गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के डीन अर्पित भारद्वाज समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे। कॉन्क्लेव में मंगलवार का मुख्य एजेंडा डिप्लोमेसी पर आधारित था। इस दो देशों के डिप्लोमेट ने हिस्सा लिया। कॉन्क्लेव में ग्लोबल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और एक्सेस अरेबिया के बीच एक एएमयू साइन किया गया। इसके तहत दोनों के तरफ से कहा कि भारत में स्मार्ट सिटी को लेकर दोनों एक साथ मिलकर आगे काम करेंगे। ताकि स्मार्ट सिटी को आधुनिक सुविधाओं और तकनीक के साथ पर्यावरण के प्रति जागरुक किया जाय। वहीं गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के डीन अर्पित भारद्वाज ने अंतरराष्ट्रीय स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में कहा कि यूनिवर्सिटी के सभागार में चर्चा के लिए कई देशों के डिप्लोमेट आये हैं। यह गौतम बुद्ध विवि के लिए बड़े गर्व की बात है और यहां के छात्र छात्राओं को भी स्मार्ट सिटी को लेकर डिप्लोमेट के विचारों से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला है।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रौनीजा में कार्यालय उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 983/एस.टी. एस.डी.एम/2024 दिनांक 01.03.2025 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री अतर सिंह पुत्र खरगी निवासी ग्राम रौनीजा, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों / पारिवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रौनीजा | 22, 102 व 107 | स्व0 श्री अतर सिंह पुत्र खरगी निवासी ग्राम रौनीजा तहसील जेवर जिला- गौतमबुद्धनगर | सुमन्तया | पत्नी | 74 वर्ष | विधवा |
| | | | बिजेन्द्र | पुत्र | 48 वर्ष | विवाहित |
| | | | कुन्ती | पुत्री | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | प्रीती | पौत्री | 18 वर्ष | थ्ववाहित |
| | | | सुशीला | पुत्री | 32 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में उप जिलाधिकारी सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर से प्राप्त पारिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 914/एस०टी० एस०डी०एम०/2024 दिनांक 21.10.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व० श्री रामपाल पुत्र श्री पीरू निवासी ग्राम कनारसी, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 723 724 725 752 753 726 | स्व0 श्री रामपाल पुत्र श्री पीरू नि0 कनारसी परगना दनकौर, तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर | श्री मदनपाल | पुत्र | 59 वर्ष |
| | | | श्रीमती रूपवती पत्नी स्व0 टेकरान | पुत्रवधू | 41 वर्ष |
| | | | श्री आदेश कुमार | पौत्र | 32 वर्ष |
| | | | श्री सुदेश | पौत्री विवाहित | 30 वर्ष |
| | | | श्रीमती मुनेश | पौत्री विवाहित | 28 वर्ष |
| | | | श्री मनीष नागर | पौत्र | 24 वर्ष |
| | | | श्रीमती नीतू | पौत्री विवाहित | 27 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जनपद-गौतम बुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिसरख जलालपुर, तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या 643/5060 वर्ग मीटर, 647/7200 वर्ग मीटर, 549/1830 वर्ग मीटर के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैंक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 88वीं बैठक के मद संख्या-34 के क्रमांक-1 व मद संख्या-33 के क्रमांक-26 में श्री रामलाल पुत्र झासू व उदयवीर सिंह पुत्र रामबल सिंह व बादल बालिक, पवन, कृष्ण, विशाल आयु क्रमशः वर्ष सं० विमलेश माता स्वयं पुत्रगण इन्दर सिंह व विमलेश, सामन्ता पत्नी इन्दर निवासी ग्राम व श्री प्रमोद कुमार, सुरेन्द्र कुमार पुत्रगण नैनसिंह व श्रीमती शकुन्तला व श्रीमती यादवती पत्नियॉ नैनसिंह व रामलाल पुत्र झासू व रणवीर सिंह पुत्र राजसिंह निवासी ग्राम के पक्ष में लिया गया है, जिसमें खातेदार रामलाल पुत्र झासू निवासी ग्राम की मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसान श्री मुकेश यादव, भजनलाल पुत्रगण स्व० रामलाल निवासी ग्राम बिसरख जलालपुर, तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख अनुभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(पुष्पा यादव)
नायब तहसीलदार

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1520/एस०टी० एस०डी०एम०-सदर/10 दिनांक 23.11.10 स्व0 श्री महीपाल सिह मलिक पुत्र स्व० श्री महेन्द्र सिंह, नि० ग्राम पारसौल-दनकौर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यू दिनांक 18.10.2010, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 301 356 | स्व0 श्री महीपाल सिंह मलिक पुत्र स्व0 श्री महेन्द्र सिंह, नि0 ग्राम पारसौल-दनकौर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती जगवीरी | पत्नी | 68 वर्ष | |
| | | | श्रीमती रजनी | पुत्री | 45 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री विनोद कुमार मलिक | पुत्र | 43 वर्ष | |
| | | | श्रीमती मंजू | पत्री | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती बीना | पत्री | 35 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सन्तोष | पुत्री | 32 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 23 अप्रैल 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## सख़्त कार्रवाई हो रामदेव के खिलाफ़

अपना शरबत बाज़ार में उतारने के बाद पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव की ओर से इसी महीने की शुरुआत में दिए गए साम्प्रदायिकता व नफ़रत फैलाने वाले बयान पर बेशक दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को उन्हें जोरदार फटकार लगाते हुए कहा हो कि, 'इससे अदालत की अंतरात्मा को झटका लगा है। इसे माफ नहीं किया जा सकता,' पर सवाल यह है कि क्या खुद रामदेव इस बात को महसूस करेंगे कि वे अपने व्यवसायिक लाभ के लिये समाज को किस कदर बांट रहे हैं? इसके साथ ही सवाल यह भी है कि क्या सत्ता के नज़दीक होने का अर्थ यह है कि कोई भी रसूखदार कानूनों की परवाह किये बिना मर्जी के मुताबिक बयानबाजी करे? अब देखना यह होगा कि अदालत बाबा रामदेव के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती है या फिर उन्हें मात्र चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है। अदालत ने उन्हें अपने विवादास्पद वीडियो हटाने तथा भविष्य में ऐसे बयान न देने की सख्त ताकीद दी है। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को निर्धारित की गयी है। रामदेव के वकील को भी उपस्थित रहने के लिये कहा गया है। जस्टिस अमित बंसल ने सख्त आदेश देने की चेतावनी भी दी।

उल्लेखनीय है कि आयुर्वेदिक दवाएं बनाने वाले पतंजलि के संस्थापक व योग गुरु रामदेव ने 3 अप्रैल को अपना शरबत लॉंच करते हुए एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया था। इसमें वे अपने नये उत्पाद के प्रदर्शन के साथ यह कहते सुने गये- 'एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिदें बनती हैं। अगर आप वो शरबत पिएंगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे।' रामदेव ने यह भी कहा कि 'अगर आप पतंजलि का शरबत पिएंगे तो गुरुकुल बनेंगे, आचार्य कुलम बनेगा। पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। मैं कहता हूं कि ये शरबत जिहाद है। जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही 'शरबत जिहाद' भी चल रहा है।' उनका इशारा प्रसिद्ध शरबत रूह आफज़ा बनाने वाली कम्पनी हमदर्द की ओर था।

उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनके पक्ष-विपक्ष में बयानों व प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गयी थी। रूह आफज़ा, जिसे 1907 में हकीम हाफिज अब्दुल मजीद ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बनाया था पीलीभीत के पंजाबियां मोहल्ले के निवासियों ने रामदेव के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'रूह आफज़ा एक ऐसा पेय है जो हर धर्म के लोगों के दिलों को ठंडक देता है। इसे धार्मिक रंग देना गलत है।'

हालांकि विवाद बढ़ने पर रामदेव ने 12 अप्रैल को एक और वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने कहा कि, 'मैंने एक वीडियो डाला। उससे सबको मिर्ची लग गई। मेरे खिलाफ हजारों वीडियो बनाए गए। कहा जाने लगा कि मैंने शरबत जिहाद का नया शिगूफा छोड़ दिया। अरे मैंने क्या छेड़ा? ये तो है ही। लव जिहाद, लैंड जिहाद, वोट जिहाद, बहुत तरह के जिहाद चलाते हैं ये लोग। मैं यह नहीं कह रहा कि वे आतंकवादी हैं, लेकिन इतना जरूर है कि उनकी इस्लाम के प्रति निष्ठा है।'

अपना उत्पाद बेचने के लिये एक प्रतिष्ठित कम्पनी को यूं बदनाम करने की रामदेव की यह हरकत अधिकतर लोगों को पसंद नहीं आई थी। लोगों ने न केवल दोनों के उत्पादों की तुलना करते हुए रूह आफज़ा को बेहतर बतलाया बल्कि उन सारी सामाजिक कल्याण की गतिविधियों को भी सामने लाया जिनका संचालन हमदर्द कम्पनी करती है। रामदेव के खिलाफ मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दिल्ली के एक थाने में तो रिपोर्ट लिखाई ही, खुद हमदर्द कम्पनी ने न्यायालय का रूख किया था। कम्पनी के सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने इस बयान को 'हेट स्पीच' के समकक्ष बताया और कहा कि यह साम्प्रदायिक विभाजन करने जैसा है। रोहतगी ने आरोप लगाया कि रामदेव ने धर्म के आधार पर हमदर्द कंपनी पर हमला किया है। उनका कहना था कि रामदेव का नाम पर्याप्त मशहूर है और वे दूसरे प्रोडक्ट की बुराई किये बगैर पतंजलि का सामान बेच सकते हैं।

पतंजलि के वकील राजीव नायर ने वादा किया कि ऐसे सभी वीडियो हटा लिये जायेंगे। अदालत ने चेतावनी दी कि, 'रामदेव ऐसी बातें अपने दिमाग तक सीमित रखें। इन्हें जाहिर न करें।' रोहतगी ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों वाले मामले की भी याद दिलाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और उनके भागीदार बालकृष्ण को लोगों से माफी मांगने का आदेश दिया था। दोनों ने कोरोना की अंग्रेजी दवाओं के खिलाफ भी गलत बयान दिए थे। वैसे भ्रामक विज्ञापन मामले में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई थी। कोर्ट ने दोनों के माफीनामे स्वीकार करते हुए दोनों के खिलाफ़ दायर अवमानना का मामला बंद कर दिया था।

रामदेव बाबा को योग को लोकप्रिय बनाने का श्रेय तो जाता है लेकिन अपनी व्यवसायिक महत्वाकांक्षाओं तथा भारतीय जनता पार्टी की सरकारों से मिलने वाले अनपेक्षित लाभों के कारण वे विवादग्रस्त हो चुके हैं। उनकी पतंजलि कम्पनी आयुर्वेदिक दवाओं के साथ-साथ खान-पान की सामग्रियों, सौंदर्य प्रसाधनों और यहां तक कि जीन्स भी बनाती है। देश भर की सैकड़ों दुकानों एवं मेडिकल स्टोर्स में कम्पनी के उत्पाद बड़े पैमाने पर बिकते हैं। पतंजलि के उत्पाद कई राज्यों में बनते हैं। सत्ता से मिली शह के चलते रामदेव का कद इतना बड़ा हो गया है कि अधिकांश राज्यों में उन्हें एक तरह से राज्य अतिथि का दर्जा मिलता है और उन्हें जो भी सुविधाएं उनके व्यवसायिक कार्यों के लिये चाहिये होती हैं, वे चुटकी बजाते उपलब्ध हो जाती हैं। उनके अनेक उत्पाद गैर मानक घोषित किये जा चुके हैं लेकिन रामदेव किसी कार्रवाई की चिंता से मुक्त होकर अपने व्यवसाय का संचालन बेखटके करते हैं। उनके औद्योगिक साम्राज्य का सतत विस्तार हो रहा है। 2011 में समाजसेवी अन्ना हजारे के चलाये लोकपाल आंदोलन में अग्रणी रहे रामदेव अपना माल बेचने के लिये किसी भी स्तर तक जाते रहे हैं जिस पर लगाम ज़रूरी है।

# न्यायपालिका को सरकार की बांदी बनाने की मुहिम

इस समय केन्द्र सरकार के कुछ मंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट को जिस तरह गाली-गलौज की भाषा में धमकाया जा रहा है, उसे देखते हुए करीब चार दशक पुराना वाकया याद आ रहा है। उस समय राजीव गांधी की सरकार में एक मंत्री हुआ करते थे- बिहार के कमलाकांत तिवारी उर्फ के.के. तिवारी। वे अपने नाम के साथ 'प्रोफेसर' भी लिखते थे, जिससे ऐसा लगता था कि वे पढ़े-लिखे और शालीन व्यक्ति हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। उनकी काबिलियत यह थी कि वे अव्वल दर्जे के चापलूस, बदतमीज, बदजुबान थे।

राजीव गांधी और उनकी सरकार के खिलाफ बोलने-लिखने वाले किसी भी विपक्षी नेता या किसी बड़े पत्रकार के खिलाफ़ गाली-गलौज करने और उसका रिश्ता सीआईए या केजीबी से जोड़ने में के.के. तिवारी बिलकुल देर नहीं लगाते थे। इस सिलसिले में उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह तक को नहीं बख़्शा था। उन्होंने जैल सिंह के संबंध पंजाब के आतंकवादियों से जोड़ते हुए राष्ट्रपति भवन को साजिशों का अड्डा तक बता दिया था। हालांकि तिवारी को अपनी बदजुबानी की कीमत मंत्री पद से इस्तीफा देकर चुकानी पड़ी थी। उसके कुछ समय बाद हुए चुनाव में कांग्रेस भी सत्ता से बाहर हो गई थी। के.के. तिवारी का क्या हुआ, वे कहां हैं या नहीं हैं, किसी को नहीं मालूम।

बहरहाल नरेन्द्र मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के साथ टकराव के हालात बना रखे हैं। राजीव गांधी के पास तो एक ही के.के. तिवारी थे, लेकिन आज हम देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के पास के.के. तिवारीनुमा मंत्रियों और सांसदों की एक बड़ी फौज है जिसने सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। हैरानी की बात यह है कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस फौज की अगुवाई करते दिख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के दो फैसले टकराव का मुद्दा बने हुए हैं। एक फैसले में राज्यपालों की मनमानी पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य विधानसभा में पारित विधेयक को राज्यपाल अनंतकाल तक बिना मंजूरी दिए अपने पास नहीं रख सकेंगे। अगर राज्यपाल किसी विधेयक को खुद मंजूरी न देते हुए उसे राष्ट्रपति के पास भेजते हैं तो राष्ट्रपति को भी उस पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

यह सही है कि संविधान में इस बात का जिक्र नहीं है कि विधानसभा में पारित किसी विधेयक को राज्यपाल को कितने समय के अंदर मंजूरी देनी है। इसका यह मतलब भी नहीं है कि राज्यपाल अनिश्चितकाल तक विधेयक को बिना मंजूरी दिए अपने पास रख सकते हैं। अगर कोई राज्यपाल ऐसा करता है तो जाहिर है कि वह अपनी सरकार को काम नहीं करने देना चाहता है। आजादी के बाद लंबे समय तक इस मामले मे सुधार की जरूरत महसूस नहीं हुई या सुप्रीम कोर्ट को दखल देने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी, तो उसका कारण यह था कि किसी भी राज्यपाल ने महीनों और सालों तक विधेयक लटका कर नहीं रखे। यह समस्या अभी हाल के वर्षों में ही पैदा हुई है। हालांकि जिन राज्यों में भाजपा या उसके गठबंधन की सरकारें हैं, वहां इस तरह की कोई समस्या



अनिल जैन

> यह सही है कि संविधान में इस बात का जिक्र नहीं है कि विधानसभा में पारित किसी विधेयक को राज्यपाल को कितने समय के अंदर मंजूरी देनी है। इसका यह मतलब भी नहीं है कि राज्यपाल अनिश्चितकाल तक विधेयक को बिना मंजूरी दिए अपने पास रख सकते हैं। अगर कोई राज्यपाल ऐसा करता है तो जाहिर है कि वह अपनी सरकार को काम नहीं करने देना चाहता है।

नहीं है, परन्तु गैर भाजपा शासित लगभग सभी राज्यों में राज्यपालों ने अघोषित रूप से यह रवायत बना ली है कि वे सरकार को परेशान करने की नीयत से विधेयकों को लटकाए रखते हैं और कभी-कभी विधेयक को विवादास्पद बताकर उसे राष्ट्रपति के पास भेज देते हैं। राष्ट्रपति के पास भी वह विधेयक महीनों तक पड़ा रहता है। ऐसी ही समस्या का निदान करने के लिए ही तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा और विधेयकों की मंजूरी के लिए एक समय सीमा निश्चित करनी पड़ी।

यह फैसला आते ही उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्र सरकार के मंत्री बिफर पड़े और अमर्यादित भाषा में सुप्रीम कोर्ट को अपनी मर्यादा में रहने की नसीहत देने लगे। ऐसा नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज लोगों को यह नहीं मालूम है कि सुप्रीम कोर्ट को यह दखल क्यों देना पड़ा। उपराष्ट्रपति धनखड़ तो संवैधानिक मामलों के जानकार बताए जाते हैं। जाहिर है कि उन्हें राज्यपालों की बदनीयती और मनमानी पर संवैधानिक अंकुश मंजूर नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट से सरकार के टकराव का दूसरा मामला तो और भी ज्यादा संगीन स्थिति में पहुंच गया है। केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ़ संशोधन के प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाकर सरकार से कुछ स्पष्टीकरण मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश आते ही भाजपा नेताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश पर हमले शुरू हो गए हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, 'भारत में चल रहे गृह युद्धों के लिए प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं।' इस सिलसिले में दुबे ने अपनी जहरीली जुबान से देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी को भी निशाना बनाया। वक्फ़ संशोधन कानून को लेकर कुरैशी की एक पोस्ट के जवाब में दुबे ने कहा कि 'आप मुख्य चुनाव आयुक्त नहीं, मुस्लिम आयुक्त थे।'

देश के प्रधान न्यायाधीश पर दुबे के आपत्तिजनक और खतरनाक बयान के बाद भाजपा के दूसरे कई सांसदों और नेताओं ने भी सुप्रीम कोर्ट को अपनी हदों में रहने की नसीहत दी। हालांकि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निशिकांत दुबे और अन्य नेताओं के बयान से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनके बयानों से पार्टी सहमत नहीं है, ये उनके निजी बयान हैं। भाजपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी न्यायपालिका के खिलाफ ऐसी बातों को नापसंद करती है। उनकी इस सफाई से समझा गया कि भाजपा ने इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। मगर इसके बाद भाजपा के अंदर से जैसी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, उनसे विवाद में नया पहलू जुड़ा है। दो प्रतिनिधि बयान खास तौर पर गौरतलब हैं- पश्चिम बंगाल की भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने निशिकांत दुबे की बातों को दोहराते हुए कहा कि- 'उन्होंने सही बात कही है।' भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दुबे को 'सार्वजनिक रूप' से ऐसी बातें न बोलने की सलाह देते हुए कहा-'कभी-कभी सच बोलने से बचना पड़ता है।'

सत्ताधारी जमात के इकोसिस्टम के एक हिस्से ने तो सोशल मीडिया पर सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ नड्डा को भी निशाने पर ले लिया। उनके खिलाफ अपमानजनक हैशटैग ट्रेंड कराया गया, जिसके तहत कुछ लोगों ने उनसे इस्तीफ़े की मांग भी की। इससे विपक्ष के इस आरोप को वजन मिला कि दुबे ने जो कहा, वह सत्ताधारी जमात की असल मंशा को जाहिर करता है और नड्डा की सफाई महज रस्म अदायगी है। वक्फ़ संशोधन विधेयक का पारित कराना, उस पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक को लेकर निशिकांत दुबे का बयान तथा राज्यपालों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर उपराष्ट्रपति धनखड़ सहित तमाम भाजपा नेताओं के बयान भाजपा एवं उसकी सरकार की एक सोची-समझी रणनीति के हिस्से हैं।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट को ऐसी नसीहतें देने और सरकार व संसद को उससे ऊपर बताने का सिलसिला बहुत पहले से जारी है। कानून मंत्री रहते हुए रविशंकर प्रसाद कई मौकों पर ऐसी नसीहत दे चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने तो केरल के सबरीमाला मंदिर के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर 27 अक्टूबर 2018 को साफ शब्दों में कहा था- 'अदालतें किसी मामले में फैसला देते वक्त व्यावहारिक रुख अपनाएं और वैसे ही फैसले दें, जिन पर अमल किया जा सके।'

दरअसल संसद, चुनाव आयोग, जांच एजेंसियां और मीडिया को अपने अनुकूल बनाने के बाद अब न्यायपालिका ही ऐसी संस्था बची है जो पूरी तरह सरकार के काबू में नहीं आ पाई है। सो, उसे काबू में करने का अभियान छेड़ दिया गया है। सहयोगी दलों की बैसाखियों पर टिकी 240 लोकसभा सीटों वाली सरकार का यह दुस्साहस देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में 400 सीटें क्यों चाहिए थीं और अगर वे मिल जातीं तो क्या होता!

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक मंथन

**■ कल्याणी शंकर**

इस साल के अंत में बिहार में होने वाले चुनाव काफी अप्रत्याशित हैं। अभी तक, भाजपा, राजद, कांग्रेस या जद (यू) के लिए कोई आसान रास्ता नहीं है। बिहार की राजनीति में मंथन चुपचाप हो रहा है। सत्ता की गत्यात्मकता में संभावित बदलाव हो सकता है। पिछले दो दशकों से जनता दल (यूनाइटेड) के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाली भाजपा प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद कर रही है। राजद सरकार का मुखिया बनना चाहता है।

दो महत्वपूर्ण शक्ति समूह लड़ाई में हैं। एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ महागठबंधन, जिसमें राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। पार्टी के भीतर और भीतरी गतिशीलता पूरे जोश में है। एनडीए और महागठबंधन एक बड़े राजनीतिक मुकाबले के लिए सोची-समझी चाल चल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, लगातार उन राज्यों में जीत से उत्साहित भाजपा ने अब बिहार पर नज़रें गड़ा दी हैं।

बिहार की जातिगत राजनीति दिलचस्प है। पिछड़े वर्ग की आबादी 63.13प्रतिशत है, जबकि सवर्ण जातियां केवल 15.52प्रतिशत हैं। पिछड़े वर्ग की श्रेणी में अन्य पिछड़ा वर्ग 27.12 है, जबकि अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी 36प्रतिशत है। दलितों की संख्या लगभग 19.65 है और यादवों की संख्या 14.26प्रतिशत है। नीतीश कुमार की कुर्मी जाति, कुर्मी, जिसे ओबीसी के रूप में भी वर्गीकृत किया गया है, की आबादी 2.87प्रतिशत है। पिछले विधानसभा चुनावों में, लगभग 15प्रतिशत आबादी वाली उच्च जातियों ने कई पार्टियों में टिकट वितरण पर अपना दबदबा बनाया था। भाजपा ने अपने 47.3प्रतिशत टिकट उच्च जाति के उम्मीदवारों को दिये थे, जबकि कांग्रेस ने अपनी 40प्रतिशत सीटें उच्च जातियों को दी थीं।

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में, महागठबंधन 243 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत हासिल नहीं कर सका, केवल 12 सीटों से चूक गया। राजद सदन में सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी।

2025 के चुनावों के लिए, जेडी(यू) ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने की पुष्टि की है। जाने-माने चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि नीतीश कुमार अपना राजनीतिक करियर खत्म कर देंगे। राजद ने अपने नेता तेजस्वी यादव को चुना है। कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस महीने से शुरू हुई कांग्रेस और राजद के बीच बैठकों का सिलसिला जारी है।

जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी और भाजपा गठबंधन वर्तमान में बिहार पर शासन कर रहे हैं। नीतीश कुमार की बिगड़ती सेहत, जातिगत संतुलन और गठबंधन के कामकाज ने बिहार को एनडीए के लिए राजनीतिक रूप से अप्रत्याशित बना दिया है। अगर भाजपा नीतीश को चुनती भी है, तो उनके स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे चुनाव परिणाम को काफी प्रभावित कर सकते हैं। जेडीयू भाजपा के साथ ज़्यादा सीटों के लिए मोलभाव करना चाहती है। 2020 में जेडी(यू)ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा,लेकिन सिर्फ़ 43 सीटें ही जीत पायी थी। इसके विपरीत, भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 74 सीटें जीतीं।

राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ़्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन – वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी(यू) में विलय – चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं। 2020 के बाद से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम एनडीए के भीतर सत्ता समीकरण में बदलाव रहा है, जिसमें भाजपा मज़बूत होकर उभरी है। भाजपा ने रणनीतिक रूप से गैर-प्रमुख अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और गैर-प्रमुख दलित समुदायों को अपने पक्ष में किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के लिए बिहार गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही बिहार का दौरा करेंगे।

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक चौंकाने वाली घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने समाजवादी सहयोगी नीतीश कुमार के साथ सुलह करने के लिए तैयार हैं। इस बयान के जवाब में नीतीश ने कहा कि उन्होंने अनजाने में राजद के साथ गठबंधन कर लिया था। हालांकि, तेजस्वी यादव ने जोर देकर कहा कि महागठबंधन में नीतीश के लिए कोई जगह नहीं है। कई लोगों का मानना है कि अपने यू-टर्न के लिए मशहूर नीतीश पाला बदल सकते हैं।

> राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ़्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन – वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी( यू ) में विलय – चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं।

भारत के विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपनी समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। यह निर्णय 17 अप्रैल को पटना में छह गठबंधन सहयोगियों की बैठक के दौरान लिया गया।

महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दलों को चिंता है कि राजद सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करेगा। कांग्रेस पार्टी 2020 में उन्हें दी गयी कमजोर सीटों से नाखुश है। उसने पिछले चुनाव में जिन 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से उन्हें केवल 19 सीटें ही मिलीं। सीपीआई (एमएल), जिसने 2020 में अच्छा प्रदर्शन किया था, सीटों का बड़ा हिस्सा चाहती है। 2005 के बाद से, आरजेडी को 2015 और 2022 में छोटी अवधि को छोड़कर, सत्ता हासिल करने में कठिनाई हो रही है।

फिलहाल, तेजस्वी यादव के सामने दो मुख्य कार्य हैं। सबसे पहले, उन्हें मुसलमानों और यादवों के अपने मूल समूहों से परे अन्य जातियों को शामिल करने के लिए समर्थन का विस्तार करने की आवश्यकता है। इसके लिए एक मजबूत जमीनी स्तर का अभियान शामिल है, क्योंकि पारंपरिक मतदान के रुझान बदल रहे हैं। कांग्रेस ने बिहार में युवा नेतृत्व विकसित नहीं किया है। इसका पुराना कोर ग्रुप मुस्लिम और दलितों के वोट बैंक दूसरे दलों में चले गये हैं। पार्टी ने हाशिए पर पड़े समुदायों पर नज़र रखने के लिए 'संविधान नेतृत्व कार्यक्रम' शुरू किया है।

मुख्य दलों को अपने समूहों के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव की उम्मीद है। ध्यान देने वाली बात यह है कि नीतीश कुमार का ईबीसी बरकरार है और आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन को चुनौती दे रहा है।

नवंबर से पहले कई और बदलाव हो सकते हैं, जिन्हें देखना दिलचस्प होगा। राजनीति में एक सप्ताह लंबा माना जाता है। छह महीने वास्तव में लंबे होते हैं।



# ललित सुरजन की कलम से

## बिलासपुर की पांच बहनें

*'नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान प्रारंभ हुआ। यह मोदी सरकार के प्रमुखतम कार्यक्रमों में एक है। इसका उद्देश्य है कि भारत में जो लैंगिक असमानता सदियों से विद्यमान है, देश में लड़के व लड़कियों के अनुपात में एक बड़ी खाई बनी है वह बढ़ती जा रही है, उसे दूर किया जाए। कुछ प्रदेश लंबे समय से कन्या भ्रूण हत्या के लिए बदनाम रहे हैं। अगर बेटी हुई है तो जन्म होते ही उसे मार डालने के लोमहर्षक प्रसंग सामने आए हैं। यह भी अध्ययन से पता चला है कि शहरी पढ़े-लिखे सक्षम वर्ग में पुत्री के बजाय पुत्र को प्राथमिकता दी जा रही है। दिल्ली, मुंबई इत्यादि महानगरों के आंकड़े यही बयान करते हैं। कुछ समय पहले ही महाराष्ट्र के सांगली जिले में किसी जगह पर दर्जनों मृत भ्रूण प्राप्त हुए जिससे खलबली मच गई। अनुमान है कि आसपास के अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिकों में गर्भस्थ शिशु के लड़की होने की जानकारी मिलने के बाद गर्भपात करवा भ्रूण वहां दफनाए गए। इसकी खोजबीन जारी है, लेकिन कोई न्यायिक कार्रवाई हुई हो तो मेरी जानकारी में नहीं है।*

**( देशबन्धु में 18 मई 2017 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/05/blog-post_18.html

# पावन प्रसंग

## पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो, उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं। मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है।पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अत: मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार, संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढ़ी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं, और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होती है। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। च्पंचतंत्रज्तथा चहितोपदेशज इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र, हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है, जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

**-संजीव ठाकुर**

# आपके पत्र

## बैंक में खाता खोलने उम्र से कोई सरोकार नहीं

बैंक में खाता खोलने के लिए दस वर्ष के ऊपर के नाबालिग बच्चे के लिए आरबीआई ने मार्ग प्रशस्त किया है। दस वर्ष से ऊपर के बालक सावधि जमा, बचत खाता खोलने के लिए स्वतंत्र हैं और बच्चे संचालित कर सकते है। यह बदलते भारत की तस्वीर है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बैंक दिवास्वप्न के समान था। गांवो में गरीब वर्ग बैंक का नाम और काम भी नहीं जानते थे। लेकिन सरकार की विकासलक्षी योजनाओं के संचालित करने के बाद गरीब और निरक्षर लोग भी बैंक का रुख कर रहे हैं। आज गरीब और अनपढ़ लोग बैंक जाकर अपने रुपये का लेन-देन आसानी से कर रहे हैं। सरकार ने करोड़ों बैंक खाते खुलवा कर गरीब को अपना हक दिलाया है। सरकार के पैसे हर खातेदार के खाते में जमा हो रहे हैं। बिचौलिए देखते ही रह गए। आरबीआई की नीतियों के कारण दस वर्ष से ऊपर के बच्चे बचत खाता संचालित कर सकते हैं। इतना ही नही, अपने अभिभावकों के साथ खाता संचालित करने के लिए बैंक ने तमाम परेशानी को दूर कर दी है। बैंक अपने जोखिम प्रबंधन नीति, उत्पाद और ग्राहकों के आधार पर नाबालिग खाताधारकों को बैंक खाता संचालित करने की अनुमति प्रदान करता है। इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। नाबालिगों केखाते खोलने के लिए बैंक उचित जांच पड़ताल करेगा। यह सुविधा स्वागतयोग्य है और युवाओं की प्रतिभा और हुनर का विकासलक्षी योजनाओं की अभिवृद्धि होगी। संशोधित दिशानिर्देश के लिए आगामी जुलाई तक क्रियान्वयन शुरू कर दिया जाएगा।

**-कांतिलाल मांडोत**

## राष्ट्रपति पद को विवाद से दूर रखें

पिछले काफी समय से न्यायपालिका और राष्ट्रपति के पद की गरिमा पर बेवजह का विवाद छिड़ा हुआ है। राष्ट्रपति देश के प्रथम व्यक्ति व सर्वेसर्वा होते हैं। वे सेना के तीनों अंगों के प्रधान के साथ ही देश के प्रधान न्यायाधीश को शपथ ग्रहण कराते हैं। प्रधानमंत्री को भी देशहित में संवैधानिक नीति के लिए सलाह/स्वीकृति लेनी पड़ती है। लोकतंत्र के चारों स्तम्भ (कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका और प्रेस) सुचारु रूप से राष्ट्रहित में कार्य करें उस पर उनकी वैधानिक नजर रहती है। तब राष्ट्रपति देश के सर्वोच्च पदाधिकारी होते हैं अत: राष्ट्रपति की गरिमा और देश की अस्मिता देश और दुनिया में बरक़रार रहे इस हेतु उन पर किसी तरह के विवाद/बहस से लोकतंत्र के चारों स्तम्भों को दूर ही रहना चाहिए। ताकि किसी भी तरह का कोई विवाद पैदा न हो व राष्ट्र की गरिमा बनी रहे।

**शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर ( म.प्र. )**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## तेहरान ने की ईरान-अमेरिका वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता की खबरों का खंडन

**तेहरान,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। तेहरान ने ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता की खबरों का खंडन किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने यह जानकारी दी है। श्री बाकेई ने कहा कि ये सब मीडिया में चल रही अफवाहें और अटकलें हैं जो वास्तविकता से मेल नहीं खातीं। उन्होंने उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही जिनमें आरोप लगाया गया है कि सऊदी अरब ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थ के रूप में काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रियाद की आगामी यात्रा के दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच बैठक की व्यवस्था करना है।

# हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा : नेतन्याहू

### इजरायली प्रधानमंत्री ने हूती हमलों का कड़ा जवाब देने का लिया संकल्प

**यरुशलम,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि यमन के हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा।

श्री नेतन्याहू ने तेल अवीव में एक सार्वजनिक भाषण के दौरान यह धमकी दी, जिसमें उन्होंने हूतियों और उन सभी लोगों को संबोधित किया जिससे इजरायल को नुकसान पहुंचा है, उन्होंने कसम खाई और कहा कि इजरायल के खिलाफ कोई भी हमला बेकार नहीं जाएगा। इसका जोरदार जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जवाब किस रूप में दिया जाएगा, लेकिन कहा कि इजरायल अपने क्षेत्र पर लगातार हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यमन झमें हूती, जो इजरायल पर गोलीबारी करते रहते हैं, पहले ही इजरायल और अमेरिकी सहयोगियों से भारी हमले झेल चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि यमन स्थित हूती बलों ने इजरायल की ओर दर्जनों लंबी दूरी की मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए हैं और अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से लाल सागर



**इजरायल के खिलाफ कोई भी हमला बेकार नहीं जाएगा, हम अपने क्षेत्र पर लगातार हमलों को बर्दाश्त नहीं करेंगे : बेंजामिन नेतन्याहू**

में इजरायल से जुड़े शिपिंग को निशाना बनाया है, ताकि इजरायल की बमबारी के तहत फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाई जा सके। इज़रायली सेना और लाल सागर में तैनात अमेरिकी नेतृत्व वाले नौसैनिक गठबंधन ने यमन में कई घातक हवाई हमले किए हैं, जिनमें हूती समूह को रोकने के लिए हूती नियंत्रित क्षेत्रों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया है।

## यूक्रेन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर चर्चा करने की कोई ठोस योजना नहीं : क्रेमलिन



**मॉस्को।** रूस ने मंगलवार को कहा कि नागरिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ दोनों पक्षों की ओर से किए जा रहे हमलों को रोकने के यूक्रेन के हालिया प्रस्ताव को लेकर रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता के लिए कोई विशेष योजना नहीं है।
रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पुष्टि की है कि वह इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। इस मामले में हालांकि कोई विशेष विवरण नहीं दिया गया है। श्री पेसकोव ने आतंकवादियों द्वारा बैठक के लिए नागरिक सुविधा का उपयोग करने का उदाहरण देते हुए प्रस्ताव की बारीकियों की ओर इशारा किया, जैसे कि नागरिक बुनियादी ढांचा कब सैन्य लक्ष्य बनाया जा सकता है।

## पीएम मोदी की यात्रा से भारत-सऊदी अरब संबंधों को मिलेगी नई ऊंचाई : डॉ. सुहेल खान

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान पीएम मोदी सऊदी अरब में भारतीय कामगारों से मुलाकात करेंगे और दोनों देशों के बीच आर्थिक व रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेल अजाज खान का कहना है कि भारतीय प्रवासी समुदाय दोनों देशों के बीच सेतु का काम करता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047 और सऊदी अरब के 'विजन 2030' में काफी समानताएं हैं।

डॉ. सुहेल अजाज खान ने कहा कि प्रधानमंत्री का एक फैक्ट्री में जाकर भारतीय कामगारों से मिलना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारतीय समुदाय के योगदान को सम्मान देने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब से भारत को होने वाली रेमिटेंस भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती है। भारतीय समुदाय न केवल सऊदी अरब के विकास में भागीदार है, बल्कि भारत




**सऊदी अरब का 'विजन 2030' व भारत का 'विकसित भारत 2047' मिशन कई मायनों में समानताएं और तालमेल रखता है : डॉ. सुहेल अजाज खान**

के आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाता है।

डॉ. खान ने 'विकसित भारत 2047' मिशन में भारतीय प्रवासी समुदाय की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब का 'विजन 2030' और भारत का 'विकसित भारत 2047' मिशन कई मायनों में समानताएं और तालमेल रखता है। दोनों देश एक-दूसरे के अनुभव, विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठा सकते हैं।

## सुडोकू 6891

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | 3 | | |
| | | | | 1 | 3 | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | 7 | |
| | | 5 | 4 | | | | | 7 |
| 4 | 1 | | 7 | | 6 | | 3 | 5 |
| 3 | | | | | 5 | 6 | | |
| | 9 | 6 | | | | 7 | | |
| | 5 | | 8 | 9 | | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 23 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - आप का दिन मित्रों और सामाजिक कामों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन का खर्च भी करना पड़ेगा। आपके नए मित्र बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी रहेंगे। सरकारी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। विशेषकर व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति का भी योग है। कार्यालय में उच्च अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन - आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। तबीयत में थोड़ी कमजोरी रहेगी। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। संतान के विषय में समस्या होगी।

कर्क - आज के दिन आप पर नकारात्मक वृत्ति हावी रहेगी। परिणामस्वरूप मानसिक हताशा से घिरे रहेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

सिंह - आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों में आपका व्यवहार थोड़ा उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला - आज आप अपनी कल्पना शक्ति और सृजनशक्ति को उत्तम रूप से काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियों और चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपको आज का दिन शांतिपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। साथ ही मानसिक रूप से भी अस्वस्थता महसूस होगी। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु - आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। छोटी यात्रा की संभावना है।

मकर - न बोलने में नौ गुण, इस कहावत की सार्थकता को समझकर आप यदि वाणी पर संयम रखेंगे, तो अनर्थ से बच सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव न हो, उसके लिए यह आवश्यक है।

कुंभ - शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सभी तरह से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का रसास्वादन करेंगे।

मीन - अल्पकालिक लाभ लेने की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## टैरिफ पर वाशिंगटन-टोक्यो वार्ता के अच्छे नतीजे निकलने की उम्मीद : जॉर्ज ग्लास

**टोक्यो,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। जापान में अमेरिका के राजदूत जॉर्ज ग्लास ने मंगलवार को प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा से मुलाकात की। उन्होंने अमेरिका और जापान के टैरिफ (शुल्क) को लेकर बीच चल रही बातचीत के अच्छे नतीजे निकलने की उम्मीद जताई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, टैरिफ पर दूसरे दौर की बातचीत इस महीने के अंत में होगी। प्रधानमंत्री इशिबा से मुलाकात के बाद राजदूत ग्लास ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका और जापान इस समय आर्थिक और दोस्ती के मामले में स्वर्ण युग में हैं।

क्योडो न्यूज के मुताबिक, ग्लास ने आगे कहा कि अमेरिका और जापान, अपनी अर्थव्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि नतीजे अच्छे निकलेंगे।

जापानी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री इशिबा और राजदूत ग्लास ने अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ और जापान-अमेरिका के मौजूदा रिश्तों को लेकर बातचीत की। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के लिए फायदेमंद तरीके से अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई और राजदूत ग्लास ने इस पर सहमति जताई। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री इशिबा ने कहा कि जापान-



■ **टैरिफ पर दूसरे दौर की बातचीत इस महीने के अंत में होगी**

अमेरिका की साझेदारी जापान की विदेश नीति और सुरक्षा की मजबूत नींव है। उन्होंने आपसी लाभकारी सहयोग को बढ़ाने और इस साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई। अपने विचार साझा करते हुए राजदूत ग्लास ने कहा कि जापान-अमेरिका की साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। वे इसे और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहते हैं। बयान में आगे कहा गया कि दोनों पक्षों ने चीन और उत्तर कोरिया से जुड़े क्षेत्रीय हालात पर भी बातचीत की। जापानी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, सोमवार को जापानी विदेश मंत्री इवाया ताकेशी ने राजदूत ग्लास का स्वागत किया और जापान-अमेरिका गठबंधन को बढ़ावा देने के लिए स्पष्ट चर्चा करने की अपनी मंशा व्यक्त की।

## इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

**जकार्ता,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए।

मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 आंकी गई, लेकिन इससे बड़ी लहरें नहीं उठीं। भूकंप के झटके जकार्ता समयानुसार 17:17 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र केपुलांग तलौद रीजेंसी से 67 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में समुद्र तल से 107 किमी की गहराई पर स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की, क्योंकि भूकंप से विनाशकारी लहरों के उत्पन्न होने की आशंका नहीं हैं। गौरतलब है कि भूकंपीय रूप से सक्रिय प्रशांत रिंग ऑफ फायर पर स्थित इंडोनेशिया में अक्सर भूकंप आते रहते हैं और तीव्र टेक्टोनिक गतिविधि के कारण यहां 127 सक्रिय ज्वालामुखी हैं।




**भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 आंकी गई**

## वर्ग पहेली 6891

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**दायें से बायें:-**

१. चुना हुआ, निर्वाचित
३. सबसे नीचे
५. नामुकम्मल
६. पद, पैर
७. मोर्चाबंदी, रणनीति
८. गरमी के प्रभाव में रुकावट
१३. दूसरे की निंदा
१५. सागर
१६. सूर्य किरण, सूर्य
१७. वधिक
१८. जंगल, वन
२०. क्रूर्ण
२२. जिसे फायदा हुआ हो
२३. आकाशचारी

**ऊपर से नीचे:-**

१. अस्थिर और स्थिर
२. महारत,दक्षता
३. नि:शस्त्र
४. 'टेक्नीक'
५. कमी, किल्लत
९. सुदृढ़ मजबूत (उर्दू)
१०. खुदा का बनाया हुआ
११. गुलाम, सेवक
१२. भला आदमी
१४. एक वाद्य यंत्र
१७. आक्रमण (उर्दू)
१९. भूत, प्रेत
२०. आखिर नाश
२१. लोग

### वर्ग पहेली-6890

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ खा | सि | २ य | त | ■ | ■ | ३ वि | फ | ४ ल | ता |
| न | ■ | था | ■ | ५ कुं | ठि | त | ■ | क | ■ |
| ६ दा | खि | ल | ■ | भ | ■ | ७ र | ग | ड़ | ना |
| न | ■ | ८ भ | ९ य | ज | न | क | ■ | ना | ■ |
| ■ | १० स | ■ | था | ■ | ■ | ■ | ११ पा | ■ | १२ रा |
| १३ का | मा | य | नी | ■ | १४ बे | ■ | १५ स | रो | ज |
| ■ | न | ■ | १६ ति | रो | हि | त | ■ | ■ | नी |
| १७ बे | ता | ब | ■ | ■ | सा | ■ | १८ प्र | १९ ग | ति |
| ग | ■ | ■ | २० का | दं | ब | २१ री | ■ | वा | ■ |
| २२ म | धु | शा | ला | ■ | ■ | २३ छ | र | ह | रा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## पाकिस्तान के पंजाब में पुलिस अभियान में 10 आतंकवादी ढ़ेर



**इस्लामाबाद,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में एक संयुक्त सुरक्षा अभियान में कम से कम 10 आतंकवादी मारे गए। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक बयान में कहा गया कि मियांवाली जिले के मकरवाल क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया गया, जहां आतंकवादियों और कानून प्रवर्तन कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

बयान में कहा गया कि पंजाब पुलिस और आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में 10 से अधिक आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

## करियर लॉन्चर ने आईआईएम अहमदाबाद के फाइनल सेलेक्शन 2025-27 में रिकॉर्ड तोड़ रिजल्ट हासिल किए

नई दिल्ली 22 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भारत के टॉप कोचिंग प्लेटफ़ॉर्म में से एक करियर लॉन्चर (CL) ने 2025-27 बैच के लिए IIM अहमदाबाद के फाइनल सेलेक्शन में फिर से अच्छा रिजल्ट हासिल किया है। इस साल इस संस्थान के कुल 111 छात्र फ्लैगशिप पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (PGP), और 8 छात्र फ़ूड और एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट (FABM) कार्यक्रम के लिए चुने गए हैं। इस रिजल्ट से पता चलता है कि करियर लॉन्चर के छात्रों ने भारत के टॉप बिजनेस स्कूल में एक मजबूत प्रभाव डाला है। पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (PGP) में कुल बैच का लगभग 29 प्रतिशत करियर लॉन्चर के छात्र हैं। यह पिछले साल की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले साल 85 छात्रों का चयन ष्टरु से हुआ था। इस साल लगभग 380-385 कुल सीटों में से 111 छात्रों का चयन ष्टरुसे हुआ।



यह पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि है। साथ ही CL में इंटरव्यू कॉल से लेकर फाइनल सेलेक्शन तक 34 प्रतिशत सफलता दर थी, जो दर्शाता है कि CL की ट्रेनिंग और गाइडेंस कितना सही और प्रभावी है।

संस्थान की तरफ से विशेष और सम्मानित FABM प्रोग्राम में भी सफलता अर्जित हुई है। इस प्रोग्राम में 8 CL छात्रों को फाइनल ऑफर मिले हैं। वे कुल बैच का लगभग 18.8 प्रतिशत हिस्सा हैं। यह पिछले साल की तुलना में एक बड़ी वृद्धि है।

## आज का इतिहास

1504- सिखों के दूसरे धर्मगुरू अंगद का जन्म।
1564- कवि और नाटककार विलियम शेक्सपियर का जन्म।
1660- स्वीडन और पोलैंड ने ओलिवा संधि पर सहमति जतायी।
1908- डेनमार्क, जर्मनी,ब्रिटेन, फ्रांस, हालैंड और स्वीडन ने उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि(नाटो) पर हस्ताक्षर किये।
1935- यूरोपीय देश पोलैंड ने संविधन अपनाया।
1968- मशहूर गजल गायक बड़े गुलाम अली खान का निधन।
1992- प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक एवं भारत रत्न से सम्मानित सत्यजीत राय का निधन।
1992- मैकडॉनल्ड्स ने चीन में अपना पहला फास्ट-फूड रेस्तरां खोला।
2000- बहमिन की खाड़ी में वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 124 लोगों की मौत हुई।
2005- यूट्यूब पर पहली बार वीडियो अपलोड किया गया।
2007- रूस के पूर्व राष्टपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का निधन।
2013- वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने क्रिकेट इतिहास का सबसे तेज शतक मात्र 30 गेंदों में जड़ा।
2013- फ्रांस ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी दी।
2014- अफ्रीकी देश लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में भीषण ट्रेन दुर्घटना में 60 लोगों की मौत हुई और 80 से अधिक लोग घायल हुए।

**मामला** पाकिस्तान सिंधु नहर परियोजना को लेकर विरोध जारी

# वकीलों ने अनिश्चितकाल के लिए अदालतों का किया बहिष्कार

**इस्लामाबाद, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान में वकीलों के संगठन ने सिंधु नदी पर केंद्र सरकार की नहर परियोजना के खिलाफ अनिश्चितकाल के लिए अदालतों का बहिष्कार करने का ऐलान किया। वकील खैरपुर जिले के बबरलोई बाइपास पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना दे रहे हैं। यह धरना पिछले हफ्ते शुरू हुआ था। अब इसे और व्यापक करने का फैसला लिया गया। सिंध हाई कोर्ट बार एसोसिएशन और कराची बार एसोसिएशन के पदाधिकारी इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। कराची बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वकील आमिर नवाज ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सिंध के सभी बार एसोसिएशनों की बैठक में धरने को और बड़ा करने का फैसला लिया गया।**

इसके तहत अब अदालतों में कामकाज का बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर संघीय सरकार ने 72 घंटों के भीतर नहर परियोजना को रद्द करने की अधिसूचना जारी नहीं की, तो वकील रेलवे पटरियों को अवरुद्ध करेंगे। आमिर नवाज ने यह भी कहा कि अगर सरकार ने परियोजना रद्द नहीं की, तो वे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) से सरकार का साथ छोड़ने की मांग करेंगे। उन्होंने बताया कि यह धारणा गलत है कि केवल वकील ही इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। इसके खिलाफ एक-दो दिन बाद सिंध में डॉक्टर एक दिन की हड़ताल

**धरने को और व्यापक करने का लिया फैसला**



**यह धारणा गलत है कि केवल वकील ही परियोजना का विरोध कर रहे हैं। इसके खिलाफ सिंध में डॉक्टर एक दिन की हड़ताल करेंगे : आमिर नवाज**

करेंगे। हैदराबाद के एसएचसीबीए अध्यक्ष वकील अयाज हुसैन तुनियो ने एक स्थानीय न्यूज चैनल को बताया कि 72 घंटे की समय सीमा खत्म होने के बाद सुक्कुर जिले के रोहरी से रेलवे पटरियों को अवरुद्ध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में यह भी चर्चा हुई कि प्रांत में कुछ रास्तों से हो रहे अंतर-प्रांतीय यातायात को पूरी तरह बंद करना जरूरी है। तुनियो ने चिंता जताई कि बबरलोई में उनके धरना स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई अप्रिय घटना हुई, तो सुक्कुर के डीआईजी और खैरपुर के एसएसपी जिम्मेदार होंगे।

सिंध बार काउंसिल के विरोध प्रदर्शन के आह्वान पर लरकाना में सिंध हाई कोर्ट की सर्किट बेंच और निचली अदालतों में कई वकील पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार इस परियोजना को रद्द नहीं करती, तब तक बबरलोई बाइपास पर उनका धरना जारी रहेगा। इस परियोजना के खिलाफ विरोध केवल वकीलों तक सीमित नहीं है।

## दुनिया को जानें

### दक्षिण कोरिया ने चौथे जासूसी उपग्रह कक्षा में किया प्रक्षेपित

**सोल,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिडा स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से अपने पांच सैन्य टोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। देश के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस उपग्रह को सोमवार को केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से स्पेसएक्स फाल्कन 09 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने उड़ान भरने के 15 मिनट बाद उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। बाद में उपग्रह ने एक ग्राउंड स्टेशन से संपर्क स्थापित किया।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चौथे सैन्य टोही उपग्रह के सफल प्रक्षेपण ने हमारे सशस्त्र बलों की स्वतंत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को और मजबूत किया है। तीन उपग्रहों के पिछले सफल प्रक्षेपणों के साथ दक्षिण कोरियाई सेना अब उन्हें एक समूह के रूप में संचालित कर सकती है, जिससे टोही पुनरीक्षण समय में काफी कमी आएगी। इससे उत्तर कोरिया द्वारा संभावित उकसावे का अधिक सटीक और समय पर पता लगाने में मदद मिलती है। दक्षिण कोरिया ने दिसंबर 2023 में पहला टोही उपग्रह प्रक्षेपित किया था, जो उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजरी के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इन्फ्रारेड सेंसर से लैस है।

# प्रादेशिकी

## संविदा श्रमिकों का शोषण कर रहा विभाग : बिष्ट

**रुद्रप्रयाग।** संविदा श्रमिकों के हड़ताल पर चले जाने से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या गहरा जाएगी। गर्मी के सितम से पहले ही लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। ऊपर से उन्हें अब पानी जैसी गंभीर समस्या से भी जूझना पड़ेगा। पहले ही जिले में कई प्राकृतिक स्त्रोत भी सूख चुके हैं। अब संविदा श्रमिकों की हड़ताल के कारण पानी को लेकर लोगों को भटकना पड़ेगा। कांग्रेस जिला प्रवक्ता नरेन्द्र बिष्ट ने संविदा श्रमिकों की मांगों को जायज ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और जल संस्थान विभाग की नाकामी के कारण श्रमिकों को बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें न्यून वेतन दिया जा रहा है, जबकि इनके लिए अन्य कोई लाभकारी सुविधाएं भी नहीं हैं। जल संस्थान विभाग संविदा श्रमिकों का शोषण कर रहा है। ऐसे में जरूरी है कि विभाग को इनकी मांगों पर जल्द कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविदा श्रमिकों की हड़ताल के चलते जिले में पानी को लेकर हाहाकार मच जाएगा।

### हाईकोर्ट पहुंची रुद्रपुर मजार ध्वस्तीकरण की गूंज

## मिट्टी शिफ्ट करने के कोर्ट ने दिए आदेश, मांगा ब्यौरा

■ अमरनाथ तिवारी

**रुद्रपुर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड के रुद्रपुर में एनएचपर मजार ध्वस्तीकरण के खिलाफ मेंशन की गई पुरानी याची में एकलपीठ ने याची से कहा कि 24 घंटे के भीतर दो सदस्यों और मिट्टी शिफ्ट करने की भूमि का पूर्ण ब्यौरा मुहैय्या कराएं। न्यायालय ने यू.एस.नगर जिला प्रशासन से कहा कि तब तक मजार के ऊपर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। मामले की अगली सुनवाई कल बुधवार की दोपहर में होगी।

उधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर में इंदिरा चौक के समीप बनी सैय्यद मासूम शाह मिया और सज्जाद मिया की मजार को प्रशासन ने सोमवार तड़के सवेरे बुलडोजर की मदद से हटा दिया। यह कदम प्रस्तावित आठ लेन हाईवे परियोजना को अमली जामा पहनाने के लिए बताया जा रहा है। एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण)ने पहले ही संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर जानकारी दी थी। मजार को हटाने के लिए बुलडोजर लगाए गए और चंद घंटों में ही वहां समतल मैदान कर दिया गया। मंगलवार को मामले को लेकर याचिकाकर्ता वक्फ अल्लाह ताला की तरफ से अधिवक्ता खान ने मेंशन किया, जिसे न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने लंच के बाद सुना। सुनवाई के दौरान उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी और एस.एस.पी.ऑनलाइन उपस्थित हुए। उच्च न्यायालय में एनएच से मजार हटाने को लेकर पहले से सुनवाई चल रही है। जिलाधिकारी ने न्यायालय को बताया कि इस दरगाह का नाम हज़रत मासूम साह दरगाह था। ये भूमि वक्फ की भूमि नहीं है। कहा कि बीती दस फरवरी को एनएच ने 60 दिन पहले नोटिस दिया था और फिर दोबारा नोटिस देकर ये कार्यवाही की। ये 1960 से सड़क की दरगाह के रूप में दर्ज है। खसरा बनाने पर ये मजार दर्ज की गई थी। इसका नियमानुसार मुआवजा दिया गया है। न्यायमूर्ति थपलियाल ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से कहा कि वो दो लोगों की आधार कार्ड, फ़ोटो, ईमेल, फोन नंबर समेत सम्पूर्ण जानकारी दें जो मिट्टी लेकर जाएंगे। इसके अलावा 24 घंटे में शपथपत्र देकर बताएं कि वो इस मिट्टी को कहां स्थापित करेंगे ? अधिवक्ता खान ने कहा कि प्रशासन ने मजार ध्वस्त कर वहां कोलतार बिछा दिया और वहां ट्रैफिक चलने लगा है। कहा कि बीती रात तक वहां ट्रैफिक नहीं चल रहा था और तड़के सवेरे ध्वस्तीकरण के बाद ट्रैफिक चल गया। इसपर न्यायालय ने जिलाधिकारी और एसएसपी से डामरीकरण रोकने के साथ ही उक्त स्थल के ऊपर से ट्रैफिक की आवाजाही बन्द करने को कहा। सरकारी अधिवक्ता राजीव बिष्ट ने न्यायालय को बताया कि इस स्थल से दो हाइवे क्रॉस करते हैं। इससे ट्रैफिक की मुश्किलें हो रही है।



- 1960 से दरगाह के रूप में दर्ज है यह मजार
- डीएम व एसएसपी उधमसिंहनगर हाईकोर्ट में हुए पेश
- दो लोगों को मिट्टी ले जाने के लिए किया गया नियुक्त
- मजार की भूमि के लिए एनएसएआई दे चुका है मुआवजा

**उत्तराखण्ड के प्रवेश द्वार पर बनी मजार ध्वस्त**

उधमसिंहनगर। उत्तराखण्ड के प्रवेश द्वार रुद्रपुर के इंदिरा रोड पर बनी अवैध मजार को राष्ट्रीय राजमार्ग और जिला प्रशासन की टीम ने हटा दिया। इस मजार को हटाने से पहले नोटिस जारी किया गया था। जिसे मंगलवार तड़के ध्वस्त कर दिया गया है।

## हिमाचल को नशे से बचाने पर ध्यान केन्द्रित करें राजनीतिक दल : राज्यपाल

### राज्यपाल ने इंदौरा में नशामुक्ति जनजागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

**शिमला,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज जिला कांगड़ा के अंतर्गत इंदौरा स्थित बैरियर चौक से एक विशाल नशा विरोधी जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नशा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी और अन्य स्थानीय संस्थानों के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने इस रैली में भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति से प्रेरित पोस्टरों और बैनरों के माध्यम से हिमाचल को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया और नशामुक्ति की शपथ ली।

कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी रैली में भाग लिया और राज्यपाल के इस सराहनीय प्रयास को समर्थन दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राजनैतिक दलों को स्वयं के प्रचार से पूर्व हिमाचल को नशामुक्त बनाने के अभियान को प्राथमिकता देनी चाहिए। जब तक हम नशे को खत्म नहीं करेंगे, तब तक प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा नहीं कर पाएंगे इसके उपरांत मिनर्वा ग्रुप ऑफ कॉलेज के परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने नशामुक्त रैली में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नशामुक्त भारत की सोच से ही संभव हुआ है और अब यह जन आंदोलन बन चुका है। अब अभिभावक भी इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से लड़ने में सहयोग दे रहे हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने द्वारा तैयार किए गए नशा विरोधी पोस्टर अपने घरों और आसपास के स्थलों पर लगाएं ताकि इस सामाजिक बुराई के खिलाफ समाज में भी जागरूकता उत्पन्न हो सके।



■ प्रधानमंत्री की प्रेरणा से चला नशा मुक्ति हिमाचल अभियान: शुक्ल

## उत्तराखंड सचिवालय में बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य की गई

**देहरादून,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर है। शासन ने अब उत्तराखंड सचिवालय में भी बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य कर दी है। कुछ दिनों पहले शासन ने जिले के स्थित सभी विभागों, स्कूलों और हॉस्पिटलों में भी बायोमेट्रिक हाजिरी की अनिर्वायता का आदेश दिए थे।

मुख्य सचिव की तरफ से जारी किए गए आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि आगामी एक मई से उत्तराखंड सचिवालय में भी कर्मचारी की हाजिरी बायोमेट्रिक ही होगी। बता दें कि मुख्य सचिव बनने के बाद आईएएस आनंद वर्धन ने सभी विभागों में बायोमेट्रिक हाजिरी व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए थे। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए थे कि प्रमोशन के लिए सभी कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का पूरा ब्यौरा नियमित रूप से उपलब्ध कराना होगा, जो ऐसा नहीं करेंगा, उसके प्रमोशन में दिक्कत आ सकती हैं। मुख्य सचिव की तरफ आज एक और आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में उत्तराखंड सचिवालय में भी नियमित रूप बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने को कहा गया है। आदेश ने साफ किया गया है कि प्रत्येक कार्य दिवस में बायोमेट्रिक उपस्थिति करना अनिवार्य होगा। बता दें कि बीते काफी समय से इस तरह की शिकायतें मिल रही थी कि अधिकारी और कर्मचारी समय से अपने दफ्तरों में नहीं पहुंच रहे है, जिससे बाद ही शासन स्तर पर ये फैसला लिया गया था कि सभी सरकारी विभागों बायोमेट्रिक हाजिरी को अनिवार्य किया जाएगा। इसके साथ ही अब उत्तराखंड सचिवालय में इसे लागू किया गया है।

### सार संक्षेप

#### 30 जून से होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा आरंभ

**देहरादून।** इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से शुरू होगी। यात्रा का संचालन प्रदेश सरकार और विदेश मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदि कैलाश यात्रा के माध्यम से कोविड काल के बाद से बंद पड़ी मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने की राह आसान हुई है। यह यात्रा न केवल तीर्थयात्रियों के लिए, बल्कि देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख पास से प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा, जो कोविड महामारी के कारण वर्ष 2020 से संचालित नहीं हो पाई थी, अब 30 जून 2025 से पुनः शुरू हो रही है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से यह यात्रा फिर से शुरू हो रही है। सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय में आयोजित बैठक में कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 के संचालन के लिए विचार-विमर्श किया गया।

#### चंपावत सहकारी समिति में 81 लाख का गबन

**चम्पावत/नैनीताल।** उत्तराखंड के चंपावत जिले में एक बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति लि0 में 81 लाख से अधिक के गबन का मामला सामने आया है। आरोपी सचिव के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। मामला पाटी विकास खंड के दूबड़ बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति लि0 से जुड़ा है। जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे के अनुसार सहकारी जिला सहायक निबंधक की समीक्षा बैठक में दूबड़ समिति में गड़बड़ी के संकेत मिलने पर व्यापक सत्यापन कराया गया। सत्यापन के उपरांत प्रथम दृष्टया गबन, वित्तीय अनियमितता एवं अभिलेखों में कूटरचना की पुष्टि हुई। इस प्रकरण की जांच के लिए आठ अगस्त, 2024 को एक पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया।

#### अमृतसर सीमा पर हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एनसीबी के साथ मिलकर अमृतसर में हेरोइन के साथ एक तस्कर को पकड़ा। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि बीएसएफ की खुफिया शाखा द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई में, बीएसएफ और एनसीबी, अमृतसर के जवानों ने सोमवार रात अमृतसर के गांव रानियां के एक संदिग्ध घर पर छापा मारा और घर के आंगन में ईंटों के ढेर के नीचे छिपाए गए संदिग्ध हेरोइन के दो पैकेट के साथ एक तस्कर को पकड़ा।

#### सुडोकू 6891 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 4 | 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 5 | 9 | 3 |

## हिमाचल में चल रहे सड़क निर्माण के 73 हजार करोड़ के काम : टम्टा

**शिमला,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार केंद्र सरकार पर निराधार आरोप लगा रही है। हिमाचल प्रदेश में सड़के लाइफलाइन का काम करती है और वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 73000 करोड़ के सड़क निर्माण के काम चल रहे है। उन्होंने कहा कि अगर काम रुके हुए हैं तो केवल वर्तमान प्रदेश सरकार के कारण, क्योंकि किसी भी प्रकार की सरकारी क्लीयरेंस यह सरकार दे नहीं रही है, जिसके कारण हमारे करोड़ों रुपए के काम अटके पड़े है।

अगर प्रदेश सरकार अच्छे से काम करेगी तो हिमाचल प्रदेश में तेज गति से विकास होगा, केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि राज्य लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश (क्षेत्रीय कार्यालय शिमला, सड़क परिवहन और राजमार्ग) के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों का संक्षिप्त विवरण कुछ इस प्रकार है। हिमाचल प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 2592 किमी है, जिसमें से 1231 किमी पीडब्ल्यूडी/सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के पीआईयू को, 792 किमी एनएचएआई को और 569 किमी सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को सौंपी गई है। वर्तमान में, क्षेत्रीय कार्यालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय शिमला के अधीन 18 परिगोजनार चल रही हैं। उन्होंने कहा कि सीआरआईएफ की स्थिति हिमाचल प्रदेश राज्य में सीआरआईएफ परियोजनाओं (सड़क) की कुल स्वीकृत राशि 2287.66 करोड़ है, जिसमें से प्राप उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) के आधार पर 1329.48 करोड़ पहले ही जारी किए जा चुके हैं। वर्तमान बीओएस अनुपात 8.66 है। सेतु बंधन के अंतर्गत सीआरआईएफ कार्यों के लिए कुल स्वीकृत राशि 154.25 करोड़ रुपये है, जिसपें से 7.04 करोड़ रुपए प्राप्त यूसी के आधार पर जारी किए गए हैं।



■ हिमाचल से नहीं मिल रही क्लेरेंस, अटके पड़े विकास कार्य

## तीन दिवसीय सूर्या देवभूमि चैलेंज प्रतियोगिता का समापन

**रुद्रप्रयाग,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। केदारघाटी के सोनप्रयाग में भारतीय सेना की ओर से आयोजित सूर्या देवभूमि चैलेंज प्रतियोगिता का समापन गढ़रत्न लोकगायक नरेन्द्र सिंह नेगी के लोकगीतों के साथ हुआ। इस दौरान सेना के अधिकारियों की ओर पहाड़ी क्षेत्रों में बाइकिंग, रनिंग, माउंटेन और टेऊक्र रनिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। भारतीय सेना की ओर से तीन दिवसीय सूर्या देवभूमि चैलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 134 पुरूषों एवं सात महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने माउंटेन बाइकिंग, ट्रेल रनिंग और ट्रैक रनिंग के जरिये अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। प्रतियोगिता आयोजित कराने का मुख्य उददेश्य उतराखण्ड में साहसिक खेलों की गतिविधि को आगे बढ़ाना और यहां के इको-टूरिज्म को बढ़ावा देना था। 18 अप्रैल को प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तरकाशी के नेलांग से शुरू हुआ था और 19 अप्रैल को सभी प्रतिभागी टिहरी जिले के बूढ़ाकेदार पहुंचे। जिसके बाद 20 अप्रैल को सोनप्रयाग पहुंचकर प्रतियोगिता का समापन किया गया। पुरूष वर्ग 35 वर्षीय के कमलेश रावत प्रथम, नरेन्द्र सिंह द्वितीय, ऋषभ मिंगवाल तृतीय, 35 से 45 पुरूष आयु वर्ग में सतपाल प्रथम, कृणवेन्द्र सिंह द्वितीय और अरविंद सिंह तृतीय, 45 से अधिक पुरूष आयु वर्ग में कलम सिंह बिष्ट प्रथम, राजेन्द्र प्रसाद जोशी द्वितीय और शिवानंद तृतीय स्थान पर रहे। जबकि महिला 35 आयु वर्ग से कम में प्रीति, अंजलि भंडारी और कीर्ति यादव ने प्रतिभाग किया। महिला 45 आयु वर्ग में वंदना सिंह ने प्रतिभाग किया। 18 अप्रैल से आयोजित हुई प्रतियोगिता का सोनप्रयाग में समापन करते हुये मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्य सेनगुप्ता ने कहा कि सूर्या देवभूमि चैलेंज ने भारत में साहसिक खेलों के आयोजन में एक नया मापदंड स्थापित किया है और रोमांच चाहने वालों तथा प्रकृति प्रेमियों के लिये एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उत्तराखंड की स्थिति को पुष्ट किया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुये उनके दृढ़ विश्वास की सराहना की। इससे पूर्व गढ़रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी ने अपनी टीम के साथ अनेक लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी।



- गढ़रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी के गीतों ने बांधा समा
- केदारघाटी मंडाण ग्रुप की शिवभक्ति से गूंजी केदारघाटी

प्रकृति प्रेमियों के लिए उत्तराखंड सुरक्षित : लेफ्टिनेंट जनरल

### जल संस्थान कार्यालय में हड़ताल पर डटे संविदा श्रमिक

## न्यूनतम वेतन और ईपीएफ सहित अन्य समस्याओं के समाधान की मांग

**रुद्रप्रयाग,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ संयुक्त शाखा ने मांगों पर कार्यवाही नहीं होने पर जल संस्थान कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर हड़ताल शुरू कर दी है। श्रमिकों की माने तो जब तक उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं हो जाती, तब तक वे धरना स्थल पर डटे रहेंगे। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता को भी मांगों के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को संविदा श्रमिक रुद्रप्रयाग कोतवाली के पास स्थित जल संस्थान विभाग के कार्यालय में एकत्रित हुए। इसके बाद संविदा श्रमिकों ने सरकार और जल संस्थान विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर हड़ताल शुरू की। इस मौके पर श्रमिकों ने कहा कि बीते साल दस अक्टूबर को मुख्य महाप्रबंधक की अध्यक्षता में 15 बिन्दुओं पर समझौता हुआ था, जिसके आदेश प्रदेश के सभी जिलों के अधिशासी अभियंताओं को किये गये थे। मगर दुर्भाग्य यह कि रुद्रप्रयाग जनपद को छोड़कर अन्य सभी जनपदों के अधिशासी अभियंताओं ने श्रमिकों की मांगों पर कार्यवाही की। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से श्रमिक जल संस्थान विभाग में न्यून मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद भी उनकी सुध नहीं ली जा रही है।



■ कार्यवाही नहीं होने तक धरना रहेगा जारी

## कुठालगेट सौन्दर्यीकरण, साइड रोड कार्य युद्धस्तर पर जारी

**देहरादून,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के "संस्कृति परम्परा" संवर्धन के साथ विकास की अवधारणा के संकल्प को जिला प्रशासन फलीभूत करने का प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में शहर के सभी मार्गो, शहर के ड्रेनेज सिस्टम आदि समस्त क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है। कुठाल गेट सहित शहर के अन्य मार्गो के विस्तारीकरण, सुधारीकरण का कार्य युद्धस्तर पर पर गतिमान है। डीएम स्वयं इन कार्यो की अपने स्तर पर मॉनिटिरिंग कर रहे है। सीएम के निर्देशानुसार बड़ा मकसद लेकर चलें हैं सविन, प्राजेक्ट कुठालगेट में, जिससे कुठालगेट को सिर्फ एक्सीडेंट न्यूनीकरण नहीं, नई स्लीप रोड, पर्वतीय संस्कृति प्रदर्शन को संभव कर दिखया जिला प्रशासन ने। डीएम ने गहन विश्लेषण पश्चात: प्रशासन नजर पड़ी तो कुठाल गेट पर नवीन साइड मोटोरेबल स्लिप रोड निकाल दी।

## जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई, फसल ऑफलाइन खरीदी जाएगी : सैनी




**चंडीगढ़,** 22 अप्रैल (एजेंसियां) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि अब तक जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों के किसानों की फसल 'मेरी फसल—मेरा ब्यौरा' पोर्टल की बजाय ऑफलाइन माध्यम से खरीदी जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज यहां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों का मेरी फसल—मेरा ब्यौरा पोर्टल पर डाटा न होने के कारण वहां के किसानों को फसल बेचने में परेशानी हो रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए अब सरकार ने निर्णय लिया है कि पोर्टल की बजाय इन गांवों में ऑफलाइन माध्यम से खरीद करवाई जाएगी।

### पहलगाम हमले की सैनी ने की निंदा


**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की आलोचना की। श्री सैनी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर ट्वीट किया जिसमें उन्होंने लिखा है, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। श्री सैनी ने कहा है कि प्रभावितों को हर संभव सहायता पहुंचाई जा रही है और इस बुजदिल और घिनौने कृत्य को अंजाम देने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लिखा है, आतंक के खिलाफ हमारी लड़ाई अडिग है।

### सुरक्षा व्यवस्था व चारधाम यात्रा को लेकर आईजी गढ़वाल परिक्षेत्र ने ली बैठक

## चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के दिए निर्देश

**देहरादून,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक गढवाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय पौड़ी में परिक्षेत्रीय स्तर के राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक गढवाल परिक्षेत्र में आगामी शुरू होने वाली चार धाम यात्रा के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, हॉल्टिंग एरिया व रूट डायवर्जन आदि के सम्बन्ध में चर्चा कर सभी जनपदों जैसे टिहरी, पौड़ी, रूद्रप्रयाग आदि के सभी पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय व सूझबूझ से यातायत प्लान को जारी करें। साथ ही सुव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के साथ ही सड़क सुरक्षा कि लिए निर्देशित किया गया। हॉल्टिंग एरिया में मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय, लाईट का ध्यान रखा जाए जहां जहां पर इस प्रकार की व्यवस्थाएं पूरी नहीं हुई है उन जगहों पर सुविधा पूरी की जाए। चार धाम यात्रा में लगने वाले फोर्स को भलिभांति ब्रीफ कर ड्यूटियां लगानी सुनिश्चित की जाए। सड़क मार्ग पर जगह-जगह वाहन चालकों और तीर्थयात्रियों को यहां की सड़कों, अंधे मोड और डेंजर जोन से भी रूबरू करने के लिए साइन बोर्डो को तुरंत सड़कों पर लगाने के निर्देश दिए। यात्रा सीजन के दृष्टिगत आपदा उपकरणों को अभी से तैयारी की हालत में रखने तथा आपदा के कारण मुख्य सड़क मार्ग बन्द हो जाने पर वैकल्पिक मार्गो के बारे में जानकारी रखने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही फर्जी कॉपरेटिव सोसाइटी व कंपनी से सम्बन्धित धोखाधड़ी के मामले में गहनता से छानबीन करते हुए इस सम्बन्ध में जल्द से जल्द कार्रवाई करने तथा इस धोखाधड़ी में मिले बैंक खातों की सघनता से जांच करने व इसमें संलिप्त पाये जाने वाले लोगों के विरूद्ध आवश्य कार्रवाई करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



## जुब्बड़हट्टी माउंटेन टाउनशिप की स्थापना के लिए केन्द्र से मदद की दरकार

**शिमला,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सालों से अधर में लटकी जुब्बड़हट्टी माउंटेन टाउनशिप की स्थापना के लिए सरकार को केंद्र से मदद की दरकार है। केंद्र से मदद मिलने की स्थिति में सरकार इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर तेजी से आगे बढ़ सकती है। सरकार ने केंद्र के अर्बन चेलेंज कोष से मंजूरी के लिए माउंटेन टाउनशिप प्रोजेक्ट भेजा है। तकनीकी शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री राजेश धर्माणी ने अनौपचारिक बातचीत में बताया कि 500 करोड़ का प्रोजेक्ट मंजूरी को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मदद मिलने पर इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि शिमला से भीड़भाड़ कम करने के मकसद से राज्य में करीब एक दशक पूर्व तत्कालीन वीरभद्र सरकार में जुब्बड़हट्टी माउंटेन टाउनशिप विकसित करने बारे सोचा गया। टाउनशिप का प्रोजेक्ट तैयार हुआ। मगर धनाभाव व टीसीपी नियमों की पेचीदगियों की वजह से सिरे नहीं चढ़ सका। पूर्व जयराम सरकार के वक्त शिमला डेवलपमेंट प्लान में भवन निर्माण के मानकों में कुछ बदलाव किया गया। जुब्बड़हट्टी टाउनशिप में भी निर्माण के मानकों में बदलाव किया गया।

# प्रादेशिकी

## विकास और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : धर्मपाल

**मेरठ।** सर्किट हाउस में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन उ.प्र. प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा पशुधन मानव स्वास्थ्य से संबंधित संचारी रोग व भूसा बैंक, विकास एवं सुरक्षा के संबंध में अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में मंत्री ने विकास एवं सुरक्षा की समीक्षा करते हुये कहा कि विकास और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने समस्त विभागो की तीन माह की कार्य योजना तैयार करने और जनपद स्तर पर भूसा बैंक बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा को बनाये रखने हेतु अधिकारियो द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कोई भी फरियादी व पीडित आता है तो उसकी सुनवाई करते हुये तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### वाहन पंजीकरण प्रणाली में लापरवाही पर बड़ा कदम

## 51 डीलरों व 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को नोटिस

■ **जनवरी से मार्च 2025 के मध्य वाहन 4.0 पोर्टल पर दर्ज डाटा के विश्लेषण से निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की गई**



**लखनऊ,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। योगी सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वाहन पंजीकरण व्यवस्था को समयबद्ध, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाए रखने के लिए परिवहन विभाग नियमित डीलर प्वाइंट पंजीकरण प्रणाली की समीक्षा कर रहा है। जनवरी से मार्च 2025 के मध्य वाहन 4.0 पोर्टल पर दर्ज डाटा के विश्लेषण से निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि कई डीलरों द्वारा बिना पंजीकरण वाहन स्वामियों को वाहन सुपुर्द किए गए, आवश्यक दस्तावेज अपूर्ण या अपठनीय रूप में पोर्टल पर अपलोड किए गए और विभागीय निर्देशों की अनदेखी की गई। इसके अतिरिक्त एआरटीओ कार्यालय स्तर पर फाइलों की उचित निगरानी नहीं की गई, जिसके कारण पंजीकरण फाइलें लंबित रहीं।

वहीं, वाहन स्वामी को समय से आरसी न उपलब्ध कराने पर चाबुक चलाया गया। बताया गया कि पंजीकरण से पूर्व ही वाहन की डिलीवरी, अपठनीय, अपूर्ण अथवा असंगत दस्तावेजों की बार-बार अपलोडिंग, विभाग द्वारा फाइल रिवर्ट करने के बावजूद सुधार न करना और वाहन स्वामी को समय से पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) उपलब्ध न कराने पर कार्रवाई की गई। इन लापरवाहियों के आधार पर प्रदेश के 51 डीलरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें राजधानी लखनऊ का एक प्रमुख डीलर भी शामिल है। सभी डीलरों से 14 दिवस के भीतर स्पष्ट व संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने को कहा गया है, अन्यथा उनके ट्रेड सर्टिफिकेट के निलंबन अथवा निरस्तीकरण की विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

इन प्रकरणों में संबंधित जिलों के परिवहन कार्यालयों की प्रशासनिक उदासीनता भी उजागर हुई है। कई स्थानों पर एआरटीओ स्तर पर पंजीकरण फाइलों की लंबितता, त्रुटिपूर्ण फाइलों की स्वीकृति अथवा अनुपालन की समीक्षा न करना सामने आया है। इस कारण विभाग द्वारा 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप विभाग का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध और निर्बाध सेवा देना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परिवहन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वाहन पंजीकरण से संबंधित सेवाएं आम नागरिकों से सीधे जुड़ी हैं और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न तो डीलर और न ही विभागीय स्तर पर स्वीकार्य होगी। विभागीय आदेशों के पालन में विफलता को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अर्थ डे पर मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप ने दिया पर्यावरणीय बदलाव का संदेश

**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अर्थ-डे के अवसर पर मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप की सभी शाखाओं में एक साथ विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। इस सभा का उद्देश्य था दृ पृथ्वी को बचाने की आवश्यकता को लेकर बच्चों में जागरूकता फैलाना और यह संदेश देना कि अगर हम आज नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियाँ संकट में पड़ सकती हैं। 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' विषय के अंतर्गत छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के जरिए यह बताया कि पृथ्वी का संरक्षण केवल हमारे लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्पीच और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, और बढ़ते कार्बन फुटप्रिंट जैसे विषयों को उठाया और यह बताया कि हमें इन्हें रोकने के लिए हर संभव कदम उठाना होगा।




■ **पृथ्वी रक्षा के लिए बच्चों ने लिया संकल्प**
■ **विभिन्न प्रस्तुतियों के जरिए महत्व को दर्शाया**

इन प्रस्तुतियों में बच्चों ने पृथ्वी के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करने और उसे बचाने के लिए अपने व्यक्तिगत प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दिन की खासियत यह रही कि सभी विद्यार्थियों ने पृथ्वी रक्षा की प्रतिज्ञा ली। उन्होंने संकल्प लिया कि वे जल, ऊर्जा, और संसाधनों का बचाव करेंगे, पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझेंगे, और पृथ्वी को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप के सभी प्रधानाचार्यों ने संयुक्त रूप से कहा, यह आयोजन केवल एक पर्यावरणीय जागरूकता अभियान नहीं, बल्कि यह बच्चों के दिलों में पृथ्वी के प्रति एक गहरी जिम्मेदारी का अहसास है। जब हमारे बच्चे पृथ्वी की रक्षा के लिए संकल्प लेते हैं, तो इसका प्रभाव पूरे समाज में महसूस होता है। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को जागरूक किया, बल्कि पूरे समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को जागरूक करने का भी प्रयास किया। मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप का यह पहल पृथ्वी बचाने के प्रति एक स्थायी संकल्प का निर्माण कर रहा है, जो न केवल आज बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

अर्थ डे पर मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप ने दिया पर्यावरणीय बदलाव का संदेश, बच्चों ने लिया पृथ्वी रक्षा का संकल्प 22 अप्रैल 2025 को अर्थ डे के अवसर पर मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप की सभी शाखाओं में एक साथ विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। इस सभा का उद्देश्य था दृ पृथ्वी को बचाने की आवश्यकता को लेकर बच्चों में जागरूकता फैलाना और यह संदेश देना कि अगर हम आज नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियाँ संकट में पड़ सकती हैं।

### सार संक्षेप

#### मवाना में अवैध गतिविधियों के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


**मवाना।** राष्ट्रीय हिन्दू संघर्ष समिति के जनपद मेरठ के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र अग्रवाल के नेतृत्व में समिति के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी तहसील मवाना को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मवाना और हस्तिनापुर क्षेत्र में होटल्स के माध्यम से चल रही कथित वेश्यावृत्ति जैसी असामाजिक गतिविधियों पर चिंता जताई गई। ज्ञानेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि प्रशासन द्वारा पूर्व में कार्रवाई की गई है, लेकिन इसके बावजूद भी इन होटल्स की अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं लग पाई है। ग्रामीण क्षेत्रों में होटल्स की संख्या में तेजी से वृद्धि पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र न तो पर्यटन स्थल हैं और न ही बाहरी लोगों की रुकने की विशेष आवश्यकता होती है, जिससे स्पष्ट होता है कि इनकी आमदनी के स्रोत संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन पर समय-समय पर प्रशासनिक जांच नहीं की गई तो हिन्दू समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा और इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

#### छात्राओं ने लिया पृथ्वी को स्वच्छ रखने का संकल्प

**मवाना।** आरएलबी एकेडमी में विश्व अर्थ दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि वे मिलकर धरती मां को प्रदूषण मुक्त, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कार्य करेंगी। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 7 की छात्राओं ने एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पृथ्वी की महानता और उसकी सहनशीलता को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रितु शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती को स्वच्छ रखने के लिए हमें अधिक से अधिक हरे पेड़-पौधे लगाने चाहिए, जिससे पृथ्वी का श्रृंगार हो सके। अर्थ दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

#### अर्थ को स्वस्थ रखने में बच्चे निभा सकते हैं अहम भूमिकाः डॉ. ओमपाल

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में विश्व अर्थ दिवस को धूम धाम से मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन डा0 ओमपाल सिंह ने बच्चों को बताया कि किस तरह से वे कुछ बदलाव लाकर ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सकते हैं। जिसमें मुख्यतः हर जन्म दिवस पर एक पौधा लगाना, घर व कार में एसी का कम प्रयोग



करना, रेफ्रिजरेटर को कम से कम तीन घंटे के लिए बंद करना, पॉलीथिन का कम प्रयोग करना आदि शामिल हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य डा0 प्रवीन कुमार पथरा बच्चों को अर्थ को स्वस्थ रखने की शपथ के साथ कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया तथा ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले बदलावों से अवगत कराया व उन्हें जानकारी दी। ईको क्लब के बच्चों ने सभी को अर्थ को प्रदूषण से दूर रखने के उपाय सुझाए।

## अर्थ डे पर 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' को एक करने का संदेश दिया

**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु) ।वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में अर्थ डे मनाया गया जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। अर्थ डे के उपलक्ष्य में बच्चों ने पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने के लिए लघु नाटिका पेश कि तथा भिन्न-भिन्न प्रकार के स्लोगन लिखकर अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए संदेष भी लिखे। पृथ्वी दिवस 2025 की थीम हमारी शवित्त, हमारा ग्रह जिसमें सभी से अक्षय ऊर्जा के इर्द-गिर्द एकजुट होने का आहवान किया गया ताकि हम 2030 तक स्वच्छ बिजली को तीन गुना कर सकें।

धरा पर दिनोदिन बढ़ते हुए प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों ने कविताएँ स्लोगन व चित्रों के माध्यम




से पृथ्वी की मार्मिकता को दर्शाया जिसे सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने वसुंधरा को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की सलाह देते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को जागरूक व सचेत रहने का संदेश दिया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर समारोह आयोजित



■ **पौधे लगाकर पृथ्वी के प्रति लोगों को प्रेरित करने का प्रयास**

**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। डीएवी पब्लिक स्कूल हापुड़ में पृथ्वी दिवस का भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य डॉ विनीत त्यागी ने सभी को पृथ्वी दिवस केप्रथम बार मनाए जाने की आवश्यकताको बल देते हुए सर सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हम केवल इसी दिन पृथ्वी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करके अपने दायित्व से मुक्त नहीं हो सकते, बल्कि यह तो जीवन पर्यन्त चलने वाला दायित्व है जिससे हम उऋण नहीं हो सकते हैं। तत्पश्चात नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने कविया, भाषण, नृत्य आदि प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विध्यालय में सीनियर वर्ग के द्वारा, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक के माध्यम से पृथ्वी की महत्ता का संदेश प्रसारित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पृथ्वी के प्रति लोगों को प्रेरित करने का प्रयास किया, जोकि उनके व्यक्तित्व व भविष्य दोनों के लिए आवश्यक कदम है। प्रधानाचार्य जी ने कहा कि विद्यालय विध्यार्थियों के माध्यम से ही पर्यावरण के सरंक्षण की सुरक्षा के इस प्रकार के प्रयासों को प्राथमिकता प्रदान कर सकता है उन्होंने यह बताया की स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संगठनों में इस दिन को मनाने के लिए वृक्षारोपण, रैलियाँ, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताएँ और सफाई अभियान जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लोग प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेते हैं।

## विशाल जैन को मिला मोस्ट इंफ्लुएंशल यंग लीडर्स 2025 अवार्ड

**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। देश और विदेश में



शिक्षा की दुनिया में नया इतिहास रचते हुए विद्या यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर विशाल जैन को 'मोस्ट इंफ्लुएंशल यंग लीडर्स 2025' अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड एशियावन मैगजीन की ओर से प्रदान किया जाएगा। यह केवल श्री जैन की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्वविद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि पर पूरा विद्या परिवार गौरवांवित महसूस कर रहा है। चांसलर श्री प्रदीप कुमार जैन, कुलपति डॉ.हिरेन दोशी सहित सभी गणमान्यों ने श्री विशाल जैन को हार्दिक बधाई दी।

## 'लेजेंड्स ऑफ म्यूजिक' शोभित विश्वविद्यालय में संगीत का उत्सव

**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ के ऑडिटोरियम में उस समय संगीत और जोश की लहर दौड़ गई जब कल्चरल हेरिटेज क्लब द्वारा भव्य कार्यक्रम ष्लेजेंड्स ऑफ म्यूजिकष् का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद त्यागी, प्रतिकूलपति प्रो. (डॉ.) जयानंद, स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज के निदेशक प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार गोयल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के निर्णायक प्रो. (डॉ.) ज्योति शर्मा, तथा श्री अंकुर तोमर थे, जिन्होंने प्रतिभागियों की संगीत प्रतिभा और उत्साह की सराहना की। प्रतियोगिता में सोलो सिंगिंग, ग्रुप सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंटल तथा यूनिवर्सिटी बैंड के साथ सोलो सिंगिंग जैसी विभिन्न श्रेणियाँ शामिल थीं। मंच संचालन सौरव सिंह और वंशिका जैन ने उत्साहपूर्वक किया और दर्शकों को कार्यक्रम से जोड़े रखा। प्रतियोगिता के विजेता रहेरू प्रथम पुरस्कार दृ निपुण राज, द्वितीय पुरस्कार दृ आमिर, और तृतीय पुरस्कार दृ ओनेसिमस टीज। इस सफल आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने में छात्र संयोजकों प्रतीक तोमर और श्री कुणाल राणा, तथा संकाय संयोजक डॉ. सुरभी सरोहा का विशेष योगदान रहा।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण



**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व पृथ्वी दिवस पर विनायक विद्यापीठ के कल्चरल कमेटी एवं कम्यूनिटी आउटरीच क्लब के सदस्यों ने सयुक्त रूप से विनायक विद्यापीठ के कैंपस एव गांव पावली खास के स्कूल एव मंदिरों में पौधारोपण किया, जिसमे उनके कई प्रकार के फल देने वाले एवं छाया देने वाले पोधे लगाए , इसी के साथ साथ विद्यार्थियों एव गांव के लोगों को पौधों की रक्षा के शपथ भी दिलाई। क्लचरल कमेटी की समन्वयक स्वाती चौधरी एवं कम्यूनिटी आउटरीच क्लब की समन्वयक रीमा विकल ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें, क्योंकि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है उन्होंने कहा कि जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक साधनों की जरूरत, एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान की होती है। वहीं पृथ्वी वह सब हमें प्रदान करती है। इस अवसर पर डीन एकता, टीपीओ प्रवीन शर्मा, कल्चरल कमेटी समन्वयक स्वाति चैधरी, कम्युनिटी आउटरीच क्लब की। समन्वयक रीमा विकल,साइंस विभागाध्यक्ष विमलेश सिंह, सहायक प्रोफेसर मोहित कुमार, नरेश कुमार, सुपरवाइजर गौरव कश्यप के अलावा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## मवाना में निकली भव्य हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा

**मवाना,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय वैदिक हिन्दू संगठन द्वारा मवाना नगर में भव्य हनुमान जन्मोत्सव यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें एक दर्जन से अधिक भव्य झांकियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल गहलौत, राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट रवि हिन्दू, आयोजक गौरव गुर्जर और भाजपा नेता सचिन कौशिक ने सामूहिक रूप से फीता काटकर और भगवान हनुमान की पंचमुखी मूर्ति की पूजा-अर्चना कर किया। शोभायात्रा आशीर्वाद विवाह मंडप से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गोंकृझारखंडी मंदिर, रामबाग, थाना तिराहा, सुभाष चैक, गोल मार्केट, गाढ़ों वाला चैक, साकेत चैराहा, किला बस स्टैंड, भगत सिंह चैक, दयानंद बाजार, सुभाष बाजार आदि से होती हुई रामलीला मैदान में सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में निहंग सिखों के गतका अखाड़े ने रोमांचक करतब दिखाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। झांकियों में गणेश जी, शिव तांडव, राम दरबार आदि की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। डीजे और बैंड की धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। सुभाष चैक पर श्री गुरमत सेवा संघ के दीपक बजाज, हर्ष माटा, राजेश खन्ना, भरत अरोड़ा, विकास गुंबर, बॉबी अरोड़ा आदि ने शोभायात्रा का स्वागत कर जलपान वितरण किया। नगर के कई स्थानों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से मवाना थाना प्रभारी विशाल श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। शोभायात्रा में भाजपा मवाना मंडल अध्यक्ष सचिन कौशिक, विहिप जिलाध्यक्ष सुभाष गाबा, अमित बल्ले अपनी-अपनी टीमों के साथ उपस्थित रहे।

## अभिनव शर्मा ने क्लियर किया यूपीएससी परीक्षा, हासिल की 130वीं रैंक

**मवाना,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। बदायूं जिले के थाना दातागंज के गांव पडेली के रहने वाले दबंग इंस्पेक्टर रमेश चंद्र शर्मा के बेटे अभिनव शर्मा ने सिविल सेवा परीक्षा वर्ष 2024 के जारी रिजल्ट में ऑल इंडिया में 130वीं रैंक प्राप्त कर बदायूं जिले का नाम रोशन किया है। मंगलवार को यूपीएससी परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी किया गया जिसमें 1009 अभ्यर्थियों ने परीक्षा पास की है। प्रयागराज की रहने वाली शक्ति दूबे ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है। तो वहीं दबंग इंस्पेक्टर रमेश चंद्र शर्मा के बेटे अभिनव शर्मा ने 130वीं रैंक हासिल की है जिसके बाद उनके व उनके पिता के पास बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उनके पिता इंस्पेक्टर रमेश चंद्र शर्मा और माता शालिनी




शर्मा ने बताया कि अभिनव बचपन से ही बहुत क्रियेटिव माइंड रहे हैं और पढ़ाई लिखाई में उनकी विशेष रुचि रही है। अभिनव का बचपन से ही यूपीएससी परीक्षा पास करने का इरादा था इसके लिए उन्होंने दिन रात कठिन परिश्रम करके मेहनत करते हुए ये मुकाम हासिल किया है। अभिनव ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं पीएमएस मुरादाबाद से और आईआईटी पटना से बीटेक की डिग्री हासिल की इसके बाद उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में ज्वाइन

■ **अभिनव शर्मा व उनके पिता के पास बधाई देने वालों का लगा तांता**

किया और मंगलवार को 130वीं रैंक हासिल कर परिवार और अपने जिले का नाम रोशन किया है। उनके दादा जी खूब चंद शर्मा सेवानिवृत प्रधानाचार्य हैं जबकि बड़े भाई अभिषेक शर्मा रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज बरेली में एमबीबीएस चिकित्सक हैं अभिनव ने पूर्व में किच्छा जनपद उधमसिंहनगर से भी शिक्षा प्राप्त की है। उनके पिता रमेशचंद्र शर्मा मेरठ जनपद के सिविल लाइंस,हस्तिनापुर थाने में चार्ज पर रहे हैं और वर्तमान में मेरठ के ही दिल्लीगेट थाने के प्रभारी निरीक्षक हैं मेरठ जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में उन्होंने कई बड़े अपराधों की घटनाओं को खोला और मुजरिमों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया बढ़िया कार्यप्रणाली की वजह से रमेश चंद्र शर्मा अधिकारियों की पहली पसंद रहे हैं और उन्हें मेरठ जिले में दबंग इंस्पेक्टर कहा जाता है उनके बेटे की हासिल उपलब्धि के बाद से रमेश चंद्र शर्मा को भी बधाइयां मिल रही हैं और शुभकामनाएं देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। वहीं अभिनव शर्मा ने भी दैनिक विधान केसरी संवाददाता से वार्ता करते हुए कहा कि परमेश्वर और अपने बड़ों के आशीर्वाद से उन्हें ये मुकाम हासिल हुआ है उनका पहला कर्तव्य देश के प्रति है और सिविल सर्विस में रहकर वो देश की सेवा में अपना तन मन धन लगाएंगे।

## 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर 'वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण/संवर्धन पर जागरूकता रैली' आयोजित



**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर 'वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण/संवर्धन पर जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने उपस्थित स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाते हुए प्रकृति के अन्धाधुन्ध दोहन पर विराम लगाने की बात कही द्य 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय ध् संस्थान के मुख्य परिसर में आयोजित 'पर्यावरण संरक्षण वैश्विक जरुरत के साथ-साथ मौलिक कर्तव्य भी' विषय पर डिबेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, डा. मधु चतुर्वेदी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डेय, डा. वी.एन.झा, डा. एस.एन.साहू, डा. राजेश सिंह, डा. एना एरिक ब्राउन, डा. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डा. आशुतोष सिंह, डा. ओमप्रकाश गोसाई, डा. दिनेश कुमार गौतम, डा. अनिल जायसवाल, डा. तेजपाल सिंह, डा. रीना जोशी, डा. आरती गुप्ता, डा. अंजली भारद्वाज, कुमारी तनुश्री व्यास, डा. स्नेहलता गोस्वामी, डा. विकास कुमार पाण्डेय, दीक्षा जादौन, कुमारी अंजली ठाकुर के साथ मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा उपस्थित रहे।

### खुद के किचन गार्डन में सब्जियां उगाते हैं जैकी भगनानी

**मुंबई।** हर साल 22 अप्रैल को 'पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने में बॉलीवुड सितारे भी आगे आ रहे हैं। एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी ने भी जागरूकता का संदेश देते हुए बताया कि उनका एक किचन गार्डन है, जिसमें वह सब्जियां उगाते हैं। जैकी भगनानी ने कहा कि मैं ताजा और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करने की सलाह देता हूं। कोई भी व्यक्ति अपनी बालकनी या घर के पीछे खाद्य पदार्थ उगाकर छोटी शुरुआत कर सकता है। मैं कुछ समय से अपने बगीचे में सब्जियां उगा रहा हूं और एक किचन गार्डन बना रखा है। उन्होंने कहा मैं आपको नहीं बता सकता कि सब्जियों को उगाने से मुझे कितनी खुशी मिलती है, भले ही वह थोड़ी मात्रा में ही क्यों न हो।

वैज्ञानिकों ने वसायुक्त भोजन पर किया अध्ययन

# मीठा खाना दिमाग पर डालता है बुरा असर

**सिडनी,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने पाया है कि अधिक वसायुक्त और मीठा खाना दिमाग पर बुरा असर डालता है। सिडनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में यह जानने की कोशिश की कि ज्यादा वसा (फैट) और चीनी वाले खाने (विशेषकर रिफाइंड शुगर और सैचुरेटेड फैट) का असर हमारे दिमाग की दिशा पहचानने की क्षमता पर क्या होता है। इसे स्पाशियल नेविगेशन कहते हैं जो एक जगह से दूसरी जगह का रास्ता याद रखने की क्षमता होती है। जो बताती है कि आपके दिमाग का हिप्पोकैम्पस नाम का हिस्सा कितना स्वस्थ है। यह रिसर्च इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ओबेसिटी में छपी है। इस अध्ययन का नेतृत्व डॉ. डॉमिनिक ट्रान ने किया। उन्होंने बताया कि वसायुक्त और मीठा खाना खाने की आदत से दिमाग की कुछ क्षमताएं कमजोर हो सकती हैं, खासकर वह हिस्सा जो दिशा और याददाश्त से जुड़ा होता है। अच्छी बात यह है कि यह असर स्थायी नहीं होता। डॉ. ट्रान के मुताबिक अगर हम अपना खानपान सुधार लें, तो हमारा दिमाग फिर से अच्छा काम करने लगता है। जैसे कि किसी नई जगह रास्ता पहचानना या नया रास्ता याद रखना। इस अध्ययन में 18 से 38 साल की उम्र के 55 विश्वविद्यालय छात्रों को शामिल किया गया। उनसे पूछा गया कि वे कितना फैट और चीनी वाला खाना खाते हैं। फिर उनका वजन, याद रखने की क्षमता और दिमागी दिशा-ज्ञान की परीक्षा ली गई। इस परीक्षण में उन्हें वर्चुअल रियलिटी की एक भूलभुलैया में रखा गया, जहां उन्हें एक खजाने की पेटी का पता लगाना था। प्रयोग में लोगों को छह बार इस खजाने की पेटी ढूंढनी थी। भूलभुलैया के चारों ओर कुछ खास चीजें थीं, जिनकी मदद से लोग अपना रास्ता याद रख सकते थे। हर बार जब प्रयोग किया गया, तो शुरू करने की जगह और खजाने की पेटी की जगह एक ही थी।

अगर प्रतिभागी 4 मिनट के अंदर खजाना ढूंढ लेते, तो अगला राउंड शुरू हो जाता। अगर वे इतने समय में खजाना नहीं ढूंढ पाए, तो उन्हें तुरंत खज़ाने की जगह पर पहुंचा दिया गया और अगले राउंड से पहले उस जगह को अच्छी तरह से देखने के लिए 10 सेकंड दिए गए। जिन छात्रों ने कम फैट और कम शुगर वाला खाना खाया था, उन्होंने खजाने का स्थान ज्यादा सही ढंग से पहचाना। डॉ. ट्रान ने बताया यह देखा गया कि ज्यादा चीनी और फैट खाने वाले छात्रों का प्रदर्शन कमजोर रहा। इससे यह बात और पक्की हो जाती है कि अगर हम अपने खानपान में सुधार करें, तो हम अपने दिमाग को तेज और स्वस्थ बनाए रख सकते हैं।

वैज्ञानिक पहले से ही जानते हैं कि ज़्यादा फैट और शुगर खाना मोटापा, हार्ट की बीमारी और कुछ कैंसर की वजह बन सकता है। अब यह भी साफ हो रहा है कि यह आदत दिमाग को भी नुकसान पहुंचाती है और वह भी कम उम्र में। डॉ. ट्रान ने कहा कि यह शोध बताता है कि अच्छा खानपान सिर्फ शरीर ही नहीं, दिमाग की सेहत के लिए भी जरूरी है।



- 18 से 38 साल की उम्र के 55 विश्वविद्यालय छात्र अध्ययन में शामिल
- अच्छा खानपान सिर्फ शरीर ही नहीं, दिमाग की सेहत के लिए भी जरूरी

# डार्क सर्कल हो या पिंपल्स, बड़े काम की है मुंह की लार

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। डॉक्टरों के पास शारीरिक बीमारियों का इलाज मौजूद होता है। लेकिन कुछ बीमारियों के इलाज के लिए घरेलू पद्धतियां भी इस्तेमाल की जाती रही हैं, जिन्हें हम घरेलू इलाज कह सकते हैं। इस तरह के इलाज के लिए हर बार डॉक्टर के यहां जाना भी जरूरी नहीं है और हम अपने आस-पास मिलने वाली लाभदायक चीजों को औषधि के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे ही हमारे मुंह में मिलने वाली लार है, जिसका इस्तेमाल हम कई रोगों में कर सकते हैं। रिसर्च में सामने आया है कि मुंह की लार सेहत का भंडार है। इनसे मिलने वाले अनगिनत फायदों के बारे में आइए जानते हैं यहां।

मुंह की लार पाचन को बेहतर करने के साथ सेहत के लिए अन्य तरीकों से भी फायदेमंद है। अनियमित दिनचर्या हो या गलत खानपान, प्रदूषण हो या अन्य वजह, चेहरे पर कील-मुंहासे और रूखापन होना आम बात है। ऐसे में सुबह सोकर उठने के बाद मुंह की लार को चेहरे पर लगाने से इन समस्याओं में राहत मिलती है। इसका कारण लार में मौजूद एंटीसेप्टिक गुण हैं, जिससे कील-मुंहासों की समस्याएं दूर हो सकती हैं।

स्टडी के अनुसार सलाइवा में लाइसोजाइम एंजाइम होते हैं, जिससे चेहरे पर मुंहासे ठीक हो जाते हैं। खास बात है कि जिन लोगों की स्किन ऑयली होती है, उनके रोम छिद्र जल्दी बंद हो जाते हैं। ऐसे में लार को चेहरे पर लगाने से रोम छिद्र खुलते हैं और तैलीय त्वचा संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं।

जानकारी के अनुसार इंसानों की लार में ऐसे कई प्रोटीन भी होते हैं, जिससे घाव ठीक हो जाते हैं। सुबह की लार को केवल कील-मुंहासों को हटाने के लिहाज से ही नहीं, बल्कि और भी कई लिहाज से गुणकारी माना जाता है। रिसर्च में यह भी सामने आया है कि सुबह की बासी लार यदि आंखों पर काजल की तरह लगाई जाए, तो इससे आंखों का शुष्कपन खत्म हो जाता है और कई समस्याएं दूर हो सकती हैं।

कहते हैं सुबह की लार पेट के लिए भी बेहद लाभदायक होती है। जब आप पानी पीते हैं, तो रात भर मुंह में जमा लार पानी के साथ आपके पेट के अंदर जाता है, जो काफी फायदेमंद साबित होता है। यह पाचन संबंधित समस्याओं को भी दूर करने में सहायक है। वैसे भी कहते हैं कि पेट सफा, तो रोग दफा।

आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि शरीर के लिए लार बेहद आवश्यक होती है। ऐसे में यदि लार कम बन रही हो तो इसके लिए हमारी रसोई में ही उपाय मिल जाते हैं।

कई चीजें हैं जिनका सेवन करते हुए लार बनाया जा सकता है। इसके लिए मेथी, त्रिफला, आंवला के सेवन के साथ ही दातुन के इस्तेमाल से भी लार में वृद्धि होती है। नीम, करंज, बबूल, महुआ, जामुन, कदम्ब, आम, अमरूद, बेल, पीपल, अपामार्ग और बांस इत्यादि के दातुन फायदेमंद होते हैं।

आयुर्वेदाचार्य यह भी बताते हैं कि लार बनने की क्षमता किन-किन वजहों से कमजोर हो जाती है। केमिकल युक्त पेस्ट, नशा करने से या एलोपैथी दवा के साइड इफेक्ट से भी लार बनने की क्षमता प्रभावित होती है।



- मेथी, त्रिफला, आंवला के सेवन के साथ ही दातुन के इस्तेमाल से भी लार में वृद्धि
- आम, अमरूद, बेल, पीपल, अपामार्ग और बांस इत्यादि के दातुन फायदेमंद

# नया रिकार्ड कायम करने वाला ट्यूलिप गार्डन कल हो जाएगा बंद



■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रीनगर में जबरवान रेंज की तलहटी में स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन ने 26 दिवसीय ट्यूलिप शो 2025 के दौरान 8.14 लाख से अधिक पर्यटकों का स्वागत करके एक नया रिकार्ड बनाया है और अब इसे 24 अप्रैल को बंद कर दिया जाएगा क्योंकि टयूलिप के फूल मौसम की तल्खी को सहन नहीं कर पा रहे हैं।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 26 मार्च से 20 अप्रैल, 2025 तक कुल 8,14,727 पर्यटकों ने इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन का दौरा किया, जो पिछले सभी रिकॉर्डों को पार कर गया। रिकॉर्ड तोड़ने वाले पर्यटकों में स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक शामिल हैं, जो विभिन्न किस्मों के 1.7 मिलियन से अधिक ट्यूलिप के मंत्रमुग्ध कर देने वाले खिलने को देखने आए थे।

सबसे अधिक एकल-दिवसीय फुटफॉल 6 अप्रैल को दर्ज किया गया था, जब 81,352 टूरिस्ट बगीचे में आए थे शुरुआती सप्ताह में ही, उद्यान में 1.56 लाख से अधिक पर्यटक आए और हर गुजरते दिन के साथ यह गति बढ़ती ही गई, जो दुनिया भर के पर्यटकों के बीच वार्षिक ट्यूलिप उत्सव की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

आंकड़ों के अनुसार, 26 दिनों की अवधि के दौरान, उद्यान में आने वाले विदेशियों की संख्या 3121 हो गई है। अधिकारियों ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय बेहतर बुनियादी ढांचे, बढ़े हुए प्रचार अभियानों और खिलने के मौसम के दौरान अनुकूल मौसम की स्थिति को दिया।

उन्होंने कहा कि नए फूलों की क्यारियों, फव्वारों और पैदल चलने के रास्तों के साथ उद्यान की सौंदर्य अपील ने भी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया। फ्लोरीकल्चर विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि यह वर्ष अभूतपूर्व रहा है। पूर्ण खिलने, धूप वाले मौसम और उच्च पर्यटक आमद के संयोजन ने रिकॉर्ड फुटफॉल के लिए एकदम सही माहौल बनाया।

इस बीच, यहां के अधिकारियों ने ट्यूलिप गार्डन श्रीनगर को 24 अप्रैल से जनता के लिए बंद करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने बताया कि चूंकि ट्यूलिप खिलने का समय लगभग समाप्त हो चुका है, इसलिए उद्यान 24-अप्रैल-2025 से बंद रहेगा। ज़बरवान रेंज की तलहटी में स्थित यह उद्यान इस साल 26 मार्च को पर्यटकों के लिए खोला गया था। एक अधिकारी ने बताया कि ट्यूलिप सीजन के खत्म होने के साथ ही अधिकारियों ने 24 अप्रैल से आम जनता के लिए उद्यान को बंद करने का फैसला किया है।

# डॉ. अरविंद कुमार सिंह बने इंटरनेशनल जर्नल ऑफ आर्किटेक्चर, आर्ट्स एंड एप्लिकेशंस का एसोसिएट एडिटर

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ आर्किटेक्चर, आर्ट्स एंड एप्लिकेशंस, यह शोध-पत्रिका विश्वभर के शोधकर्ताओं की एक संपादकीय टीम बनाए रखता है, ताकि प्रत्येक शोध पत्र को संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा किया जा सके। इसी क्रम में, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन संकाय में सहायक प्रोफेसर डॉ. अरविंद कुमार सिंह को इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका के एसोसिएट एडिटर के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति डॉ. सिंह के दीर्घकालीन शैक्षणिक अनुभव और बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान को मान्यता प्रदान करती है। डॉ. सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में 24 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है, जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय में 6 वर्ष और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 14 वर्ष का शिक्षण अनुभव शामिल है, साथ ही 4 वर्षों का शोध एवं औद्योगिक अनुभव भी।



उन्होंने 6 पुस्तकें प्रकाशित की हैं और 100 से अधिक शोध-पत्र विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित किए हैं। इसके अलावा, उनके निर्देशन में शोधार्थियों द्वारा 11 पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी हैं, जो उनकी मार्गदर्शक भूमिका को दर्शाती हैं। इस शोध-पत्रिका की संपादकीय टीम में शामिल होकर डॉ. सिंह को विश्व स्तर के विद्वानों के साथ कार्य करने, नवीनतम शोध कार्यों की अग्रिम जानकारी प्राप्त करने, और अपने विषय में अनुसंधान की दिशा को प्रभावित करने का अवसर मिलेगा। यह सम्मान डॉ. अरविंद कुमार सिंह की अकादमिक प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। उनके संपादकीय योगदान से न केवल पत्रिका की गुणवत्ता और समृद्ध होगी, बल्कि यह आने वाले शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत भी बनेगा।

# ग्रेनो रोलर चैंपियंस ट्रॉफी चैम्पियनशिप में बच्चों ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में द्वितीय ग्रेनो चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। जिला ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश रावल ने बताया कि इस चैंपियनशिप का आयोजन ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा किया गया था।



इस चैंपियनशिप में 300 मीटर और 500 मीटर रेस में क्वाड, टॉय इनलाइन, एडजस्टेबल और इनलाइन स्केट केटेगरी में अंडर 4 से लेकर सीनियर वर्ग केटेगरी में बालक व बालिका दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बनारस और बरेली अलग अलग जिले से 339 खिलाडियों ने भाग लिया था। इस द्वितीय ग्रेनो चैंपियंस ट्रॉफी का ओवर ऑल विजेता 205 प्वाइंट्स से लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल रहा। इस चैंपियनशिप में ग्रेनो रोलर स्केटिंग अकादमी के 19 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें 15 खिलाडियों ने 300 मीटर रिंक रेस और 500 मीटर रोड रेस में मेडल जीतने में कामयाब रहे। यह सभी खिलाड़ी रोजाना 2-3 घंटे ग्रेनो के स्केटिंग कोच अनुज रावल से स्केटिंग का अभ्यास करते है। जिला रोलर स्केटिंग संघ के अध्यक्ष आकाश रावल ने खिलाडियों के मैडल जीतने पर बधाई दी।

# पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने वर्मीकम्पोस्टिंग और ई-कचरा प्रबंधन की जानकारी की साझा

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में, दूरदर्शन की एक टीम ने ग्रैड्स इंटरनेशनल स्कूल का दौरा किया और दो छात्र-नेतृत्व वाली संधारणीय परियोजनाओं का दस्तावेजीकरण किया, जो पर्यावरण शिक्षा और कार्रवाई के लिए स्कूल की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। परियोजनाओं- वर्मीकम्पोस्टिंग और ई-कचरा पृथक्करण और प्रबंधन- को ग्रेड 7 और ग्रेड 10 के छात्रों द्वारा विचारपूर्वक प्रस्तुत किया गया था। वर्मीकम्पोस्टिंग पर केंद्रित पहली परियोजना का संचालन विहान शर्मा ने किया और ग्रेड 7 के अधिराज ने विस्तार से समझाया। छात्रों ने दिखाया कि कैसे स्कूल के भीतर उत्पन्न जैविक कचरे को केंचुओं की मदद से पोषक तत्वों से भरपूर खाद में बदला जाता है। अधिराज ने प्रभावी ढंग से प्रक्रिया, मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए इसके लाभों और लैंडफिल कचरे को कम करने में इसके योगदान को रेखांकित किया। यह परियोजना न केवल संधारणीय अपशिष्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित करती है, बल्कि स्कूल के बागवानी प्रयासों का भी समर्थन करती है, जो इसमें शामिल सभी छात्रों के लिए एक व्यावहारिक और व्यावहारिक सीखने का अनुभव प्रदान करती है। दूसरी परियोजना ने ई-कचरा पृथक्करण और प्रबंधन में स्कूल के प्रयासों को प्रदर्शित किया।





इस कार्यक्रम की एंकरिंग इशिका ने की और 10वीं कक्षा के छात्र रुद्रांश ने इसकी व्याख्या की। दोनों ने इलेक्ट्रॉनिक कचरे की बढ़ती चुनौती और इसके अनुचित निपटान से जुड़े पर्यावरणीय जोखिमों पर प्रकाश डाला।

# पारुल सिंह ने भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष वानाथी श्रीनिवासन का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** बीजेपी राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष वानाथी श्रीनिवासन ने दिल्ली राज्य पैरा ओलंपिक समिति (डीएसपीसी) के कार्यालय का दौरा किया, जहां उनका स्वागत डीएसपीसी की अध्यक्ष पारुल सिंह ने किया। इस मौके पर दोनों ने विकलांग खिलाड़ियों का समर्थन और खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने पर चर्चा की। श्रीनिवासन ने विकलांग खिलाड़ियों के लिए अपने समर्थन को व्यक्त करते हुए कहा, 'यहां आकर और डीएसपीसी टीम से मिलकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। जो काम वे कर रहे हैं, वह विकलांग खिलाड़ियों के लिए बहुत जरूरी है। इससे उन्हें पहचान और अवसर मिलते हैं और मैं उनके काम का समर्थन करती हूँ।'



श्रीमती पारुल सिंह ने इस दौरे के महत्व के बारे में कहा, 'मैं वानाथी श्रीनिवासन की आभारी हूं, उनका समर्थन हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यह हमें याद दिलाता है कि जब हम मिलकर काम करते हैं, तो हम विकलांग खिलाड़ियों के लिए एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं, जहां उन्हें खेलों में सफलता पाने के समान मौके मिलें।' दोनों के बीच मुलाकात ने विकलांग खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और सफलता प्राप्त करने के समान अवसर सुनिश्चित करने के साझा दृष्टिकोण को उजागर किया।

# पृथ्वी दिवस का इतिहास, महत्व और इस साल की थीम



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। दुनिया भर में हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ धरती के संरक्षण की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों की याद दिलाना है।

पृथ्वी दिवस की शुरुआत सबसे पहले 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका में हुई थी। इसके पीछे की प्रेरणा थे अमेरिकी सीनेटर और पर्यावरण कार्यकर्ता जेलार्ड नेल्सन, जिन्होंने पर्यावरण सुरक्षा की आवश्यकता को समझते हुए यह अभियान शुरू किया था। बाद में इस पहल में उनके साथ डेनिस हायस जैसे एक्टिविस्ट भी जुड़ गए। और फिर देखते ही देखते यह एक वैश्विक अभियान बन गया।

1990 में जब पृथ्वी दिवस की 20वीं वर्षगांठ मनाई गई, तो दुनिया के 141 देशों के 20 करोड़ से अधिक लोगों ने इसको मनाया था। इसी के बाद 1992 में ब्राजील में आयोजित संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण और विकास पर कॉन्फ्रेंस की नींव रखी गई। तब से हर साल 22 अप्रैल को दुनिया भर में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

### प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों की बचत और उचित उपयोग

इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों की बचत और उचित उपयोग, रीसायक्लिंग को बढ़ावा देना और पेड़-पौधों को लगाकर धरती को हरा-भरा बनाना है।

इस वर्ष पृथ्वी दिवस 2025 की थीम 'आवर पावर, आवर अर्थ' है। इस थीम के जरिए दुनिया भर के लोगों, संगठनों और सरकारों को यह संदेश दिया जा रहा है कि उन्हें पारंपरिक, क्षय होने वाले ऊर्जा स्रोतों की जगह पुन: प्रयोग किए जाने योग्य ऊर्जा स्रोतों को अपनाना चाहिए। इस थीम का लक्ष्य 2030 तक वैश्विक स्तर पर अक्षय ऊर्जा उत्पादन को तीन गुना करना है। यह न सिर्फ पृथ्वी के भविष्य को सुरक्षित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी जीवन प्रणाली की नींव रखेगा।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर पेड़ लगाकर, प्लास्टिक का प्रयोग कम करके, ऊर्जा की बचत करके और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर हम भी इस अभियान में अपना योगदान दे सकते हैं।

# टाटा टी जागो रे का एआई अभियान- हर ग्रीन एक्शन से फर्क पड़ेगा





**नोएडा।** टाटा टी जागो रे प्रस्तुत कर रहा है अपना नया अभियान और इस बार ब्रांड जलवायु परिवर्तन से चल रही लड़ाई में अपना योगदान दे रहा है। हर ग्रीन एक्शन से फर्क पड़ेगा अभियान एआई -संचालित है, लोगों को अपनी रोज़ाना ज़िन्दगी में छोटे लेकिन सार्थक काम करने के लिए प्रेरित करना इसका उद्देश्य है, ताकि वे साथ मिलकर पर्यावरण पर अधिक सकारात्मक प्रभाव डाल सकें। हमारे समय के सबसे बड़े संकट - जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए टाटा टी जागो रे प्रतिबद्ध है और यह अभियान उसकी पुष्टि करता है, साथ ही, सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए उपभोक्ताओं को जागृत करने के लिए कैटेलिस्ट बनने के ब्रांड के उद्देश्य को आगे बढ़ाता है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेस (भारत और दक्षिण एशिया) के अध्यक्ष श्री पुनीत दास ने कहा, टाटा टी जागो रे ने हमेशा हमारे समय के प्रमुख सामाजिक मुद्दों पर समाज की सामूहिक चेतना को बढ़ाने में विश्वास किया है। हमें टाटा टी जागो रे की इस नवीनतम पहल को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। इसमें हम दिखा रहे हैं कि कैसे छोटे, रोज़ाना कार्य एक सार्थक अंतर ला सकते हैं। इसे गूगल क्लाउड की एआई तकनीकों का उपयोग करके बनाया गया है।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 2.58 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.89 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.78 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.41 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 4.88 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.30 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.93 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.68 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.25 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 1,01,350 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,11,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.40 | 89.74 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.52 | 120.08 |
| यूरो | 89.12 | 103.36 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.39 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**


| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5750-5850 |
| दाल चना | 6750-6850 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |



**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## विकसित भारत की यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशन : सीतारमण

**■ अभी शुरुआती दौर में है भारत की स्टार्ट-अप यात्रा**

**सैन फ्रांसिस्को, 22 अप्रैल (एजेंसियां)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की भारत की यात्रा केवल एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार-आधारित विकास के लिए एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। श्रीमती सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि महामारी के झटके और बैंकिंग संकट के बावजूद, पिछले दशक में हमारी प्रगति, मजबूत मैक्रोइकॉनोमिक बुनियादी बातों तथा स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा देती है। नतीजतन, भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो हमारी बढ़ती ताकत एवं वैश्विक प्रासंगिकता का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में, भारत की विकास गति को बनाए रखने के लिए, साहसिक सुधारों, मजबूत घरेलू क्षमताओं, नए संस्थागत साझेदारियों और उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल अनुकूली रणनीतियों पर आधारित एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पिछले दो केंद्रीय बजटों ने एक स्पष्ट बहुक्षेत्रीय नीति एजेंडे के साथ इस परिवर्तन की नींव रखी है। पिछले दशक में, बुनियादी ढांचे के विकास पर महत्वपूर्ण जोर ने निवेशकों के विश्वास को मजबूत करके विनिर्माण-आधारित विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है।



**भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो हमारी बढ़ती ताकत एवं वैश्विक प्रासंगिकता का स्पष्ट संकेत है : निर्मला सीतारमण**

उन्होंने कहा कि भारत में 65 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का मुख्यालय अमेरिका में है। ये जीसीसी अनुसंधान एवं विकास, प्रबंधन परामर्श और लेखा परीक्षा जैसे क्षेत्रों में उच्च-मूल्य-वर्धित, कस्टम सेवाएं प्रदान करते हैं। वहीं अमेरिका एक परिपक्व स्टार्ट-अप हब है जो 50-60 वर्षों में विकसित हुआ है, भारत की स्टार्ट-अप यात्रा अभी शुरुआती दौर में है।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि पिछले दशक के दौरान, सरकार का ध्यान विनियामक और अवसंरचनात्मक बाधाओं को दूर करके उद्यमशीलता के जोखिम उठाने की लागत को कम करने पर था।

**बदलते भारत के साथ बदल रहीं भारतीय महिलाएं : वित्त मंत्री**

**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत बदल रहा है और भारतीय महिलाएं भी बदल रहीं हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आग्रह पर कामकाजी महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को छह महीने तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि दो साल पहले, हम एक योजना लेकर आए थे, जिसके तहत हमने महिलाओं द्वारा जमा की गई जमाराशियों पर ब्याज दरों को बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया था, ताकि महिलाओं को अपनी बचत को घर पर नकदी के रूप में रखने के बजाय बैंकों में रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के नाम पर संपत्ति पंजीकरण में कर रियायतें हैं। पोषण योजना के तहत, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत, पक्के घरों का पंजीकरण या तो महिला के नाम पर या पुरुष सदस्य के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है। इस तरह भारत बदल रहा है और भारतीय महिलाएं भी बदल रही हैं।

## आरबीआई ने की बैंकों के लिए नई एलसीआर गाइडलाइंस जारी

**मुंबई, 22 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नई लिक्विडिटी कवरेज रेशियो (एलसीआर) गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसके तहत बैंकों को 1 अप्रैल, 2026 से इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग-इनेबल्ड रिटेल और स्मॉल बिजनेस कस्टमर डिपॉजिट पर 2.5 प्रतिशत का अतिरिक्त रन-ऑफ रेट आवंटित करना होगा। बैंकों को लिक्विडिटी एडजस्टमेंट फैसिलिटी (एलएएफ) और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) के तहत मार्जिन आवश्यकताओं के अनुरूप सरकारी प्रतिभूतियों (स्तर 1 एचक्यूएलए) के बाजार मूल्य को भी एडजस्ट करना होगा।

इसके अलावा, नई गाइडलाइंस में अन्य कानूनी संस्थाओं से होलसेल फंडिंग की संरचना को भी तर्कसंगत बनाया गया है। नतीजतन, ट्रस्ट (शैक्षणिक, धर्मार्थ और धार्मिक), पार्टनरशिप, एलएलपी आदि जैसी गैर-वित्तीय संस्थाओं



से फंडिंग पर वर्तमान में 100 प्रतिशत की तुलना में 40 प्रतिशत की कम रन-ऑफ रेट लागू होगी। आरबीआई ने बयान में कहा कि संशोधित गाइडलाइंस 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगी। इससे बैंकों को एलसीआर कैलकुलेशन के लिए अपने सिस्टम को नए मानकों में परिवर्तित करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

रिजर्व बैंक ने 31 दिसंबर, 2024 तक बैंकों द्वारा दिए गए आंकड़ों के आधार पर उपरोक्त उपायों का प्रभावी विश्लेषण किया है। यह अनुमान लगाया गया है कि इन उपायों के प्रभाव से उस तिथि तक बैंकों के एलसीआर में समग्र स्तर पर लगभग 6 प्रतिशत अंकों का सुधार होगा। इसके अलावा, सभी बैंक न्यूनतम एलसीआर आवश्यकताओं को आराम से पूरा करना जारी रखेंगे।

## प्रदूषण व सड़क हादसे कम करने में बच्चे निभाएं जिम्मेदारी : गडकरी

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (एजेंसियां)।** देश की सड़कों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने कई पहल शुरू की हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स और केंद्रीय विद्यालय संगठन ने मिलकर एसआईएएम-केवीएस रोड सेफ्टी ऑनलाइन एजुकेशन प्रोग्राम आयोजित किया।

राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली कैंट स्थित केंद्रीय विद्यालय 2 में मंगलवार को आयोजित हुए इस विशेष प्रोग्राम के तहत रोड सेफ्टी लर्निंग मॉड्यूल सुरक्षित सफर को लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम का हिस्सा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी रहे। यहां बच्चों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आने वाला समय हाइड्रोजन का है। हमें ऊर्जा को आयात करने वाला नहीं, निर्यात करने वाला देश बनना है।



**हमें ऊर्जा को आयात करने वाला नहीं, निर्यात करने वाला देश बनना है : नितिन गडकरी**

## टैरिफ वॉर के बावजूद 6.2 प्रतिशत रहेगी भारत की विकास दर : आईएमएफ

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (एजेंसियां)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने ट्रंप-टैरिफ से उत्पन्न व्यापार तनाव और अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए इस साल के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास पूर्वानुमान 0.5 प्रतिशत घटाकर 2.8 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि, उसने उम्मीद जताई है कि तमाम बाधाओं के बावजूद भारत की जीडीपी वृद्धि दर छह प्रतिशत से ऊपर रहेगी।

आईएमएफ ने मंगलवार को वाशिंगटन में अप्रैल 2025 का विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) जारी किया। इसमें कहा गया है कि जनवरी 2025 के डब्ल्यूईओ अपडेट के तुरंत बाद, अमेरिका ने प्रमुख व्यापारिक भागीदारों और महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर टैरिफ की कई घोषणाएं कीं। इस कारण से, हम उम्मीद करते हैं कि 2 अप्रैल को टैरिफ और अनिश्चितता दोनों में तेज वृद्धि से निकट भविष्य में वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण कमी आएगी। उसने वैश्विक विकास दर 2025 में 2.8 प्रतिशत और 2026 में तीन प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, दोनों जनवरी अपडेट के 3.3 प्रतिशत से कम हैं। आउटलुक में भारतीय अर्थव्यवस्था के 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ की घोषणाओं से पहले




**■ आईएमएफ ने अप्रैल 2025 का विश्व आर्थिक परिदृश्य किया जारी**

जनवरी 2025 में आईएमएफ ने दोनों वर्षों के लिए भारत का विकास अनुमान 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए 2025 में विकास का पूर्वानुमान 6.2 प्रतिशत पर अपेक्षाकृत अधिक स्थिर है, जिसे निजी खपत, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में समर्थन प्राप्त है। चीन के विकास अनुमान को घटाकर 2025 के लिए 4.0 प्रतिशत और अगले वर्ष के लिए 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, इस साल 1.8 प्रतिशत और 2026 में 1.7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि पूर्वानुमान के साथ अमेरिका पर अधिक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

**सार संक्षेप**

### रियल एस्टेट सेक्टर में जनवरी-मार्च में निवेश 47 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश इस साल जनवरी-मार्च अवधि में बढ़कर 0.81 अरब डॉलर हो गया है। इसमें सालाना आधार पर 47 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जो इस सेक्टर पर निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दिखाता है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म वेस्टियन की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली तिमाही में रियल एस्टेट सेक्टर में आए निवेश में रेजिडेंशियल 62 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर रहा है। बीते वर्ष समान अवधि में कुल निवेश में इस सेगमेंट की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही में रेजिडेंशियल में 506.1 मिलियन डॉलर का निवेश हुआ है। इसमें सालाना आधार पर 125 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। जनवरी-मार्च अवधि में कमर्शियल एसेट्स में 307.2 अरब डॉलर का निवेश हुआ है।

### भारतनेट परियोजना में 6.19 लाख गांवों तक पहुंचा 4जी मोबाइल कवरेज

**नई दिल्ली।** संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार भारतनेट के साथ-साथ, मोबाइल सम्पर्क के विस्तार के अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत दिसंबर 2024 तक देश भर में लगभग 6,25,853 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध करा दी गयी थी जिसमें 6,18,968 गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज पहुंच गया था। मंत्रालय ने भारत नेट के बारे में प्रश्नोत्तर के रूप में सोमवार को बताया कि इस कार्यक्रम से औसत मोबाइल ब्रॉडबैंड स्पीड में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और ये प्रयास डिजिटल अंतर पूरा करने में भारतनेट के पूरक हैं। डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने भारतनेट कार्यक्रम के तहत डिजिटल सेवाओं, डिजिटल गवर्नेंस तक पहुंच प्रदान कर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के माध्यम से डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

### जेफरीज ने हीरो मोटोकॉर्प व बजाज ऑटो के टारगेट प्राइस में की कटौती

**नई दिल्ली।** वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने आगामी वर्षों में दोपहिया वाहन इंडस्ट्री के कमजोर आउटलुक का हवाला देते हुए मंगलवार को हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो की रेटिंग घटा दी। जेफरीज की ओर से हीरो मोटोकॉर्प को अंडरपरफॉर्म की रेटिंग दी गई है, जबकि बजाज ऑटो को होल्ड की रेटिंग दी गई है। जेफरीज ने हीरो और बजाज ऑटो के टारगेट प्राइस में भी बड़ी कटौती की है। हीरो मोटोकॉर्प के लिए टारगेट प्राइस को 37 प्रतिशत घटाकर 3,200 रुपए कर दिया गया है, जो पहले 5,075 रुपए था। बजाज ऑटो के लिए टारगेट प्राइस को 28 प्रतिशत घटाकर 10,550 रुपए से 7,500 रुपए कर दिया गया है।

## आरबीआई के तरलता बढ़ाने के उपाय से चढ़ा बाजार


**■ सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 पर**

**■ निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 पर बंद**

**मुंबई, 22 अप्रैल (एजेंसियां)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जारी आलोचना से विश्व बाजार के कमजोर संकेत के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तंत्र में तरलता बढ़ाने के उपाय से स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और रियल्टी समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,252.46 अंक और स्मॉलकैप 0.82 प्रतिशत उछलकर 49,143.12 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4130 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2476 में लिवाली जबकि 1504 में बिकवाली हुई वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1834 में तेजी जबकि 1059 में गिरावट रही वहीं 93 में टिकाव रहा।

आरबीआई ने तरलता मानकों को और मजबूती देने तथा तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) ढांचे में संशोधन संबंधी अंतिम दिशा-निर्देश सोमवार को जारी किए हैं। केंद्रीय बैंक के इस उपाय से बीएसई के 11 समूहों में तेजी रही।




इस दौरान रियल्टी 2.40, एफएमसीजी 1.87, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.43, वित्तीय सेवाएं 0.66, हेल्थकेयर 0.75, कमोडिटीज 0.17, सीडी 0.72, इंडस्ट्रियल्स 0.27, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.61 और धातु समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत मजबूत रहे।

वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43, हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.16 और जापान के निक्केई में 0.17 प्रतिशत में गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 320 अंक की तेजी के साथ 79,728.39 अंक पर खुला लेकिन ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,253.44 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 79,824.30 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,408.50 अंक के मुकाबले 0.24 प्रतिशत चढ़कर 79,595.59 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें आईटीसी 2.58, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.89, एचडीएफसी बैंक 1.78, इटरनल 1.41, कोटक बैंक 1.11, एसबीआई 0.72, सन फार्मा 0.54, आईसीआईसीआई बैंक 0.47, नेस्ले इंडिया 0.30, टाटा मोटर्स 0.16, टेक महिंद्रा 0.13, टाइटन 0.01 और अल्ट्रासिम्को 0.01 प्रतिशत शामिल रहीं।

वहीं, इंडसइंड बैंक 4.88, पावरग्रिड 2.30, इंफोसिस 1.93, भारती एयरटेल 1.68, बजाज फिनसर्व 1.25, एनटीपीसी 1.10, अडानी पोर्ट्स 0.85, टाटा स्टील 0.79, एलटी 0.59, एशियन पेंट 0.47, एक्सिस बैंक 0.39, रिलायंस 0.38, बजाज फाइनेंस 0.26, टीसीएस 0.11 और मारुति के शेयरों ने 0.05 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## निफ्टी ने पूरे किए 29 साल

**मुंबई, 22 अप्रैल (एजेंसियां)।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य सूचकांक निफ्टी को करीब तीन दशक पूरे हो गए हैं और इस दौरान यह 1,000 से बढ़कर 26,000 के स्तर पर पहुंच गया है।




**■ एक हजार से 26 हजार तक के सफर में बनाए कई रिकॉर्ड**

अपने 29 साल के सफर में निफ्टी ने कई मुकाम हासिल किए हैं और निवेशकों का विश्वास हासिल किया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की ओर से निफ्टी को अपने ऑपरेशन शुरू करने के दो साल के बाद 22 अप्रैल, 1996 को लॉन्च किया गया था।

निफ्टी इंडेक्स को 3 नवंबर, 1995 की बेस डेट और 1,000 अंक की बेस वैल्यू के साथ लॉन्च किया गया था। वर्तमान में यह 15 सेक्टरों में भारत की 50 सबसे बड़ी कंपनियों के प्रदर्शन को ट्रैक करने के साथ, एनएसई के कुल फ्री-फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन के लगभग 55.48 प्रतिशत (28 मार्च, 2025 तक) का प्रतिनिधित्व करता है। निफ्टी का अब तक का सफर शानदार रहा है। 1999 में इसने 1,000 अंक, 2007 में 5,000 अंक और 2017 में 10,000 अंक का लेवल क्रॉस किया।

बड़ी संख्या में नए निवेशकों के जुड़ने से कोरोना के बाद आई गिरावट के बाद इसके बढ़ने की रफ्तार में तेजी आई और फरवरी 2021 में 15,000 और सितंबर 2024 में 26,000 का आंकड़ा पार किया।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (एजेंसियां)।** विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 36 रिंगिट बढ़कर 4106 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.41 सेंट की बढ़त लेकर 48.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3450-3550 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## खुदरा दुकानदार करेंगे 'क्विक कामर्स, ई-कॉमर्स' प्लेटफार्मों के विरुद्ध आंदोलन

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (एजेंसियां)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (एमरा), ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन (आईसीपीडीएफ) और ऑर्गनाइज्ड रिटेलर्स एसोसिएशन (ओरा) जैसे व्यापारिक संगठनों ने देश में 'क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स' मंचों के काम के तौर तरीकों से खुदरा दुकानदारों को हो रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन चलाने का संकल्प किया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के दुरुपयोग और उपभोक्ताओं की गणित आधारित मानसिकता से हो रही छेड़छाड़ पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ये कंपनियां (प्लेटफार्म) भारत को बनाना रिपब्लिक (कमजोर) समझती हैं, और मानती है कि यहां कानूनों की कोई अहमियत नहीं है। खुदरा व्यापारियों के इन संगठनों ने ने मंगलवार को यहां 'क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स का क्रूर चेहरा' विषय पर एक चर्चा आयोजित की थी जिसमें विदेशी विधि से संचालित ई-कॉमर्स कंपनियों और तथाकथित भारतीय क्विक कॉमर्स मंचों के बेलगाम, अनैतिक और कानून-विरोधी कार्यप्रणालियों पर चिंता व्यक्त की गई।




इस दौरान व्यापारिक संगठनों ने कहा कि भारत का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता पारंपरिक खुदरा व्यापार मौजूदा समय में ई-कॉमर्स कंपनियों के निशाने पर है, जो खुलेआम कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं, बाजार को विकृत कर रही हैं और छोटे व्यापारियों को योजनाबद्ध तरीके से बर्बाद कर रही हैं। श्री खंडेलवाल ने कहा कि 'क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स' कंपनियों के द्वारा बुनियादी ढांचा खड़ा करने की बजाय प्रत्यक्ष विदेशी इक्विटी पूंजी (एफडीआई) का इस्तेमाल करोबार में घाटा भरने, पैसे के बल पर छोटे दुकानदारों को खत्म करने और पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर कब्जा करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कब व्यापार नहीं रहा, यह मूल्यांकन की दौड़ है, जिसमें भारतीय खुदरा व्यापारी कुचले जा रहे हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया ने कहा कि एक मई से राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया जाएगा।

**ये कंपनियां भारत को कमजोर समझती हैं, और मानती है कि यहां कानूनों की कोई अहमियत नहीं है : प्रवीन खंडेलवाल, कैट के राष्ट्रीय महामंत्री**

# खेल जगत

## केकेआर जीतने के लिए नहीं खेल रहा था : फिंच

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने गुजरात टाइटन्स से 39 रन की हार में कोलकाता नाइट राइडर्स की तत्परता की कमी की आलोचना की, इसे रणनीतिक गलत निर्णय और डरपोक बल्लेबाजी का मामला बताया। उनके सबसे कड़े शब्द वेंकटेश अय्यर के लिए आरक्षित थे, जिन्होंने 19 गेंदों पर धीमी गति से 14 रन बनाकर केकेआर के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। फिंच ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के टाइम आउट पर कहा कि अगर आप बाउंड्री लगाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं तो आप स्कोर नहीं कर सकते। वेंकटेश की पहली प्रवृत्ति बस लेग साइड में टैप करना और एक रन लेना था। इस तरह से आप 200 रन का पीछा नहीं करते हैं। वेंकटेश पावरप्ले के अंदर केकेआर के 2 विकेट पर 43 रन पर चौथे नंबर पर आए।



# मुंबई अब हैदराबाद को हराकर फिर श्रेष्ठता साबित करने उतरेगी

■ हैदराबाद के लिए मुंबई से हिसाब चुकता करना आसान नहीं



**आईपीएल 2025**

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने धुरंधर बल्लेबाज रोहित शर्मा के सूर्य कुमार यादव के साथ आतिशी अविजित अर्द्धशतक और दूसरे विकेट की 114 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को रिटर्न मैच में नौ विकेट से हरा उससे आईपीएल 2025 में अपने मैच में मिली चार विकेट से हार का हिसाब चुकता कर लगातार तीसरी और मौजूदा सीजन में आठ मैचों में कुल चौथी जीत दर्ज की। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद से पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। अब पूरे रंग में लौट चुकी हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस अब रिटर्न मैच में भी सनराइजर्स हैदराबाद को बुधवार को उसके घर हैदराबाद में हरा एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करने के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने के लिए इरादे से उतरेगी। अपने कप्तान हार्दिक पांड्या और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भारत के जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट व दीपक चाहर जैसे तेज गेंदबाज की चतुर चौकड़ी की बदौलत ट्रेविस (अभिषेक शर्मा व ट्रेविज हेड)की सलामी जोड़ी को बांध कर उसकी आतिशी आगाज की मंशा पर पानी फेर उसे अभिषेक की 40 रन की तेज पारी के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को 20 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद शीर्ष क्रम में विल जैक की 26 गेंदों में 36 रन की तेज पारियों की बदौलत 11 गेंदों के बाकी रहते छह विकेट पर 166 रन पर बनाकर मैच जीता था। बेशक सनराइजर्स हैदराबाद की कोशिश मुंबई इंडियंस से हिसाब चुकता करने की होगी लेकिन मेहमान टीम के मौजूदा फॉर्म और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट के बाद कामयाब वापसी और कामचलाउ ऑफ स्पिनर विल जैक के गेंद से अहम योगदान के चलते यह कतई आसान नहीं होगा। मुंबई इंडियंस आठ मैचों में चार जीत के साथ छठे और सनराइजर्स सात मैचों में मात्र दो जीत के साथ दस टीमो में नौवें स्थान पर है। बेशक अभिषेक शर्मा व ट्रेविज हेड की सलामी जोड़ी और इशान किशन जैसे अपने विस्फोटक बल्लेबाजों पर और कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस व ईशान मलिंगा पर ही सनराइजर्स हैदराबाद की जीत का दारोमदार है। दिलचस्प बात यह है कि मौजूदा आईपीएल में अब तक जड़े कुल तीन में से दो सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने जड़े हैं जबकि इन दोनों के अलावा इकलौता शतक पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य ने जड़ा है। दरअसल सनराइजर्स हैदराबाद मैच और पिच के मिजाज को जेहन में रखे बिना केवल और केवल अकेले पहली ही गेंद से दे दनादन और टॉप गियर में बल्लेबाजी करने की कोशिश में बराबर गच्चा खा रही है और इसलिए वह शुरू के सात में मात्र दो ही जीत पाई जबकि पांच में उसे हार झेलनी पड़ी है। मुंबई इंडियंस ने जिस रणनीति से वानखेड़े में गेंदबाजी कर हैदराबाद के अभिषेक और हेड को रोका था उसकी काट खोजना मुंबई के बुमराह , हार्दिक व दीपक चाहर जैसे चतुर तृेज गेंदबाजों की मौजूदगी में कतई आसान नहीं होगा। मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी बात है कि उसके 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव आठ मैचों में दो अर्धशतक सहित दो बार अविजित राह 333 रन बना रन बनाने में चौथे , तिलक वर्मा आठ मैचों में दो अर्धशतक सहित 230 रन सलामी बल्लेबाज रेयन रिकल्टन एक अर्धशतक सहित कुल 204 रन, रोहित शर्मा 8 मैचों में एक अर्धशतक सहित कुल 158, हार्दिक पांड्या सात मचो में 104 रन बनाए हैं। मुंबई की चिंता सात मैचों विल जैक का मातर 91 रन बनाना है। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए हर्षल पटेल ने छह मैचों में 9 विकेट, कप्तान पैट कमिंस ने सात मैचों मे सात,मोहम्मद शमी ने सात मैचों में पांच, बाएं हाथ के स्पिनर जीशान अंसारी ने पांच मैचों में चार विकेट चटकाए हैं।पिछले मैच में खासतौर पर मुंबई के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, कप्तान हार्दिक पांड्या, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर जैसे तेज गेंदबाजों ने जिस तरह रफ्तार व चतुराई से गेंदबाजी की उसके सामने अकेले अभिषेक शर्मा ने 40 रन की सबसे बड़ी पारी जरूर खेली लेकिन खुल कर बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। अब मौजूदा आईपीएल अपना पहला पड़ाव पार कर दूसरे और आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ चुका है। ऐसे में बराबर मैचों के बाद पिच पर अब स्पिनरों का रोल अहम होता जाएगा। मुंबई के पास पर बाएं हाथ के मिचेल सेंटनर, विगनेश पुतुर के साथ कर्ण शर्मा जैसे सदाबहार स्पिनर तथा विल जैक जैसा कामचलाऊ तेज गेंदबाजों की चौकड़ी के साथ उसके गेंदबाजी आक्रमण को और धारदार बना सकता है। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ट्रेविज हेड सात मैचों में दो अर्धशतक सहित 242 रन, अभिषेक शर्मा एक शतक सहित 232 रन बना , अपने अर्धशतक तक को तरस रहे विस्फोटक हेनरिक क्लासेन सात मैचों में मात्र 210 रन, अनिकेत वर्मा 7 मैचों में एक अर्धशतक सहित 159, नीतिश रेड्डी सात मैचों केरु कुल 131 रन बनाए है। मुंबई के लिए कप्तान हार्दिक पांड्या ने सात मैचों में 11 विकेट, विगनेश पुतुर 4 मैच 6 विकेट, अश्विन कुमार 3 मैच 6 विकेट, दीपक चाहर 8 मैच 6 विकेट , ट्रेंट बोल्ट 8 मैच 6 विकेट, कर्ण शर्मा 2 मैच में 4 विकेट, जसप्रीत बुमराह ने चार मैचों में चार विकेट चटकाए हैं।खासतौर पर बुमराह की चतुराई के सामने शुरू और आखिरी के मारधाड़ वाले ओवर में भी रन बनाना हेड व अभिषेक ही नहीं दुनिया के किसी भी गेंदबाज के लिए बड़ी चुनौती है।

## रोहित जब रंग में आते तो प्रतिद्ंदी पस्त हो जाते हैं : पांड्या

हम जिस तरह से क्रिकेट खेल रहे हैं मुझे मालूम था कि यह बड़े स्कोर वाला मैच होने वाला है।रोहित और सूर्य कुमार यादव ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी बाहर बैठ कर इसे देखना राहत देने वाला था। आपको रोहित की फॉर्म को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। रोहित इसी अंदाज में लय में आते हैं। हमें मालूम है रोहित जब रंग में आते हैं तो प्रतिद्वंद्वी टीम पूरी तरह पस्त हो जाती है। सूर्य कुमार यादव ने उनके साथ बढ़िया कदमताल की। अब टीम में सभी रंगत पा योगदान कर रहे हैं। अब बेसिक्स पर काबिज हैं। हम कुछ चमत्कारिक करने की कोशिश की बजाय सामान्य औसत क्रिकेट खेल रहे हैं। हमने गेंदबाजों ने रन दिए और हम जानते थे कि सीएसके का 175 रन सामान्य से कम है। हम बहुत अच्छे से बहुत दूर नहीं है। हम यह जानना था कि उन गेंदों को देखना होगा जिन पर हम विकेट गंवा रहे थे। हमने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गति में बदलाव का चतुराई से इस्तेमाल किया। यॉर्कर का भी चतुराई से इस्तेमाल किया।



## मंधाना और बुमराह को विज्डन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ



क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14.92 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था।

## पुजारा ने केकेआर की बल्लेबाजी को जिम्मेदार ठहराया

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने गुजरात टाइटन्स से 39 रन से हारने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स की खतरनाक बल्लेबाजी पर सवाल उठाया है। उन्होंने न केवल वेंकटेश अय्यर की मंशा की कमी बल्कि टीम की योजना और डगआउट से संचार पर भी सवाल उठाए हैं। वेंकटेश को गुजरात के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर और लेग स्पिनर राशिद खान का मुकाबला करने के लिए नंबर 4 पर पदोन्नत किया गया था। हालांकि, बाएं हाथ का यह बल्लेबाज इस कदम को सही साबित करने में विफल रहा और 19 गेंदों पर बिना कोई बाउंड्री लगाए 14 रन बनाए। पुजारा ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट पर कहा कि मैं इस बात से सहमत हूं कि वेंकटेश ने वह भूमिका नहीं निभाई जो उसे निभानी चाहिए थी। लेकिन क्या उसे सिर्फ टिके रहने के लिए कहा गया था? क्या डगआउट से यह संदेश था कि जब राशिद गेंदबाजी कर रहे हों तो बस इधर-उधर घूमें? पुजारा के लिए, यह सिर्फ व्यक्तिगत निर्णय लेने की बात नहीं थी, बल्कि सामरिक स्पष्टता का एक



बड़ा सवाल था। टाइमआउट किसी कारण से होते हैं। जब आपको लगता है कि चीजें काम नहीं कर रही हैं, तो सपोर्ट स्टाफ को हस्तक्षेप करना चाहिए और स्पष्ट निर्देश देना चाहिए। ऐसा लगता है कि यह गायब था। पुजारा ने केकेआर

■ मैं इस बात से सहमत हूं कि वेंकटेश ने वह भूमिका नहीं निभाई जो उसे निभानी चाहिए थी : पुजारा

की गेंदबाजी पर भी ध्यान केंद्रित किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि जीटी ने ऐसी सतह पर 198 रन बनाए जो स्कोर के हिसाब से उतनी सपाट नहीं थी। पिच में पर्याप्त टर्न था। अगर आप ऐसी सतह पर आखिरी पांच ओवरों में 60 से ज्यादा रन दे रहे हैं, तो आपका निष्पादन कमजोर है। उन्हें उनको 180 के आसपास सीमित रखना चाहिए था। केकेआर 10 ओवर के बाद 2 विकेट पर 68 रन बना चुका था, उसे 13 रन प्रति ओवर की दर से 131 रन और चाहिए थे। पिच को ठीक से पढ़ न पाने और तत्परता की कमी के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा - ठीक वैसे ही जैसे पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में हुआ था, जहां वे 112 रन का पीछा नहीं कर पाए थे। पुजारा ने कहा कि यह सिर्फ बल्लेबाजी के ढहने की बात नहीं है; यह इस बात को समझने में विफल होने की बात है कि इस समय क्या जरूरी है। वे सभी विभागों में पीछे थे - रणनीति, स्पष्टता और क्रियान्वयन।

## केकेआर के बल्लेबाज खो चुके हैं आत्मविश्वास : ब्रावो

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे का कहना है कि उन्हें गेंदबाजों से 'कोई शिकायत नहीं' है और उनकी लड़खड़ाती बल्लेबाजी ही आठ में पांचवीं हार की मुख्य वजह है। केकेआर के मेंटर ड्वेन ब्रावो ने एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि मौजूदा चैंपियन आत्मविश्वास खो चुके हैं। केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, जिसके बाद गुजरात टाइटंस ने 198/3 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में केकेआर की टीम 159/8 पर सिमट गई और उन्हें 39 रनों से हार का सामना करना पड़ा। रहाणे ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगा कि 199 का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, और हमने गेंद से वापसी भी अच्छी की। जब आप 199 का पीछा कर रहे हों, तो आपको अच्छी शुरुआत की जरूरत होती है, जो हमारे लिए पूरे टूर्नामेंट में समस्या रही है। हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में चूक हुई। अब हमें जल्दी से सीखना होगा और आगे बढ़ते रहना होगा। ब्रावो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंद्रे रसेल के प्रदर्शन (छह पारियों में 55 रन, स्ट्राइक रेट 119.56) पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हमने एक टीम के रूप में अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, यही सच्चाई है।



## सार संक्षेप

### शास्त्री ने सिटी को रौंदा, जुबा संघा की आसान जीत

**नई दिल्ली।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में मंगलवार को शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को तथा महिला वर्ग की वूमेंस प्रीमियर लीग में जुबासंघा ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को हराया। आज यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के मुकाबले में शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को 7-1 से रौंदकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। शास्त्री क्लब के लिए एंडी, होकिप और वंशनगलांग ने दो दो गोल किये। सेमन ने एक गोल दागा। पराजित टीम सिटी एफसी के लिए अक्षय राज ने एक गोल किया। दिन के पहले मुकाबले में अजमल एफसी ने गढ़वाल डायमंड को 2-1 से हराया। अजमल के लिए राकेश और पैसोउ ने गोल किए जबकि गढ़वाल के लिए आलतू ने गोल किया।

### पंजाब कलिंगा सुपरकप के क्वार्टर फाइनल में

**भुवनेश्वर।** पंजाब एफसी ने राउंड ऑफ 16 के एकतरफा मुकाबले में ओडिशा एफसी को 3-0 से हराकर कलिंगा सुपर कप 2025 के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली हैं कलिंगा स्टेडियम में सोमवार रात खेले गये मैच में पंजाब एफसी के खिलाड़ियों ने तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओडिशा एफसी की खराब रक्षापंक्ति का फायदा उठाया। ओडिशा एफसी के कई बार गोल करने के मौके आये लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रहे। असमीर सुलजिक ने (14वें) मिनट में गोलकर पंजाब एफसी को बढ़त दिलाई। एजेकिएल विडाल ने (69वें) मिनट में गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद निहाल सुदेश ने (90वें) मिनट में गोलकर स्कोर 3-0 कर अपनी टीम की जीत पक्की कर दी।


### नजमुल शान्तो ने बंगलादेश की पारी को संभाला

**सिलहट।** कप्तान नजमुल शान्तो (नाबाद 60), मोमिनुल हक (47) और जाकेर अली (नाबाद 21) की जूझारू पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन मंगलवार को जिम्बावे के खिलाफ दूसरी पारी में स्टंप के समय चार विकेट पर 194 रन बना लिये है। बांग्लादेश ने कल के एक विकेट पर 57 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 20वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने महमुदुल हसन जॉय (33) को आउट कर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई।

## प्रसिद्ध कृष्णा को एक खिलाड़ी के रूप में बढ़ते देखना शानदार है : इयोन मोर्गन

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को आईपीएल 2025 सीजन में अब तक सबसे ज्यादा विकेट लेने के लिए पर्पल कैप हासिल करते देख खुश हैं। 198 रनों का बचाव करते हुए, कृष्णा ने अपने चार ओवरों में 2-25 के आंकड़े दिए, जबकि राशिद खान ने भी इसी तरह के आंकड़े दिए और कोलकाता नाइट राइडर्स को 20 ओवरों में 159/8 पर रोक दिया, जिससे जीटी को ईडन गार्डन्स में 39 रनों से जीत मिली। इस जीत ने उन्हें आठ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर भी पहुंचा दिया। आठ मैचों में 16 विकेट के साथ, 29 वर्षीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में अग्रणी विकेटटेकर है और दूसरे स्थान पर मौजूद कुलदीप यादव के साथ अच्छा अंतर रखते हैं , जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए सात मैचों में 12 विकेट लिए हैं।

वह इस समय पर्पल कैप होल्डर है, और उसकी लय लगातार बेहतर होती जा रही है। हम जानते हैं कि उसके पास काम करने के लिए



■ गुजरात की इस जीत ने उन्हें आठ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर भी पहुंचा दिया

अतिरिक्त गति है, लेकिन आपको खेल के मध्य चरण के दौरान उसके द्वारा लाई गई ताकत की प्रशंसा करनी होगी। एक कप्तान के रूप में, एक ऐसा तेज गेंदबाज होना जो बीच के ओवरों में इस तरह का प्रभाव डाल सके, बिल्कुल अमूल्य है। मोर्गन ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि अब वह खुद को इस साल के टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाला पाता है - वास्तव में, कुछ अंतर से, चार से। एक खिलाड़ी के तौर पर उसे बढ़ते हुए, विभिन्न प्रारूपों में विकसित होते हुए और अब राष्ट्रीय



सम्मान से भी पुरस्कृत होते हुए देखना शानदार है। यह दूसरी बार भी था जब केकेआर की बल्लेबाजी पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मात्र 112 रनों का पीछा करते हुए 16 रनों की शर्मनाक हार में ढह गई। मोर्गन ने केकेआर के प्रदर्शन और मैच में वापसी करने में उनकी असमर्थता का विश्लेषण किया, जिसके कारण गत चैंपियन को इस सीजन में लगातार दूसरी बार घरेलू हार का सामना करना पड़ा। मोर्गन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स ने उतनी अच्छी वापसी नहीं की जितनी हम उम्मीद करते थे। यह हमेशा एक मजबूत टीम के लिए एक अच्छा संकेत होता है, जिसमें बहुत सारे चरित्र होते हैं, लेकिन वे वही विफलताएं दिखाते हैं जो उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दिखाई हैं।

## शिवम दुबे ने तमिलनाडु के युवा एथलीटों को 7 लाख रुपए दान किए

**चेन्नई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मंगलवार को आयोजित तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ (टीएनएसजेए) पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह में 7 लाख रुपये दान करके तमिलनाडु के उभरते एथलीटों की मदद की है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल दुबे ने विभिन्न खेलों के 10 होनहार एथलीटों में से प्रत्येक को दिल को छू लेने वाली सरप्राइज पहल में 70,000 रुपये दिए। टीएनएसजेए ने शुरुआत में 10 एथलीटों में से प्रत्येक को उनकी उपलब्धियों और क्षमता को पहचानते हुए 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की थी। एथलीटों में पीबी अभिनंद (टेबल टेनिस), के.एस. वेनिसा श्री (तीरंदाजी), मुथुमीना वेल्लासामी (पैरा एथलेटिक्स), शमीना रियाज (स्क्वैश), एस. नंदना और जयंत आर.के. (क्रिकेट), कमली पी. (सर्फिंग), आर. अबिनया और आर.सी. जितिन अर्जुनन (एथलेटिक्स), और ए. तक्क्षंत (शतरंज) शामिल हैं। इस पहल से प्रभावित होकर दुबे ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और कहा कि यह आयोजन युवा एथलीटों के लिए वाकई उत्साहवर्धक है। ये शुरुआती उपलब्धियां उन्हें और अधिक मेहनत करने और देश को गौरवान्वित करने की प्रेरणा देती हैं।

## आईपीएल 2025 : अंबाती रायडू ने शुभमन गिल की 90 रनों की शानदार पारी को सराहा

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 90 रनों की शानदार पारी की तारीफ की। सोमवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में गिल ने 55 गेंदों में 10 चौके और 3 छक्के लगाकर 198/3 का स्कोर बनाने में अहम भूमिका निभाई। रायडू ने इसे 'शानदार बल्लेबाजी' करार दिया। इस पारी की बदौलत जीटी ने 39 रनों से जीत हासिल की। गिल ने साई सुदर्शन के साथ मिलकर 114 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसने जोस बटलर के लिए मंच तैयार किया। बटलर ने 23 गेंदों में 8 चौकों के साथ 41 रन बनाए। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने दो-दो विकेट लिए, जिससे गुजरात टाइटंस की जीत पक्की हुई। रायडू ने हॉटस्टार पर गिल की पारी का विश्लेषण करते हुए कहा कि गिल ने मुश्किल पिच पर बेहतरीन अनुकूलन दिखाया। उन्होंने बताया कि हर्षित राणा की दो वाइड गेंदों के बाद गिल ने लय पकड़ी। रायडू ने गिल के शॉट्स की



■ गिल ने पूरे मैदान में रन बनाए, जमीन के साथ शॉट खेले और समझदारी दिखाई

तारीफ की, खासकर सुनील नरेन के खिलाफ उनके स्लॉग स्वीप को। उन्होंने कहा कि यह आसान शॉट नहीं था। गिल ने पूरे मैदान में रन बनाए, जमीन के साथ शॉट खेले और समझदारी दिखाई। यह उनकी काबिलियत और मजबूत साझेदारी को दर्शाता है। धीमी पिच पर ऐसी बल्लेबाजी कमाल की है। रायडू ने साई सुदर्शन की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सुदर्शन का पारंपरिक अंदाज देखने में मजा आता है। वह गेंद की गति का इस्तेमाल करते हैं, सटीक शॉट खेलते हैं और समझदारी से बल्लेबाजी करते हैं।

## भारत एशियन योगासन चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा, 20 देशों के 170 एथलीट लेंगे हिस्सा

■ भारत सरकार योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से तैयार

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में योग को खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। भारत सरकार का युवा मामले और खेल मंत्रालय, साई और योगासन भारत मिलकर 25 से 27 अप्रैल 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन करेंगे। इस चैंपियनशिप




में 20 से अधिक एशियाई देशों के 170 एथलीट, 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच भाग लेंगे। यह आयोजन योगासन को वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। युवा मामले और खेल मंत्रालय इस दिशा में लगातार काम कर रहा है। इसी के तहत, भारत 25 से 27 अप्रैल 2025 तक दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह चैंपियनशिप नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस बारे में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में योगासन मूवमेंट के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उदित शेठ (अध्यक्ष, योगासन भारत), डॉ. संजय मालपानी (अध्यक्ष, एशियाई योगासन) और डॉ. जयदीप आर्य (महासचिव, विश्व योगासन) शामिल थे। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 25 अप्रैल 2025 को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह भारत की योगासन को एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उदित शेठ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि योगासन खेल के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम भारत में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहे हैं और अपने खेल के लिए एक वैश्विक मंच स्थापित कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय टीम को मेरी शुभकामनाएं, क्योंकि यह ऐतिहासिक क्षण प्रतिस्पर्धी खेलों में जीवन भर गूंजेगा। डॉ. संजय मालपानी ने कहा कि एथलीटों और संघों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया दिखाती है कि योगासन वैश्विक स्तर पर पहचान पाने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार का आयोजन और भी भव्य होगा।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.589 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.472 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.088 |
| 6- | मुंबई इंडियंस | 8 | 4 | 4 | 8 | +0. 483 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.633 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.392 |